सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 28.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-266 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 06 मार्च 2024
24 शाबान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




## योगी कैबिनेट में 29 प्रस्ताव मंजूर, किसानों को दिया बड़ा तोहफा

# किसानों के लिए मुफ्त बिजली

### कैबिनेट का फैसला

- 40 लाख स्मार्टफोन-टैबलेट खरीदने के लिए 4000 करोड़
- फिल्म सिटी का रास्ता साफ
- आबकारी विभाग लाएगा एकमुश्त समाधान योजना
- होमगार्ड स्वयंसेवकों का आहार भत्ता चार गुना बढ़ा
- प्रयागराज में बनेगा अति विशिष्ट अतिथि गृह




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में 29 अहम फैसलों पर मुहर लगी है। कैबिनेट से राज्य राजधानी क्षेत्र बनाने का प्रस्ताव पास हुआ. सीएसआर में 6 जिले हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली, बाराबंकी और लखनऊ को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा सरकार ने किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। किसानों के ट्यूबवेल को फ्री बिजली देने के प्रस्ताव को कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। इस निर्णय से प्रदेश के 1.5 करोड़ किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे 7 करोड़ किसानों को फायदा होगा।

योगी कैबिनेट से किसानों को लेकर कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें ट्यूबवेल के लिए मुफ्त बिजली का प्रस्ताव भी शामिल है. सरकार ने किसानों को मुफ्त बिजली देने के संबंध में आदेश जारी कर दिया है. इसके अलावा अतिवृष्टि और ओले से प्रभावित फसलों के लिए 9 राज्यों के किसानों को 23 करोड़ रुपए का मुआवाजा देने का फैसला किया गया है. इसके लिए सरकार ने एडवांस रकम मंजूर की है. इसमें बांदा, चित्रकूट, झांसी, बस्ती, जालौन, ललितपुर, महोबा, सहारनपुर और शामिल को शामिल किया गया है. आदेश के मुताबिक बांदा, शामली, झांसी और बस्ती के लिए 2-2 करोड़, चित्रकूट के लिए एक करोड़, जालौन के लिए 5 करोड़, ललितपुर, सहारनपुर और महोबा के लिए 3-3 करोड़ रुपए की रकम मंजूर की गई है। योगी कैबिनेट की बैठक में किसानों को सौगात के अलावा कई और फैसलों पर मुहर लगी. इसमें ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी से लेकर मातृभूमि अर्पण योजना तक शामिल है. चलिए आपको कैबिनेट में लिए गए बड़े फैसलों के बारे में बताते हैं. कैबिनेट की बैठक में राज्य राजधानी क्षेत्र विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली। इससें 6 जिले हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, उन्नाव, बाराबंकी और लखनऊ शामिल हैं. कैबिनेट से आयुष डीजी पद को मंजूरी मिली. सचिव स्तर के आईएएस अफसर को तैनाती मिलेगी। पीलीभीत मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज बनेगा. जबकि केजीएमयू में जनरल सर्जरी की नई बिल्डिंग बनेगी।

### नोएडा में एक्वा लाइन मेट्रो विस्तार को मंजूरी

नोएडा में एक्वा लाइन मेट्रो विस्तार को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। अब डिपो स्टेशन से एमएमटीएच बोडाकी साइट तक एक्वालाइन मेट्रो कॉरिडोर के विस्तार परियोजना की डीपीआर तैयार की जाएगी। 2.6 किलोमीटर लंबी एक्वा लाइन की अनुमानित लागत 416.34 करोड़ रुपये है। इस परियोजना की कुल लागत का 20 फीसदी केंद्र सरकार, 20 फीसदी प्रदेश सरकार देगी और शेष 60 फीसदी लोन लिया जाएगा।

### बीमा अस्पताल में मरीजों को मिलेगा अच्छा भोजन

कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में भर्ती मरीजों को प्रतिदिन मिलने वाले भोजन की दर में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अभी तक प्रति मरीज भोजन की दर 100 रुपये तय थी। महंगाई को देखते हुए इसे बढ़ाकर अब 138 रुपये कर दिया गया है। प्रदेश में 10 राज्य बीमा अस्पताल संचालित हैं। इन अस्पतालों में बीमित कर्मचारियों और श्रमिकों का मुफ्त इलाज होता है।

### पीलीभीत में नर्सिंग कॉलेज के लिए दी जाएगी भूमि



कैबिनेट ने पीलीभीत के मेडिकल कॉलेज में नए नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया है। केंद्रीय सहायतित योजना के अंतर्गत पीलीभीत में स्थापित मेडिकल कॉलेज में नए नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में निशुल्क भूमि आवंटन किए जाने का प्रस्ताव कैबिनेट के सामने पेश किया गया था।

# योगी कैबिनेट में चार नए मंत्री शामिल हुए

### मंत्रिमण्डल

- ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान, सुनील शर्मा और अनिल कुमार ने ली शपथ
- 56 मंत्रियों में 22 सामान्य, 23 पिछड़े और नौ एससी कोटे से मंत्री



**सीएम योगी ने दी बधाई**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्री पद की शपथ लेने वाले चारों नेताओं को बधाई दी है। सीएम योगी ने ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान, अनिल कुमार और सुनील शर्मा को बधाई दी। सीएम ने एक्स पर ट्वीट किया कि प्रदेश सरकार में आज मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी साथियों को हार्दिक बधाई। पूर्ण विश्वास है कि आप सभी मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारते हुए विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प की सिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आप सभी के उज्वल कार्यकाल के लिए मेरी मंगलमय शुभकामनाएं।

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार 2.0 का बहु-प्रतिक्षित मंत्रिमंडल विस्तार आखिरकार मंगलवार शाम हो गया।

राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, भाजपा के विधान परिषद सदस्य व पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान, राष्ट्रीय लोकदल के विधायक अनिल कुमार और साहिबाबाद से सर्वाधिक मतों से जीतने वाले विधायक सुनील शर्मा कैबिनेट मंत्री पद की शपथ दिलाई। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद अब योगी सरकार में दो उप मुख्यमंत्री, 22 कैबिनेट मंत्री, 14 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और 20 राज्यमंत्री सहित कुल 56 मंत्री हैं।

योगी मंत्रिमंडल का विस्तार करीब डेढ़ वर्ष से प्रतीक्षित था। जुलाई 2023 में सुभासपा के एनडीए में शामिल होने और सपा विधायक दारा सिंह चौहान के भाजपा में शामिल होने के बाद से लगातार मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें लगाई जा रही थीं। लेकिन, बीते दिनों ओमप्रकाश राजभर की ओर से राजपाठ न मिलने पर होली नहीं मनाने के एलान के बाद भाजपा नेतृत्व हरकत में आया और मंत्रिमंडल विस्तार की तारीख तय कर दी। योगी मंत्रिमंडल में 4 जाटव, एक कोरी, एक खटीक, एक पासी, एक धोबी और वाल्मीकि समाज से एक मंत्री हैं।

## संदेशखाली में कलकत्ता हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# शाहजहां शेख का केस सीबीआई को

### आरोप

- सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला
- सुप्रीम कोर्ट में अपील के कारण नहीं सौंपी कस्टडी



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस नेताओं पर प्रवर्तन निदेशालय की टीम को निशाना बनाने का आरोप लगा है। शाहजहां शेख पश्चिम बंगाल पुलिस की गिरफ्त में है। हालांकि, कलकत्ता हाईकोर्ट ने अब जांच को केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपने का आदेश पारित किया है। मंगलवार को पारित आदेश में अदालत ने यह निर्देश भी दिया कि टीएमसी नेता शाजहां शेख की हिरासत अब केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाए।

बता दें कि ईडी की टीम पर हमले के आरोपी शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस ने 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ ममता सरकार सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी कर रही है। सुप्रीम कोर्ट में अपील के बारे में समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से सीनियर वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने शीर्ष अदालत की पीठ में मामले का उल्लेख किया। शीर्ष अदालत की पीठ ने सिंघवी को इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार से संपर्क करने का निर्देश दिया। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई की कोई तारीख मुकर्रर नहीं की है। ईडी की अपील थी की जांच सीबीआई को सौंपी जाए, जबकि राज्य सरकार ने अपील की थी कि केवल पश्चिम बंगाल पुलिस ही पूरे मामले की जांच करे। एकल पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि 17 जनवरी को ईडी अधिकारियों की टीम पर भीड़ की तरफ से हमला मामले में जांच के लिए सीबआई और राज्य पुलिस की संयुक्त विशेष टीम (एसआईटी) गठित करने का निर्देश दिया था।

### कठघरे में ममता बनर्जी की सरकार

गौरतलब है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल पुलिस ने टीएमसी नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार किया था। महिलाओं के साथ कथित यौन अत्याचार और संदेशखाली में जमीन हड़पने के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की गिरफ्तारी 55 दिन हुई है। पश्चिम बंगाल भाजपा और केंद्रीय नेतृत्व ने भी इस मामले में प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार को कठघरे में खड़ा किया है।

# डेढ़ घंटे तक ठप रहा मेटा का सर्वर

### परेशानी

- फेसबुक-इंस्टाग्राम और थ्रेड के अकाउंट्स खुद हुए लॉगआउट



**नई दिल्ली।** मेटा का सर्वर मंगलवार शाम डाउन हो गया। इस दौरान फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड के यूजर्स को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसका असर भारत समेत दुनिया के कई देशों में देखने को मिला। इस दौरान यूजर्स का अकाउंट अपने आप ही लॉगआउट हो गया। इसके बाद उन्हें लॉगिन करने में समस्या आती रही। करीब डेढ़ घंटे तक यह आउटेज जारी रही।

मेटा के प्रवक्ता एंडी स्टोन ने ट्वीट किया कि हम जानते हैं कि लोगों को हमारी सेवाओं तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। हम अभी इस पर काम कर रहे हैं। हालांकि, व्हाट्सएप पर इसका कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। लॉगिन का प्रयास करने पर लोगों के मेल पर ओटीपी जाने की बात कही जा रही है, लेकिन व्यक्तिगत डीटेल का ब्योरा भी गलत दिखा रहा है। डाउन डिटेक्टर के मुताबिक, परेशानी रात साढ़े आठ बजे के बाद शुरू हुई, जो अब तक जारी है। कंपनी की ओर से अब तक कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

### योगी सरकार की बड़ी कार्रवाई, भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष को हटाया

**लखनऊ।** सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले में राज्य सरकार ने भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा को हटा दिया है। उन्हें फिलहाल प्रतीक्षारत रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक लिखित परीक्षा का प्रश्न पत्र छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस का गलत चयन, एफआईआर कराने में हीलाहवाली और बोर्ड की आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट देने में देरी की वजह से उनको हटाने का फैसला लिया गया है। वहीं दूसरी ओर डीजी विजिलेंस राजीव कृष्णा पर राज्य सरकार ने भरोसा जताते हुए उनको भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष पद की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। सूत्रों की मानें तो पेपर लीक मामले की जांच कर रही एसटीएफ जल्द ही प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा सकती है। अब तक हुई जांच में प्रिंटिंग प्रेस से ही पेपर लीक होने के प्रमाण मिल रहे हैं।




# गोवंश सुपुर्दगी के लिए चल रहा है 10 दिवसीय विशेष अभियान

अवधनामा, संवाददाता।

**लखीमपुर खीरी।** निराश्रित गोवंश के संरक्षण के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजना के तहत शासन के निर्देश पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की मार्गदर्शन एवं सीडीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद खीरी में सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 10 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा। मंगलवार को मितौली विकास क्षेत्र की सिरसा गौ आश्रय स्थल में नागरिकों को प्रेरित करते हुए 15 व्यक्तियों को 20 गाय गोवंश सुपुर्द की गई।

नकहा ब्लाक में खंड विकास अधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी की अगुवाई में कुल 60 गोवंश सुपुर्दगी में दिए गए। विकास खण्ड ईसानगर क्षेत्र अंतर्गत अस्थायी गौ आश्रय स्थल महरिया में ग्राम सचिव और प्रधान की अगुवाई में विशेष अभियान के तहत सुपुर्दगी योजना में गोवंश दिए गए।

प्रशासन सुपुर्दगी योजना के तहत न केवल लोगों को जागरुक कर रहा है बल्कि इसके फायदे बात कर



निराश्रित गोवंश पालने वालों को बड़ा उपहार

## 50 रुपये प्रतिदिन मिलेगी पशुओं के भरण-पोषण की धनराशि:डीएम

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रशासन जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सभी गौ आश्रय स्थलों के समुचित रख रखाव एवं निराश्रित-बेसहारा गोवंश के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। यह कार्य शासन की शीर्ष प्राथमिकता का कार्य है, जिसमें अधिकारियों- कर्मचारियों की पूर्ण गंभीरता अपेक्षित है। निराश्रित गोवंशों के संरक्षण के लिए शासन द्वारा मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजना भी संचालित है, जिसके तहत इच्छुक व्यक्तियोंए पशुपालकों को गो आश्रय स्थल से अधिकतम 04 गोवंश सुपुर्दगी में दिए जाने की व्यवस्था है। उक्त के साथ ही साथ सुपुर्दगी में लिए गोवंश से संबन्धित लाभार्थियों को भरण-पोषण हेतु प्रति गोवंश रू० 50/- प्रतिदिन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री निराश्रित.बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना में प्रति दिन प्रति गोवंश के हिसाब से पशुपालक को 50 रुपये की धनराशि डीबीटी के जरिए उसके खाते में दी जाएगी। योजना अंतर्गत एक व्यक्ति को अधिकतम चार गोवंश पालने के लिए मिलेंगे। इन पशुओं में ईयर टैग अनिवार्य होगा।

निराश्रित गवांशु निराश्रित गोवंशों को सुपुर्दगी में दे रहा। बताते चले कि विशेष अभियान के दौरान जिले की सभी 15 विकास खण्डों में तैनात पंचायत सचिवों के माध्यम से मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजना के प्रति ग्रामीणों को भलीभाँति जागरूक किया गया।

इस दौरान यह भी जागरूक किया गया कि गोवंश को निराश्रित नही छोड़ा जाए। पंचायत सचिवों द्वारा क्षेत्रवासियों को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजनान्तर्गत सुपुर्दगी में प्राप्त निराश्रित गोवंश के भरण.पोषण हेतु प्रति गोवंश रू0 50/. प्रतिदिन दिए जा रहे हैं।

# हत्या के मामले का सफल अनावरण करते हुए आरोपियो को किया गया गिरफ्तार

अवधनामा, संवाददाता।

**मोहम्मदी खीरी।** कोतवाली मोहम्मदी पुलिस द्वारा हत्या के मामले का सफल अनावरण करते हुए आरोपियो को किया गया गिरफ्तार पुवांया बैरियर पान के खोखे के पास से शातिर अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया है दिनांक 10/02/2024 को रात्रि मे अज्ञात व्यक्ति द्वारा ग्राम मोहम्मदपुर कामी के रामबरन यादव की ग्राम बौआ के आगे पुलिया के पास छुरी से गला काटकर हत्या की थी। जिसके सम्बन्ध में थाना मोहम्मदी पर अज्ञात अभियुक्तगणो के विरुद्ध थाना मोहम्मदी पर मु0अ0स0 92/2024 धारा 302 भादवि पंजीकृत कर घटना का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आये अभियुक्तगण मनोज पुत्र रामगुलाम निवासी गुदनी मजरा थाना पुवायां जनपद शाहजहांपुर हाल पता वीपीराज का ममेरा भाई ग्राम बौआ थाना मोहम्मदी पंकज राज पुत्र लोकराम निवासी लौकीखेड़ा थाना मोहम्मदी को पुवांया बैरियर पान के खोखे के पास से गिरफ्तार किया गया अभियुक्तगणों से घटना में प्रयुक्त एक अदद आलाकत्ल छुरी बरामद की गयी है। अभियुक्तगण उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।




## फीता काटकर किया शुभारंभ

अवधनामा, संवाददाता।

**लखीमपुर खीरी।** ब्लाक सभागार में मितौली आकांक्षा पेंटी का विमोचन कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनूए जिला भाजपा मन्त्री ब्रजेश सिंहए की मौजूदगी में फीता काटकर शुभारंभ किया गया



## एक दिवसीय रोजगार मेला आज

**लखीमपुर खीरी।** 05 जिला सेवायोजन कार्यालयध्मॉडल कॅरियर सेन्टर राजापुर लखीमपुर खीरी द्वारा शासन के निर्देशानुसार 06 मार्च को जिला सेवायोजन कार्यालयए राजापुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी साक्षी डागुर ने दी।उन्होंने बताया कि मेले में निजी क्षेत्र की कई कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही।

उक्त रोजगार मेले में सभी शैक्षिक योग्यता के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। निजी क्षेत्र की कम्पनियों का विवरण सेवायोजन एवं एनसीएस पोर्टल पर उपलब्ध हैए आप सेवायोजन पोर्टल (sewayojan.up.nic.in) पर अपनी योग्यता अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी उक्त तिथि को अपने बॉयोडाटा के साथ जिला सेवायोजन कार्यालयए राजापुर लखीरी में प्रातः 10 बजे उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते हैं। उक्त रोजगार मेले में कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया निःशुल्क रहेगी।

# उड़नदस्ता, निगरानी, वीडिया सर्विलांस, वीडियो अवलोकन टीमों को मिला प्रशिक्षण

अवधनामा, संवाददाता।

**लखीमपुर खीरी।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निर्विघ्न एवं निष्पक्ष संपन्न करने के उद्देश्य से निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल के लिये जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर जिले में गठित उड़न दस्ता, स्थैतिक निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, लेखा टीम, वीडियो निगरनी टीम, मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रम वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।प्रशिक्षण में वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय ने निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने को विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों को प्रशिक्षित किया। निर्वाचन के दौरान उत्पन्न होने वाली चुनौतियों पर बारीकियां भी बताई। चुनाव से संबंधित विभिन्न एप संचालन को बताया। निर्वाचन में अवरोध उत्पन्न करने वाले परिवहन, वस्तुओं का ट्रांसपोर्टेशन, ड्रग विभाग, आबकारी विभाग, वन विभाग आदि के दायित्व के बारे में भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि हर एक केस का क्या फॉरमेट है, क्या विवरण अंकित करना है आदि का प्रशिक्षण दिया गया, संदेहास्पद वस्तुओं को पकड़ने व सीज करने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। बैंक खातों पर निगरानी कैसी की जाएगी, सतर्कता कैसे रखी जायेगी आदि पर जानकारी प्रदान की गई। निर्वाचन में आने वाली चुनौतियों व सन्देह को प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में उड़न दस्ता, स्थायी निगरानी, वीडियो सर्विलांस, वीडियो अवलोकन आदि टीम के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया, जिसमें सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के कर्तव्यों व जवाबदेही को प्रशिक्षण के माध्यम से निश्चित किया गया।



# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार को प्रचार वाहन रवाना

अवधनामा, संवाददाता।

**सहारनपुर।** जनपद न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी के मार्गदर्शन में 05, 06 एवं 07 मार्च को पैटी ऑफेन्स की विशेष लोक अदालत एवं 09 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सहारनपुर एवं जनपद की समस्त तहसीलों में किया जाएगा। जिसके तहत आज न्यायिक अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नरेन्द्र कुमार, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, संजय कुमार, अपर जिला जज प्रथम, ललित नारायण झा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता एवं सचिव निशांत त्यागी ने दीवानी कचहरी से हरी झडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया।

अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत शाश्वत पाण्डेय एव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज भूपेन्द्र प्रताप ने बताया कि यह प्रचार वैन जनपद के सभी गांवों तहसीलों एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में दो दिन तक आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में एवं विभिन्न कानूनों के बारे में जनता को जागरूक करेगी। इस जागरूकता व प्रचार प्रसार के कार्य में पीएलवी को नामित किया गया है। निसन्देह इसके अच्छे परिणाम राष्ट्रीय लोक अदालत के समय देखने को मिलेगें। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम के वाद, तलाक के प्रकरण को छोडकर वैवाहिक वाद, लघु शमनीय वाद, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के वाद, एनआईएक्ट के वाद, दीवानी वाद, विद्युत अधिनियम के वाद, एमवीएक्ट व टेऊफिक्र ई-चालान के वाद, भूराजस्व के वाद, केवल जनपद न्यायालय में लम्बित बैंको के लोन सम्बन्धित विवाद, प्रशासन के वाद आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जायेंगे। राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मार्च 2024 के सम्बन्ध में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नरेन्द्र कुमार, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, संजय कुमार, अपर जिला जज प्रथम, ललित नारायण झा, बार एसोसियेशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता एवं सचिव निशांत त्यागी ने भी अपने अपने विचार रखें। इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कोर्टस स्टाफ एवं अधिवक्तगण उपस्थित रहें।


दीवानी कचहरी से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते न्यायिक अधिकारी

# इंडियन हर्ब्स कम्पनी के चेयरमैन स्व.सुशील अग्रवाल की 75वीं जयंती मनायी

**अग्रसैन चैरिटेबल डायग्नोजिस्टिक एंड हैल्थ केयर सैंटर का नाम किया परिवर्तित**

**सहारनपुर।** इण्डियन हर्ब्स कम्पनी के चेयरमैन स्व.सुशील अग्रवाल की 75वीं जयंती पर जनपद के रोगियों की सुविधा के लिए अग्रसैन चैरिटेबल डायग्नोजिस्टिक एंड हैल्थ केयर सैंटर का नाम परिवर्तित कर सुशील अग्रवाल कर उसका आज लोकार्पण किया गया। इंडियन हर्ब्स स्पेशलिटीज लिमिटेड के चेयरमैन स्व.सुशील अग्रवाल की समाज सेवा कार्यो की कड़ी में कम्पनी निदेशक विपुल अग्रवाल व गौरव अग्रवाल ने अपने पिता के आदर्शो के अनुरूप पंचकुला में चल रहे अग्रसैन चैरिटेबल डायग्नोजिस्टिक एंड हैल्थ केयर सैंटर का नाम बदलकर कर सुशील अग्रवाल रख दिया है, जहां पर एक्सरे, एमआरआई, सिटी स्कैन की सुविधा दी जाती है। इस सैंटर पर जनपद से जाने वाले रोगियों को अत्याधिक सस्ती दरों पर यह सुविधा प्रदान की जाती है। आज पूर्व सेनाध्यक्ष जरनल वीपी मलिक, श्रीमती रजना मलिक ने इसका लोकार्पण किया। इस अवसर पर सैंटर के सत प्रकाश अग्रवाल, जगमोहन गर्ग, अशोक जिंदल, अरूण सिंघल, इंडियन हर्ब्स कम्पनी के निदेशक सुधाकर अग्रवाल, राघव अग्रवाल एवं समस्त स्टॉफ व सदस्य मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव का बजा बिगुल

अवधनामा, संवाददाता।

**गोंडा ।** राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा के साथ राष्ट्रवाद की प्रबल विचारधारा बल पर आत्मनिर्भर विकसित राष्ट्र की कल्पना का सपना देखने वाले पं दीनदयाल उपाध्याय ने अन्त्योदय का सूत्र सुझाया था उसको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार करने का काम किया है इसी काम को और अधिक मजबूत बनाने के लिये 2024 लोकसभा चुनाव मे मोदी के हाथो कोमजबूत करना होगा इसके लिए गांव के गली चोराहे मोहल्ले मे संकल्प बाक्स रखकर लोगों के विचारों का संग्रह करेगा। उक्त बातें पूर्व समाजकल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने मंगलवार को अपने नगरपालिका नवाबगंज के पडाव मुहल्ले स्थित आवास पर प्रेसवार्ता कर बताया।

लोकसभा चुनावों का बिगुल बज चुका है हर दल के नेता और कार्यकर्ता अपने अपनेदलो की काम और योजनाओं को बताकर जनता केबीच जा रहे हैं। मंगलवार को मनकापुर भाजपा विधायक रमापति शास्त्री जो पूर्व मे समाज कल्याण मंत्री रह चुके हैं उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बताने के लिए नगरपालिका के पडाव मुहल्ले पर एक प्रेसवार्ता जारी कर लोगों से मोदी सरकार के लिए समर्थन मांगा वही केन्द्र सरकार की जनोपयोगी नितियो को बताया। प्रेसवार्ता दौरान उन्होंने कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय योजना के साथ अंतिम पायदान के लोगों के लिए जहा काम को सोचा था वही उन्होंने राष्ट्र वाद राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रति उपाध्याय जीके सपनो को मोदी ने साकार किया है और निरंतर विकास कीदिशा मे काम कर रहे इन सब कामो मे निरंतर गति मिले इसके लिए मोदी सरकार को 2024 के लिए समर्थन भी मांगा।

पार्टी आज से गांव गलियों चौराहों मोहल्ले मे संकल्प बाक्स रखकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए लोगों के विचारो का संग्रह करेगी। इस मौके पर भाजपा विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दुबे बाबूलाल शास्त्री रवि श्रीवास्तव राजेश गुप्ता पिंकू शुक्ला आनंद दुबे अखिलेश त्रिपाठी चंदन श्रीवास्तव रामचरन साहू विनोद तिवारी राहुल तिवारी अनूप सिंह सहित तमाम पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हुई घटना के विरोध में अभाविप ने किया प्रदर्शन



जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते अभाविप कार्यकर्ता

अवधनामा, संवाददाता।

**राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा**

**सहारनपुर।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हुई घटना के विरोध में विभिन्न संगठनों का विरोध प्रदर्शनों का दौर आज भी जारी रहा। मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पश्चिम बंगाल में महिला उत्पीड़न के विरोध में प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को सम्बोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए दोषियो के खिलाफकड़ी से कड़ी कारवाई किये जाने की मांग की।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महानगर मंत्री ऋषभ त्यागी के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने पश्चिम बंगाल में महिला उत्पीड़न के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। महानगर मंत्री ऋषभ त्यागी ने आरोप लगाते हुए बताया कि विगत् कुछ वर्षो से पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले के संदेशखाली क्षेत्र की महिलाओं एवं उनके परिवारों पर सुनियोजित अत्याचार राज्य सरकार द्वारा संरक्षित अपराधियों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने संदेशखाली में हुई घटना के विरोध में प्रदर्शन कर राज्य सरकार की संलिप्तता को ध्यान में रखते हुए संदेशखाली के पूरे प्रकरण की उच्च-स्तरीय जांच केंद्रीय एजेंसियों द्वारा कराये जाने और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई किए जाने, संदेशखाली की महिलाओं के ऊपर हो रही हिंसा एवं उनकी सामूहिक अस्मिता के हनन पर अविलम्ब अंकुश लगाये जाने, वर्षो के मानसिक शोषण से धीरे-धीरे उबरने हेतु इन महिलाओं को मनोचिकित्सकों द्वारा परामर्श की भी सुविधा प्रदान किये जाने व भय मुक्त संदेशखाली बनाने में केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति की जायें, ताकि परिवारों के पलायन पर विराम लगाया जा सकें।

ज्ञापन देने वालों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री दिवाकर, महानगर सह मंत्री आशु, महानगर सह मंत्री अनस समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिकायतों का तुरंत कराया समाधान

**जनसुनवाई में की गयी पांच शिकायतों की सुनवाई**

अवधनामा, संवाददाता।

**सहारनपुर।** आज जनसुनवाई संभव में अपर नगरायुक्त राजेश यादव द्वारा पांच शिकायतों की सुनवाई की गयी। जिनमें से दो का तत्काल निस्तारण कराया गया। शेष तीन शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

आज जनसुनवाई में वार्ड 27 रसूलपुर के मकसूद ने रसूलपुर में पानी की पाइप लाइन ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने अवर अभियंता जलकल को उक्त स्थल पर भेजकर अविलंब पानी की पाइप लाइन ठीक करायी। वार्ड 22 गांधी भीष्मनगर के अशोक कुमार ने अपने वार्ड की कुछ नालियों में साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। अपर नगरायुक्त द्वारा सफाई निरीक्षक भेजकर तुरंत सफाई करायी गयी। वार्ड 63 राजपूत कॉलोनी मौ. फुरकान ने अपना हाउस टैक्स ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर अपर नगरायुक्त ने सम्बंधित राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिए कि सम्बंधित भवन का निरीक्षण कर कार्रवाई कराएं। इसके अलावा वार्ड 43 के सरफराज साबरी ने स्ट्रीट लाइट लगवाने तथा वार्ड 8 रमजानपुरा के इस्तेखार ने स्ट्रीट लाइट ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर अधिकारियों ने बताया कि स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य ईईएसएल कंपनी द्वारा किया जा रहा है।

उक्त कंपनी के इंजीनियर को उनकी समस्या से अवगत करा दिया गया है। जल्दी ही स्ट्रीट लाइट लगवा दी जायेगी। जनसुनवाई के दौरान अपर नगरायुक्त एस के तिवारी व मृत्युंजय तथा अन्य सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



नगर निगम में जनसुनवाई करते अपर नगरायुक्त राजेश यादव

## नील गाय से बाईक टकरायी, चालक की मौत, एक गंभीर

**सहारनपुर, संवाददाता।** गागलहेड़ी-मुजफ्फरनगर स्टेट हाईवे पर सीडकी ओवर ब्रिज के निकट एक नील गाय से बाइक टकराने पर चालक की मौके पर ही मौत हो गई तथा पीछे बैठा एक युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को नागल अस्पताल भिजवाया हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया और मौके पर पहुंचे परिजनों के आग्रह पर मृतक के शव का पंचनामा भरकर बिना किसी कानूनी कार्रवाई के परिजनों को सौंप दिया। सोमवार को गांव पहाड़पुर निवासी 28 वर्षीय शोएब पुत्र इलियास अपने पड़ोस के रहने वाले सोनू उर्फ कौशर के साथ अपनी बाइक से किसी काम के लिए गागलहेड़ी की और गया था वापस लौटते समय करीब 9 बजे रात्रि जब वह सीडकी स्थित स्टेट हाईवे के फ्लावर के निकट पहुंचे तो उनकी बाइक के सामने अचानक एक नीलगाय आने से भिड़ंत हो गई घटना में बाइक चालक शोएब की मौके पर ही मौत हो गई और सोनू उर्फकौशर गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की जानकारी जैसे ही उनके परिजनों को पहुंची तो सभी घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े और गांव में मातम छा गया तथा परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था बताया जा रहा है कि मृतक अपने पीछे एक बेटी छोड़ गया है। अतिरिक्त थाना प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी ने बताया कि घटना में शोएब की मौके पर ही मौत हो गई थी परिजनों के आग्रह पर शव का पंचनामा भरकर बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को स्वजनों को सौंप दिया है।

# चुनावी बॉन्ड की जानकारी टालने की कोशिश करने पर कांग्रेसी भड़के

अवधनामा, संवाददाता।

**एसबीआई के बाहर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर किया प्रदर्शन**

**सहारनपुर।** स्टेट बैंक द्वारा चुनावी बाण्ड की जानकारी टालने को हो रहे प्रयासों के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र व्यापी आंदोलन के तहत एसबीआई की मुख्य शाखा के बाहर विरोध प्रदर्शन कर चुनावी बाण्ड को सार्वजनिक किए जाने की मांग की। आज देश प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता कोर्ट रोड स्थित एसबीआई की मुख्य शाखा पर पहुंचे और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद चुनावी बाण्ड की जानकारी सार्वजनिक करने में बैंक द्वारा की जा रही अनाकानी के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया।युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद एसबीआई द्वारा चुनावी बांड की जानकारी को सार्वजनिक न करना देश के सर्वोच्च न्यायालय व लोकतंत्र का सरासर अपमान है। बैंक प्रबंधन द्वारा सरकार के इशारे पर उठाया गया यह कदम भाजपा की लोकतंत्र कमजोर करने की साजिश का एक अभिन्न हिस्सा है। गौरव वर्मा ने कहा कि मोदी सरकार अपनी पोल खुलने के डर से चुनावी बांड की जानकारी को सार्वजनिक नहीं करना चाहती, क्योंकि इस जानकारी से यह सार्वजनिक हो जाएगा कि कब और किस औद्योगिक घराने ने अपने किस काम के बदले भाजपा के खजाने को भरने का काम किया है। महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा व पूर्व पार्षद सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू ने इसे बैंक और भाजपा सरकार की मिली भगत करार देते हुए इस देश के लोकतंत्र के साथ धोखा बताया। जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा व जिला उपाध्यक्ष मनीष त्यागी ने शर्मा ने चुनावी बांड को आजाद भारत का ऐसा सबसे बड़ा मामला बताया, जिसने देश की राजनीति में धनबल के दम पर चुनी हुई सरकारों को गिराने का मार्ग प्रशस्त किया जा सकें और इसे भाजपा संभव कर दिखाया। प्रदर्शनकारियों में जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी मनीष त्यागी, हरिओम मिश्रा, मुनीश सहगल, मधु सहगल, संदीप डबरे, दीपक सैनी, सचिन कुमार, गौतम, अक्षय, राजन, राजीव बत्रा, प्रवेश सैनी, हिमांशु सैनी, सागर सैनी, सोनू, अमजद, नौशाद, रवि कुमार, अशोक वर्मा, प्रभजीत सिंह, राकेश वर्मा आदि शामिल रहे।



# कृष्ण सुदामा की मित्रता दुनिया को संदेश : देवानंद

अवधनामा संवाददाता



कथा का रसपान कराते पंडित देवानंद

**बोदरवार, कुशीनगर।** विकास खंड कसानगंज के शेखपुरवा ग्राम सभा में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के आठवें दिन कथावाचक देवानंद ने कथा का रसपान कराते हुए कहा दुनिया में मित्रता देखनी हैं तो कृष्ण और सुदामा का देखिए। एक झोपड़ी का मालिक तो महलों का राजा। लेकिन दोनों में एक जहां सदैव सबकुछ समर्पित को तैयार वही दूसरों के अन्दर लेश मात्र का लालच नही।

संदीपनी गुरु के वहां शिक्षा ग्रहण करने प्रभु गए तो सुदामा से मिलन होता है। इतनी गहरी दोस्ती हुई कि दुनिया में मिसाल बन गई। एक दिन सुदामा जब जंगलों में लकड़ी लेने जा रहे थे तो गुरु माता ने कुछ खाने को दिया। पता है वह क्या था श्रापित चना लेकिन जैसे सुदामा के हाथ में आया सुदामा जी ब्राह्मण हैं। ज्ञानी हैं और ब्रह्म को जानने वाले हैं। चना हाथ में आते ही सब कुछ जान लिया। परन्तु गुरु माता का आदेश था कि सुदामा आप और कृष्ण दोनों खा लेना लेकिन सुदामा ने मन में विचार किया कि जो ये चना खाएगा वह गरीब हो जाएगा। सुदामा ने निश्चय किया मैं स्वयं गरीब हो जाऊंगा। लेकिन अपने मित्र कृष्ण को गरीब होने नहीं दूंगा, जंगल में पेड़ पर श्रीकृष्ण चढ़ गए सुदामा जी को मौका मिल गया चना खाने लगे।कृष्ण ने कहा कैसी आवाज आ रही है। तो सुदामा ने बहाना बना दिया मौसम खराब हैं। ठंड के मारे मेरे दांत बज रहे हैं। सुदामा श्रापित चना अकेले खा गए और गरीब हो गए, लेकिन अपने मित्र को गरीब होने नहीं दिया। क्यों क्योंकि ,जे न मित्र दुःख होई दुखारी श्रीकृष्ण मन ही मन रो रहे हैं। कितना मुझसे प्रेम करता हैं जब सुदामा द्वारिका पहुंचें तो श्रीकृष्ण ने कुछ नहीं दिया। लेकिन जैसे घर आए तो सब कुछ पा गए। सुदामा लेना नहीं चाहते घर छोड़कर जाने लगे तो कृष्ण ने कहा मैं आपको नहीं दे रहा हूं। सुशीला भाभी को दे रहा हूं। इस धन से आप असहाय लोगों की सेवा करना। मित्रता ऐसी होनी चाहिए कि आप मित्र के दुख सुख में सम्मिलित होते रहे। मित्रता का निर्वहन करते रहें।

## हत्या से सम्बन्धित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया।** खुखुन्दू क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भरौली के पास हुई हत्या के सम्बन्ध में थाना खुखुन्दू पर वादी प्रियांशु मिश्र पुत्र अशोक मिश्र के तहरीर पर अभियोग 05 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत करते हुए विवेचना प्रभारी निरीक्षक कोतवाली द्वारा की जा रही है। विवेचना के क्रम में नामजद एवं प्रकाश में आये 05 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा चुका है। इसी क्रम में 5 मार्च को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मय हमराह कर्मचारी गण द्वारा मुखबिर की सूचना पर देवरिया सलेमपुर मार्ग निरंकारी भवन के पास से उपरोक्त अभियोग में नामजद वांछित अभियुक्तगण कौशलेस नाथ मिश्र पुत्र स्व0 काशीनाथ मिश्र निवासी परसिया मिश्र थाना खुखुन्दू जनपद देवरिया व अतुल कुमार मिश्र पुत्र कौशलेस नाथ मिश्र निवासी परसिया मिश्र थाना खुखुन्दू जनपद देवरिया को गिरफ्तार करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा थाना कोतवाली जनपद देवरिया सूरज मौर्या थाना कोतवाली जनपद देवरिया अविनाश कुमार सिंह थाना कोतवाली जनपद देवरिया विकास थाना कोतवाली जनपद देवरिया प्रमिला राव थाना कोतवाली जनपद देवरिया।

# कार्यकर्ता साथियों की बदौलत फिर खिलेगा कमल : सांसद



अवधनामा संवाददाता

**कार्यकर्ताओं का सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात : जगदम्बिका पाल**

**सिद्धार्थनगर।** त्यागी तपस्वी राष्ट्रवादी कार्यकर्ता साथियों की बदौलत लोकसभा डुमरियागंज में फिर खिलेगा कमल और मोदी का सपना होगा साकार। कार्यकर्ताओं का सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात। ईश्वर यह अवसर मुझे बार बार दें यही ईश्वर से प्रार्थना है।

उक्त विचार सांसद जगदम्बिका पाल ने बांसी देहात व बांसी नगर मंडल में आयोजित बूथ अध्यक्षों के सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा की भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए सदैव कार्य करता है। नरेंद्र मोदी की सरकार को लाने में कार्यकर्ताओं ने तन मन धन सब एक कर दिया था तब कांग्रेस मुक्त भारत बन सका। जगदम्बिका पाल ने कहा की कार्यकर्ताओं का सम्मान हमारे लिए ऐतिहासिक पल है। भारत विकसित हो कार्यकर्ताओं का योगदान अतुलनीय है, संगठन के हर कार्यो को गाँवों तक आम जन मानस के बीच प्रचारित कर पुनः नरेंद्र मोदी को भारत का प्रधानमंत्री देखना चाहता है। कार्यकर्ता सम्मान समारोह को लोकसभा संयोजक राम कुमार कुँवर, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला समन्वयक सभांजीत धर द्विवेदी, बांसी विधानसभा संयोजक दिलीप चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम स्नेही निशाद पूर्व चेयरमैन अजय उर्फ़ अज्जू श्रीवास्तव, नंद कुमार वर्मा, विष्णु जायसवाल, पूर्व प्राचार्य कालिका त्रिपाठी , बजरंगी वर्मा ने भी सम्बोधित किया।

## सांसद व विधायक ने किया शिलान्यास व लोकार्पण

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शोहरतगढ़ तहसील परिसर में मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के गांवों में विभिन्न परियोजनाओं के अन्तर्गत 22 सड़कों का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विधानसभा शोहरतगढ़ क्षेत्र की सूरत बदलने की कोशिश अभी जारी रहेगी।



शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 76 करोड़ की 22 सड़को का सांसद जगदंबिका पाल व विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने किया शिलान्यास/ लोकार्पण किया।

# शौच करने गई बुजुर्ग महिला को खूंखार भैंसा ने किया हमला, मौत

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा जंगल नौगावा निवासी एक बुजुर्ग महिला मंगलवार की भोर में शौच करने गई उसी दौरान एक खूंखार भैंसा ने हमला कर दिया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलवस्था में परिजन जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया।



मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी सुभावती देवी पत्नी परसन निषाद उम्र 66 वर्ष मंगलवार की भोर में गांव से बाहर शौच करने गई थी। उसी दौरान एक खूंखार भैंसा ने हमला कर जख्मी कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर परिजन मौके से पहुंच गए और उक्त बुजुर्ग महिला को जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने जांचोपरांत मृत्यु घोषित कर दिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि खोभारी कुशवाहा ने बताया कि पूर्व में भी आवारा पशुओं का आतंक था जिसको लेकर संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी गई परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई और आज इस प्रकार की घटना सामने आई है। वही ग्रामीणों ने बताया कि आवारा पशुओं से सब लोग परेशान हैं। इस संबंध में उपजिलाधिकारी तमकुहीराज विकाश चंद्र ने इस मामले को जल्द दिखवाने की बात कही।

### कलेक्ट्रेट सभागार में ज़िलाधिकारी द्वारा बुलाई गई राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक

# आईजीआरएस के प्रकरणों के सम्बंध में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कलेक्ट्रेट सभागार में ज़िलाधिकारी श्री सूर्य पाल गंगवार द्वारा राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की लेखपालों के लिए साप्ताहिक बैठक का सिस्टमैटिक एजेंडा जारी किया जाए और उसका कार्यवृत्त भी जारी किया जाए। साथ ही निर्देश दिए गए की जिन लेखपालों द्वारा कार्यों में शिथिलता पाई जाती है उनके विरुद्ध शो कॉस जारी किया जाए और स्थिति में सुधार न होने पर कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए।

उक्त के बाद जिलाधिकारी द्वारा एंटी भू माफिया अभियान की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बताया गया की जिन क्षेत्रों में प्लाटिंग हो रही है। उसके संबंध में पूर्व में भी निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया की इस माह एंटी भू माफिया अभियान का लक्ष्य है की प्रत्येक तहसील में कहा कहा प्लाटिंग हो रही है उसकी सूचना बनवाई जाए। अगर कोई व्यक्ति प्लाटिंग कर रहा है, तो उसका लेआउट और मानचित्र पास होना और आईजीआरएस में पंजीकृत होना अनिवार्य है। इन मानकों को पूरा नहीं करने वाले डेवलपर को चिन्हित किया जाए। सभी अधिकारी पूरे मनोयोग से अवैध कालोनियों को बसने से रोके। साथ ही निर्देश दिया की जिन क्षेत्रों में प्लाटिंग हो रही है उनमें जहां भी सरकारी भूमिया है वहा पर सरकारी भूमियों का बोर्ड लगाकर उनको सुरक्षित किया जाए और अगर किसी डेवलपर द्वारा सरकारी भूमि पर प्लाटिंग की जा रही है तो उसके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही की जाए। अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा बताया गया की अभी तक 80 भू माफियाओं को चिन्हित किया जा चुका है। उक्त के बाद बैठक में ज़िलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस व मुख्यमंत्री संदर्भ के तहत ऑनलाइन प्राप्त होने वाले प्रकरणों की समीक्षा से की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि आईजीआरएस प्रकरणों के सभी निस्तारण गुणवत्तापूर्ण हो। निस्तारण करते समय यदि आवश्यकता हो तो अपर ज़िलाधिकारियों से निस्तारण के सम्बन्ध में मार्गदर्शन प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाए। ढ्ढत्रक्र्र के प्रकरणों के सम्बंध में किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नही किया जाएगा। आईजीआरएस के प्रकरणों में यदि कोई भी अनियमितता पाई जाती है तो कार्यवाही निश्चित है।

## राज्यमंत्री ने छात्रों को स्मार्टफोन व टैबलेट बांटे



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** सलेमपुर के श्रीरैनाथ ब्रह्मदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय पर राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने छात्रों को स्मार्टफोन व टैबलेट का वितरण किया। राज्यमंत्री ने कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने छात्राओं को जो वादा किया था कि स्मार्ट फोन और टैबलेट दिया जायेगा। उसी के तहत छात्रों को स्मार्ट फोन व टैबलेट का वितरण किया गया है। बच्चे अब डिजिटल के माध्यम से अपनी पढ़ाई कर और आगे बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्र-छात्राओं को डिजिटल युग से जोड़ने की जो पहल की है। जो बेहद सराहनीय है। आज केंद्र व राज्य सरकार द्वारा महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही है। जिससे आमजनमानस को सुविधा मिल रही है। उक्त अवसर पर विद्यालय परिवार के अध्यापक के अलावा अमरनाथ सिंह, विजयबहादुर गुप्ता, अनूप उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## फसल हुई बर्बाद, किसान ने लगाई फांसी

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** बीते दिनों हुई बारिश और ओलावृष्टि सेकिसानों की फसलें खराब हो गई है। इसी बात से परेशान होकर एक किसान ने फांसी लगाकर जान दे दी। प्राप्त विवरण के अनुसार उरई के मोहल्ला पटेलनगर आर टी ओ कार्यालय के पास के निवासी किसान कुलदीप यादव 34 वर्ष पुत्र काशीराम ने चार बीघा जमीन में मटर की फसल बोई थी। जो बीते दिनों हुई बारिश व ओलावृष्टि से खराब हो गई। जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। इसी बात से आहत होकर उसने फांसी लगा ली। उस समय उसकी पत्नी मंजू जानवरों को चारा डालने बाड़े में गई हुई थी। घर पहुचने पर उसने पति को फांसी पर लटका देखा तो घर मे कोहराम मच गया। शोर सुनकर पड़ोस के लोग भी वहां पहुच गए। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## गर्भवती की ट्रैक्टर से कुचलने पर युवती की मौत

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** ट्रैक्टर से कुचलने पर गर्भवती युवती शिखा राजपूत की दर्दनाक मौत हो गई। परिवार में मातम छा गया। थाना मेरापुर के ग्राम रुखइया निवासी धर्मेंद्र राजपूत की 25 वर्षीय पत्नी शिखा करीब 7 माह की गर्भवती थी। सोमवार को वह जेठ पुष्पेंद्र राजपूत के साथ बाइक से कायमगंज में अल्ट्रासाउंड कराने गई थी। पुष्पेंद्र बाइक से वापस घर जा रहा था जब वह कोतवाली कायमगंज के ग्राम मटकी सुरइया के निकट से गुजर रहा था। उसी समय सामने स तेज रफ्तार डबल ट्राली में आलू लाद कर आ रहा था तभी ट्रैक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही गर्भवती शिखा उछलकर सड़क पर जा गिरी सड़क पर गिरते ही तेज रफ्तार डबल ट्राली ट्रैक्टर का पिछला पहिया उसके ऊपर से कुचलता हुआ निकल गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई द्य महिला की मौके पर मौत हो ने पर चालक ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर भाग गया।

# तहफ़्फ़ुज़-ऐ-औक़ाफ सोसाईटी की बैठक हुई संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** राजाजी पूरम स्थित राज गार्डन लॉन में एक भव्य बैठक का आयोजन तहफ़्फ़ुज़-ऐ–औक़ाफ सोसाईटी के अध्यक्ष तौहीद सिद्दीक़ी नजमी के द्वारा किया गया जिसमें मस्जिद मदरसों के मुतवल्ली और ज़िम्मेदारों ने प्रमुख रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में मो. तौहीद सिद्दिकी नजमी जी ने आए हुवे महमानो का इस्तक़बाल किया और मीटिंग के अजेंडे पर रोशनी डालते हुवे बताया कि जिस तरह आज के वक्त में मदरसों और मस्जिदों के संचालन में दुशवारियों का सामना करना पड़ रहा है और सारी सरकार की गाइड लाईन जारी होने पर बड़े से बड़े और छोटे से छोटे इदारों तक उनका अक्षरसा पालन कैसे कराया जाए इस पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में मुख्य अथिति के तौर पर पहुँचे सय्यद बिलाल नूरानी ज्वइंट सेक्रेटरी अंजुमन इसलाहुल मुसलामिन ने मीटिंग को Positive Thought Share Gethering बताते हुवे बोला कि कैसे वक्फ़ की ज़मिनो पर अवैध ताक़त क़ाबिज़ है और कैसे क़ानूनी तरीक़े से इनसे अपनी वक़्फ़ की प्रोपर्टीज़ को बचाया जाये। इसी सिलसिले में प्रोग्राम की अध्यक्षता कर रहे मौलाना जाफ़र मसूद हसनी नदवी जी ने अपने वक्तत्व में बताया कि कैसे हमें सबसे पहले अपने अन्दर की बुराइयों को मिटाकर एक अच्छे इंसान बने और अपने ईमान को मज़बूत करने का प्रयास करे जिससे समाज में इस्लाम के लिए जो भ्रांतियाँ फैली है उनको मिटाकर इस्लाम की वास्तविकता का परिचय दिया जा सके।कार्यक्रम के अन्त में मौलाना ने हमारे मुल्क हिंदुस्तान में अमन शान्ति तरक़्क़ी और कामयाबी के लिए दुआ करायी। आयोजन में मुख्य रूप से सुन्नी मजलिसें अमल के सदरमौलाना यासीर अब्दुल अलीम फ़ारूक़ी पूर्व पार्षद रफ़ीक अहमद डा. सलमान ख़ालिद, मोहम्मद इब्राहिम, नज्जु अंसारी, मोहम्मद एहसन मसूद, हादी उमर, मो. शारूख, मो. आरिफ़, हाजी सैफ़ हसनैन, अब्दुल्ला फ़ैसल, फ़ैज़ अंसारी, अब्दुल अलीम, आलिम अब्बासी, मो. सलमान, हाफ़िज़ अब्दुल्ला, अज़ीज़ खान, मो. ताहिर शानू आदि लोगों के साथ भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

## कोतवाली पुलिस का नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सुढार सलाबाद में पैदल मार्च



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव की तिथियां अभी घोषित नहीं हुई है, लेकिन चुनावों को लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में प्रशासन चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह तैयारी में जुट गया है। इसी तैयारी के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा अर्द्धसैनिक बल आई टी बी पी के जवानों के साथ डिप्टी एसपी तथा कोतवाल सहित पूरी कोतवाली पुलिस ने नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के सुढार सलाबाद में पैदल मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराने के साथ-साथ चुनाव में अपने मताधिकार का स्वतंत्रता से प्रयोग करने का भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा के स्वयं पैदल मार्च में सम्मिलित होने से प्रशासन के सख्त होने के संदेश के साथ अराजक तत्वों में भी खलबली मची हुई है। लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां गति पकड़ रही हैं। भाजपा जैसी बड़ी राजनीतिक पार्टियों प्रत्याशियों के टिकट घोषित करने लगी हैं, वहीं प्रशासन भी इस लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी कमर कस चुका है। पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में अराजतत्वों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया गया है जिसके तहत पुलिस अधीक्षक डॉक्टर इराज राजा, डिप्टी एसपी राम सिंह, कोतवाल विमलेश कुमार तथा चुनाव संपन्न कराने आई अर्ध सैनिक बल के जवान सहित कोतवाली पुलिस ने नगर के संवेदनशील इलाकों में पैदल मार्च निकाला। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्र के सुढार सालाबाद में भी पैदल मार्च निकालकर लोगों को उनकी सुरक्षा का एहसास कराते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि आप स्वतंत्र और निडर होकर अपना मतदान करें।

## अधर में लटका सांसद निधि

**ग़ाज़ीपुर अवधनामा संवाददाता।** वर्तमान समय में सांसद गाजीपुर अफजाल अंसारी द्वारा सांसद निधि से ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्य कराने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किये जा रहे है, अब तक प्राप्त कुल 652 ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव के सापेक्ष वर्तमान में सांसद निधि अन्तर्गत कोई भी धनराशि उपलब्ध नहीं है। वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 की अवशेष किस्तों की धनराशि भविष्य में प्राधिकार पत्र के रूप में प्राप्त होनी हैं। उक्त प्राधिकार पत्र प्राप्त होने पर ही सांसद निधि से कोई भी प्रस्ताव ऑनलाईन स्वीकार किये जायेगें, इस प्रकार वर्तमान समय में प्राप्त ग्राम पंचातयों के प्रस्ताव पर कोई भी अग्रिम कार्यवाही किया जाना सम्भव नहीं है। परियोजना निदेशक, राजेश यादव बताया कि भविष्य में प्राधिकार प्राप्त होने पर सांसद जी से ऑनलाईन प्रस्ताव प्राप्त किये जाने के उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्थाओं का चयन करते हुए तद्नुसार कार्यवाही की जायेगी।



## तेज रफ्तार टवेरा खड़े ट्रक से टकराई, तीन की मौत

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** कोखराज कोतवाली के काशिया के समीप मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। बारातियों से भरी तेज रफ्तार टवेरा सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मनौरी से फतेहपुर के थरियांव के लिए बरात गई थी। घायलों को जिला अस्पताल से प्रयागराज के लिए रेफर किया गया है। प्रयागराज कानपुर राजमार्ग पर मंगलवार भोर हाईवे पर खड़े ट्रक से अनियंत्रित टवेरा टकरा गई। घटना में टवेरा सवार बालिका समेत तीन लोगों की मौत हो गई। चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। सभी को इलाज के लिए प्रयागराज रेफर किया गया है। टवेरा सवार एक बरात में शामिल होकर घर लौट रहे थे। घटना में 7 साल की बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर हालत में जिला अस्पताल से प्रयागराज के लिए रेफर किए गए हैं।


# लल्लू हुए उम्मीदवार तो इंडिया गठबंधन देगी जोरदार टक्कर

अवधनामा संवाददाता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी दल अपने अपने उम्मीदवारों की सूची बनाने में पूरी तरह जूट गए है। भाजपा ने अपनी पहली सूची जारी कर दी है तो वही समाजवादी पार्टी ने भी कुछ उम्मीदवारों को हरी झंडी दे दी है। काफी चर्चित देवरिया लोकसभा क्षेत्र से अभी तक किसी ने भी अपने उम्मीदवार की घोषणा नही की है लेकिन सीट बंटवारे में कांग्रेस के हिस्से में आई है।

देवरिया को लेकर बड़ी जोर आजमाइस शुरू है। इस सीट से अखिलेश प्रताप सिंह व अजय कुमार लल्लू प्रबल दावेदार है। अगर कांग्रेस अजय को टिकट देती है तो देवरिया का चुनाव काफी दिलचस्प होगा। धरती से जुड़े अजय 2022 के विधान सभा चुनाव हारने के बाद भी लोगो से जुड़े रहे। हर गली मुहल्ला में पहचान रखने वाले अजय को लोग बड़े प्यार से लल्लू भैया कहते है। सब्जी का दुकानदार हो या बड़ा दुकानदार सभी लोग अजय को स्पोर्ट करते है। छात्र संघ से राजनीति की शुरुवात करने वाले लल्लू 2012 में 53 हजार 121 वोट पाकर पहली बार विधायक बने। उन्होंने भाजपा के धुरंधर नन्द किशोर मिश्रा को पराजित किया था। 2017 में सपा से कांग्रेस का गठबंधन हुआ तो तमकुहीराज कांग्रेस के खाते में आ गई और अजय गठबंधन प्रत्यासी के रूप में विधान सभा का चुनाव लडे और पुनः जीत हासिल किए। अजय भाजपा प्रत्यासी जगदीश मिश्र बाल्टी बाबा को पराजित किया। लल्लू को 61211 वोट प्राप्त हुए। कांग्रेस पार्टी ने अजय के मेहनत को देखकर प्रदेश अध्यक्ष भी बनाया लेकिन 2022 के हुए विधान सभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा और वे तीसरे नम्बर पर आ गए उन्हें मात्र 33496 वोट से ही संतोष करना पड़ा। 2012 ,2017 के विधान सभा चुनाव में जो वोट लल्लू को मिले उसमे पिछड़ा, मुसलमान के साथ एक बड़ा बनिया वर्ग लल्लू के साथ खड़ा रहा जो भाजपा का परम्परागत वोट है। लल्लू बनिया बिरादरी से आते है और इस बिरादरी पर आज भी लल्लू की मजबूत पकड़ है। दियारा के क्षेत्र में युवा वर्ग आज भी अपना नेता अजय को ही मानती है। भाजपा अभी तक अपना पत्ता नही खोली है। वर्तमान सांसद रमापति राम त्रिपाठी अभी तक अपना टिकट कन्फर्म बता रहे है तो वही नन्द किशोर मिश्र, पीके राय, शंशाक मणि भी अपने आप को प्रबल दावेदार मान रहे है लेकिन भाजपा किसको उम्मीदवार बनायेगी यह आठ मार्च को पता चलेगा जब भाजपा की दूसरी सूची आयेगी। वैसे चुनाव में जातिवाद फिर से हावी होने लगे है और स्थानीय मुद्दे पीछे छूटने लगे है। क्षेत्र में सड़क, शिक्षा के साथ गन्ना किसानों की समस्या बड़ी है।

# यू-विन पोर्टल से होगा नियमित टीकाकरण: डॉ राजेश झा



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में सीएमओ कार्यालय के धनवंतरि सभागार में मंगलवार को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत 'यू-विन' रोल आउट संबंधी जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन सीएमओ डॉ राजेश झा की अध्यक्षता में हुआ। इस मोके पर सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि कोरोना के समय कोविन की तर्ज पर अब 'यू-विन' पोर्टल से टीकाकरण होगा। जन्म से लेकर पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों एवं गर्भवती माताओं को टीके लगवाने के लिए टीकाकरण केंद्रों की जानकारी व ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा दी जाएगी। इस पोर्टल के माध्यम से लाभार्थी आसानी से टीका लगवाने के लिए बुकिंग करा सकेंगे। टीका लगवाने के बाद उन्हें डिजिटल प्रमाण पत्र भी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होगा। इस दौरान यूएनडीपी के प्रोजेक्ट ऑफिसर प्रशिक्षक मयंक ने जनपद स्तरीय चिकित्सा अधिकारियों के साथ ग्रामीण एवं शहरी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक (बीपीएम), ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबन्धक (बीसीपीएम) एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण प्राप्त कर समस्त प्रतिभागियों को निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द ब्लॉक व शहरी स्तर की आशा और एएनएम को प्रशिक्षण दिया जाए।

## ईंटा से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली में ट्रक ने मारी पीछे से टक्कर*

**जालौन।** ईंटों से लदा ट्रैक्टर तथा ट्रक में हुई भीषण टक्कर होने की सूचना प्राप्त हुयी है। यद्यपि किसी की जनहानि की सूचना प्राप्त नहीं हुई, लेकिन टक्कर इतनी भंयकर थी कि ट्रेक्टर और ट्रक के आगे के हिस्सों के परचख्खे उड़ गये। दोनों ड्राइवरो के मामूली चोटें आई। जिन्हें राहगीरों की मदद से उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।औरैया मार्ग पर देर रात सहाव मोड के पास एक ट्रैक्टर ईटा लेकर जालौन की तरफ़ आ रहा था तभी शोभन सरकार मन्दिर के समीप पीछे से आ रहे एक ट्रक ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की ट्रैक्टर से ट्रॉली टूटकर अलग हो गई और ट्रक ड्राइवर का पैर ट्रक में ही फस गया, राजगीरो की मदद से ट्रक ड्राइवर को बाहर निकाला गया और पुलिस को सुचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। ट्रैक्टर ड्राइवर संजय सहाव निवासी ने बताया की मुरादगंज से ईंट लेकर सहाव जा रहा था तभी ट्रक ने पीछे से टक्कर मारी है, इसमें ट्रैक्टर ड्राइवर बाल बाल बच गया।

## ग्रामीणों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** थाना जहानगंज के महरूपुर बीजल के ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा है द्यजिसमें कहा है कि गांव में कच्ची गलियों एवं विद्युतीकरण ना होने से बहुत परेशानी होती है। जिससे आए दिन ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ रही है गलियों का निर्माण पक्का निर्माण होना जरूरी है जिससे बच्चे वहां पर निकलते हैं तो गिर कर चोटिल हो रहे हैं कई बार कहने के बावजूद भी अभी तक किसी अधिकारी विधायक और ग्राम प्रधान आदि ने गांव के लोगों की समस्या का निवारण नहीं किया मजबूर होकर सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी के पास आकर समस्याओं का शिकायत पत्र दिया है द्य पीड़ित ने कहा कि जब चुनाव आता है तो सभी विधायक मंत्री ग्रामों में आकर बराबर संतोषजनक का अशवासन देकर चले जाते हैं। चुनाव के पश्चात अभी तक कोई भी ध्यान गांव के लोगों पर नहीं दिया जा रहा है। महरूपुर बीजल की पीड़ित जनता की आर्थिक दशा का निरीक्षण कर ग्राम में पक्की गलियां व विद्युतीकरण कराया जाए।

## सीडीओ ने बसों को दिखाई हरी झंडी

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** नमामि गंगे परियोजना और यूपी डास्प के संयुक्त तत्वाधान में करीब 300 किसानों का एक्सपोजर विजिट बस को मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि ऑर्गेनिक ढंग से खेती करने के लिए किसानों की बस को ऑर्गेनिक फार्म हाउस एटा के लिए रवाना किया गया है। इस दौरान किसानों को रासायनिक उर्वरक के रूप में ऑर्गेनिक ढंग से खेती करने की भी जानकारी दी जाएगी। साथ ही किसानों को उर्वरक के रूप में पेस्टिसाइड और केमिकल को कम से कम प्रयोग करने के बारे में भी समझाया जाएगा

# सामूहिक विवाह समारोह में 96 जोड़े हुए एक दूसरे के

अवधनामा, संवाददाता



**महराजगंज।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद के पांच विधान सभाओं में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का भव्य/मेगा इवेन्ट के रूप में आयोजन किया गया। इसी क्रम में सदर विधान सभा के पात्र जोड़ों का सामूव्हिक विवाह कार्यक्रम महालक्ष्मी लान में किया गया, जिसमें हिंदू रीति -रिवाज से 42, बौद्ध धर्म से 51 व मुस्लिम धर्म से 03 कुल 96 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में अरुणेश शुक्ला, क्षेत्रीय संयोजक स्थानीय निकाय गोरखपुर अपने संबोधन कहा कि यह योजना गरीब लोगों के लिए सरकार द्वारा चलाई गयी है, जिसका मुख्य उद्देश्य सभी धर्म के लोगों को समान रूप से मिले। उन्होंने नये जोड़ों को आशिर्वचन देते हुए अके सुखमय जीवन मे कामना की। विशिष्ट अतिथि के रुप में रामप्रीत गुप्ता सदर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा अपने उदबोधन में आये सभी वर-वधू पक्ष के लोगों का हार्दिक अभिनंदन कर बधाई दिया। उन्होंने योजना पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप-प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि व जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में 11 जोड़ों को प्रमाण-पत्र मंच से वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सफी आल्म, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण द्वारा किया गया। सांस्कृतिक मांगलिक गीत की प्रस्तुति श्री विजय एवं सृष्टि दूबे द्वारा अपने साथी कालक के साथ की गयी।

इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी राहुल त्रिपाठी, विनोद ,सहित परियोजना निदेशक रामदरश चौधरी, वी0डी0ओ0 सदर व मिठौरा, जिला समाज कल्याण अधिकारी,जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित भारी संख्या में विवाह कार्यक्रम में आये वर-वधू पक्ष व कर्मचारीगण उपास्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना खोड़ारे का किया गया निरीक्षण

अवधनामा, संवाददाता



**गौरा चौकी गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु दिनाँक 05.3.2024 को थाना खोड़ारे का निरीक्षण कर अब तक की गयी चुनाव सम्बन्धी तैयारियों का जायजा लिया गया तथा प्र0नि0 खोड़ारे को चुनाव सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा चुनाव के दृष्टिगत जनपद गोण्डा को आवंटित होने वाली पैरामिलिट्री फोर्स के थाना खोड़ारे में रूकने/ठहरने के लिए किए गए पुलिस प्रबंधो को मानक के अनुरूप निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा भारी पुलिस बल के साथ खोड़ारे थाना क्षेत्र के अन्तर्गत चिन्हित संवेदनशील/अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## सीडीओ ने बेरोजगारों में बाटे पॉपकॉर्न मशीन



महराजगंज। बेरोजगार लोगो को स्वरोजगार करने हेतु मुख्यविकास अधिकारी ने उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्राम उद्योग बोर्ड महाराजगंज के द्वारा पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन का निःशुल्क वितरण किया विकास भवन परिसर में किया लाभार्थियों में सुजीत कुमार गौड़ ग्राम करमहा राजेश राजभर, ग्राम रामपुर महादेव श्याम बिहारी, दरहटा अमरीश, पिपरा सोनाडी मुरली, पिपरा सोनाडी सचिन कुमार, कोटा मुकुंद संदीप कुमार करमहा राजू कुमार करमहा, सुमित्रा देवी करमहा शामिल रहे।

मुख्यविकास अधिकारी ने कहा इससे इन लोगो रोजगार कर आर्थिक लाभ मिलेगा जिससे ऐ आत्मनिर्भर बन सकेंगे तथा इससे हुई आय से अपने परिवार का भरणपोषण कर सकेंगे

# एबीवीपी ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में पुतला दहन कर किया प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन

अवधनामा, संवाददाता

**अयोध्या** ।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या जिले के कार्यकर्ताओं द्वारा पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में ममता बनर्जी के संरक्षण में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में कुमारगंज चौराहे पर पुतला दहन कर प्रदर्शन किया गया तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार मिल्कीपुर को सौंपा गया।विगत कुछ वर्षो से पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले के संदेशखाली क्षेत्र की महिलाओं के साथ यौन शोषण, उनकी सामूहिक अस्मिता का हनन एवं उनके परिवारों पर सुनियोजित अत्याचार राज्य सरकार द्वारा संरक्षित अपराधियों द्वारा किया जा रहा है। अभाविप मानवता को शर्मसार करने वाली संदेशखाली घटना से आहत है और इसकी कठोरतम भर्त्सना करती है। प्रांत सोशल मीडिया संयोजक नवीन आज़ाद दुबे ने कहा ममता सरकार की संलिप्तता को ध्यान में रखते हुए संदेशखाली के पूरे प्रकरण की उच्च-स्तरीय जांच केंद्रीय एजेंसियों द्वारा कराई जाये एवं दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाये। साथ ही संदेशखाली की महिलाओं के ऊपर हो रही हिंसा एवं उनकी सामूहिक अस्मिता के हनन पर अविलम्ब अंकुश लगाया जाये। इस विरोध प्रदर्शन में पवन पाण्डेय जिला संगठन मंत्री, ऋषभ मिश्रा प्रांत एग्रीविजन संयोजक, मोहित साहू जिला संयोजक, शौर्य सिंह तहसील संयोजक, प्रखर कौशल प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, अनूप मिश्रा प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, संजीव अग्रहरी नगर मंत्री कुमारगंज सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




ममता सरकार का पुतला दहन करते एबीवीपी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता

# नारायणी नदी में छोड़े गए लखनऊ कुकरैल के 75 घड़ियाल

अवधनामा, संवाददाता

**महराजगंज।** जिले के सोहगीबरवा वन्य जीव संरक्षण प्रभाग के निचलौल वन क्षेत्र में बहने वाली नारायणी गंडक नदी तेल में घड़ियालों के संरक्षण अभियान के तहत मंगलवार को पथलहवा घाट से लखनऊ के कुकरैल प्रजनन केंद्र से लाये गये 75 घडियालों को छोड़ा गया। घडियालों के प्रवास व प्रजनन के अनुकूल माने जाने वाले इस क्षेत्र में संरक्षण के लिए विभाग जुट गया है।घड़ियाल पुनर्वास केंद्र लखनऊ से लाये गये घड़ियालों को नारायणी नदी के टेलफॉल से सटे ठोकर संख्या एक पर उप प्रभागीय वनाधिकारी आरसी मलिक की मौजूदगी में छोड़ा गया। घड़ियाल के 75 बच्चों में 21 नर और 54 मादा शामिल रहे। छोड़े गए सभी घड़ियालों की औसतन लम्बाई 120 से 180 सेंटीमीटर तथा वजन 5 किलो से 7 किलो के बीच रही। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि जिस प्रकार जंगल में शेर की उपस्थिति स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र के स्वस्थ होने का परिचायक है। उसी तरह जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के स्वस्थ रहने का सबसे बड़ा प्रमाण घड़ियाल होता है। घड़ियाल के लिए स्वच्छ जल व धारा युक्त जल अनुकूल होता है। वर्तमान समय में इनकी प्रजातियों में हो रही भारी कमी के कारण इनके अस्तित्व पर संकट सा छाने लगा है। इसका कारण कहीं न कहीं प्रदूषित हो रही हमारी जलीय पारिस्थिति तंत्र का अहम योगदान रहा है।

नारायणी नदी पर पर्यटकों को लुभाने के साथ ही नदी में इनकी संख्या बढ़ाने के लिए लगातार घड़ियालों को छोड़ा जा रहा है। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार राव, मोबीन अली, रविंद्र प्रताप, भोरिक यादव, ज्वाला प्रसाद उपाध्यक्ष, विजय सिंह, बृजमोहनआदि वनकर्मी मौजूद रहे।



## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर परिचर्चा 10 मार्च को

**अयोध्या।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के शुभ अवसर पर अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 10 मार्च को शहर के मोती बाग स्थित आभा होटल के सभागार में प्रातः 11:00 बजे से एक परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम में पत्रकार डॉ सुमन गुप्ता डॉक्टर सुनीता शास्त्री वाल्मीकि रामायण की प्रवक्ता अयोध्या को नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेविका श्रीमती रीता खत्री पूर्व सदस्य फिल्म सेंसर बोर्ड व विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर मंजूषा मिश्रा प्राचार्य राजमोहन गर्ल्स पीजी कॉलेज होगी।

# ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने पर अंकित यादव सम्मानित हुए

अवधनामा, संवाददाता



**महराजगंज।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ के द्वारा आयोजित बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें जनपद महराजगंज से प्रदेश में प्रतिभाग कर रहे अंकित यादव ने प्रथम स्थान स्काउट संवर्ग में प्राप्त किया। अंकित के प्रथम स्थान आने पर विद्यालय में खुशी छा गयी।

इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने खुशी जताते हुए बताया कि अंकित कुमार यादव विद्यालय महराजगंज इंटर कालेज महराजगंज के छात्र ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। जिनको प्रादेशिक मुख्ययुक्त प्रभात कुमार द्वारा ,प्रमाण पत्र मोमेंटो और 10 हजार का चेक द्वारा सम्मानित किया गया। जो इस जनपद व इस विद्यालय के लिए गौरव की बात है। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स उत्तर प्रदेश जिला संस्था महराजगंज द्वारा अंकित कुमार यादव को सम्मानित किया गया। जिसमे जिला मुख्यायुक्त, जिला कमिश्नर स्काउट गाइड, तथा संस्था के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दिया। जिला सचिव संजय कुमार मिश्र ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में ज्ञान का होना बहुत जरूरी है डा0 सुजीत कुमार चौधरी,प्रधानाचार्य महरजगंज इंटर कालेज महराजगंज ने बधाई देते हुए कहा स्काउटिंग बालको के लिए बहुत जरूरी अंग है अंकित कुमार के इस सफलता पर हरिश्चंद्र श्रीवास्त रामनरायण खरवार, दीनदयाल शर्मा,उमेश कुमार गुप्त,शशांक कुमार गुप्त, सहित आदि लोगो ने शुभकामनाएं दिया।

## भाजपा का एकमात्र लक्ष्य देश और प्रदेश का विकास-सांसद लल्लू सिंह

अयोध्या। सांसद लल्लू सिंह ने यहां गांधी सभागार भवन का शिलान्यास किया। करीब 33 लाख 75 हजार की लागत से गांधी सभागार का निर्माण होगा। इस मौके पर सांसद ने कहा कि भाजपा का एकमात्र लक्ष्य देश और प्रदेश का विकास है। गांधी सभागार का निर्माण जीर्ण-शीर्ण पड़े पंचायत घर के स्थान पर किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पंचायत प्रणाली देश समाज के लिए सर्वोत्तम प्रणाली है। इससे समय व धन दोनों की बचत होती है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश व समाज का उत्तरोत्तर विकास ही भाजपा की प्रमाणिकता है। उन्होंने कहा कि सभी सुविधाओं से लैस गांधी सभागार बनाया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के लोग इसका लाभ ले सकें। इस मौके विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सरकार की खूबियां गिनाते हुए कहा कि आगामी चुनाव में अयोध्या के गौरव के अनुरूप सांसद को ऐतिहासिक मतों से विजई बनाना है।गन्ना समिति के चेयरमैन दीपेंद्र सिंह, शारदा यादव, डॉ अरुण त्रिपाठी, शिवनरायन तिवारी, रामप्रीत वर्मा, ओम प्रकाश यादव, नंदकुमार सिंह, ध्रुव गुप्ता दिनेश मिश्रा, रणधीर सिंह डब्लू, भाजपा मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी, राजेश पाठक, ओमप्रकाश यादव, सतीश सिंह आदि मौजूद रहे।

# आयुष्मान अयोध्या:प्रभु श्रीराम की नगरी में अबतक 8 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड का हुआ वितरण

### आयुष्मान भारत गरीबों व बेसहारा लोगों के लिए साबित हो रही वरदान

अवधनामा, संवाददाता

## अबतक 8 लाख 37 हजार 700 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड हुए वितरित

**अयोध्या।** सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को लेकर मोदी-योगी सरकार ने गरीबों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान भारत शुरू की, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर इलाज के लिए पैसों की चिंता न करनी पड़े। ये योजना प्रभु श्रीराम की नगरी के गरीबों व बेसहारा लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत अब गरीब लोग भी प्राइवेट अस्पतालों में चिकित्सा की सुविधा का लाभ ले रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित पात्र लाभार्थियों को पांच लाख रुपए तक का सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में निशुल्क इलाज मिल रहा है। अयोध्या जनपद में पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड तेजी से बनाए एवं वितरित किए जा रहे हैं। 8 लाख 37 हजार 700 लाभाथियों के आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए अब तक अयोध्या जनपद में 8 लाख 37 हजार 700 लाभाथियों के आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए हैं। इस योजना सें जनपद के 2 लाख 49 हजार 274 चयनित पात्र परिवारों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का लक्ष्य है। जनपद के 2 लाख 20 हजार 338 परिवार ऐसे हैं, जिनके आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। पंचायत सहायक, कोटेदार एवम आशओं द्वारा घर घर जाकर पीएमजेएवाई मोबाइल एप्प के माध्यम से भी कार्ड बनाये जा रहे हैं। इस योजना का लाभ जनपद के 19 निजी अस्पताल व 16 सरकारी अस्पताल दे रहे हैं।

इस के अलावा गांव के ग्राम पंचायत भवन पर भी पात्र लाभाथियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जिससें पात्र लाभार्थी आसानी से पंचायत भवन पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकता हैं। जनपद में फरवरी माह में 41 हजार 608 लाभर्थियों को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित किया जा चुका है। पिछले महीने में 1 हजार 695 लाभाथियों ने सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों से मिलाकर इलाज करवाया है और योजना के प्रारम्भ से जनपद में अब तक 39 हजार 435 लाभाथियों ने सरकारी, प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से चिकित्सिकीय लाभ लिया हैं। आयुष्मान एप्प के माध्यम से लाभार्थी स्वयं अपना व अपने परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बना सकता है।

कार्ड बनाए जाने वाले ऐप व उसकी प्रक्रिया को जानने हेतु दिए गए क्त्रक कोड को स्कैन करना होता है। सीएमओ अयोध्या डॉ संजय जैन ने लोगों से अपील की है कि जिन पात्र परिवारों ने अभी तक अपना व अपने परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाया हैं, वह अपना आयुष्मान कार्ड पंचायत भवन पर जाकर के अवश्य बनवा लें, जिससे उन्हें एवम उनके परिवार के सदस्यों का आयुष्मान योजना का लाभ प्राप्त होता रहे।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों का पार्टी नेताओं ने किया स्वागत

### इस बार का लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी जीत हासिल करेगी: अवधेश प्रसाद

अवधनामा, संवाददाता

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी फैजाबाद पर नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी जीत हासिल करेगी उन्होंने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में जो विकास का कार्य किया गया है जनता उसे आज भी याद कर रही है उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत करते हुए कहा कि आप सबको बहुत बड़ी जिम्मेदारी है की लोकसभा चुनाव जीतने के लिए अभी से ही आप लोग लग जाएं उन्होंने कहा की सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को घोषित करने पर पार्टी लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बिना भेदभाव के सभी वर्गों का विकास किया है तमाम ऐसी योजनाएं चलाई थी जिसका लाभ जनता को मिल रहा था लेकिन वर्तमान सरकार ने उन योजनाओं को बंद कर दिया उन्होंने कहा की सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव जीतने के लिए अभी से लग जाए जिससे केंद्र में इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में नई सरकार का गठन हो सके उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई भी दिया महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्णा श्रीवास्तव ने कहा ने कहा कि आज जो पदाधिकारी का स्वागत हो रहा है वह सभी पदाधिकारी आज से ही लोकसभा चुनाव जीतने के लिए लग जाए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में ही कार्यकर्ताओं का सबसे ज्यादा सम्मान है कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष जेपी यादव ने किया चौधरी बलराम यादव के अनुसार इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारी मुख्य रूप से जिनका स्वागत हुआ राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा राजा मानसिंह प्रदेश सचिव लाल देव चौरसिया शाहिद हुसैन साहब लाल यादव विजय बहादुर वर्मा अजय रावत सरफराज नसरुल्लाह युवजन सभा अध्यक्ष जय सिंह यादव मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड अध्यक्ष शोएब खान लोहिया वहिनी अध्यक्ष अतुल चौधरी अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष विद्याभूषण पासी महानगर अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड मंजीत यादव समाजवादी पार्टी जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद आकिब खान लोहिया वाहिनी महानगर अध्यक्ष अजय यादव जिला सचिव फूलचंद यादव मजदूर सभा प्रदेश सचिव अखिलेश चौबे इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता बलराम मौर्य छोटे लाल यादव नागेश्वर करी रामजी पाल माखनलाल यादव ओ पी पासवान हामीद जाफर मीसम के के गुप्ता गौरव पांडेय सरोज यादव एडवोकेट शावेज़ जाफरी दान बहादुर सिंह चौधरी बलराम यादव डॉक्टर घनश्याम यादव शिवपाल ध्रुव देव वर्मा प्रशांत कुमार प्रजापति विशाल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# पीडीए आमजन का बना सहारा गरीब महिलाओं को बांटा गया पीडीए खाद्य तेल

अवधनामा, संवाददाता

अयोध्या। पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक वा गरीब महिलाओं में आत्म सम्मान से जीने वा इस महंगाई में उनके घरों के चूल्हे पर पक रही बिना छौंक के सब्जी दाल में स्वाद लाने के लिए पीडीए ने गांव की गरीब महिलाओं को सरसो खाद्य तेल की शीशी वितरित की है।अयोध्या जनपद के बीकापुर ब्लाक स्थित दो गांव निषाद पुरवा वा बनराजा पुरवा में दिव्यांग सपा नेता पंडित समरजीत ने इन दोनों गावों की गरीब परिवार की महिलाओं के घर घर जाकर खाद्य पदार्थ सरसो का तेल बांटा व कहा की इस देश में देश की आम जनता महंगाई से त्रस्त है।गांव में रहने वाले ज्यादातर लोग बेरोजगार है उनके घर का चूल्हा जलना मुश्किल हो गया है।खाद्य पदार्थ तेल से लेकर सब्जी दाल के भाव आसमान को छू रहे हैं जिससे आम घरों में जहां पर चूल्हे जलने मुश्किल हो रहे है तो वहीं कहीं मांग जांच कर चूल्हे जल भी जाते है तो खाद्य तेलों की बढ़ती महंगाई से उनके घरों में बनने वाले दाल में छौंक नही लग पा रही है।इस देश में देश के आम लोगो के लिए अगर कोई दल अच्छी सोच रखता है तो वो समाजवादी पार्टी वा सपा मुखिया अखिलेश यादव है और आने वाले देश के आम चुनाव में जनता पीडीए गठबंधन को ही लाएगी क्योंकि गरीब दलित पिछड़े अल्पसंख्यक का वही ध्यान रखेगी।

# न्याय की सुगमता हेतु पीड़ित महिलाओं को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान कराई जाय

अवधनामा, संवाददाता

**अयोध्या** । विगत 10 फरवरी 2024 को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आनन्द बोस के संदेशखाली दौरे के कारण इस वीभत्स शोषण की सच्चाई वृहद् जनमानस के समक्ष आई। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी ने नेताओं द्वारा हिन्दू घरों से जबरन नाबालिग कन्याओं व महिलाओं को चिन्हित कर उनका भयपूर्वक अपरहण कर राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यालय में लाकर अत्याचार, दुराचार करने के कई जघन्य मामले सामने आये हैं। पीड़िताओं में अधिकांश महिलाएं अत्यन्त पिछड़े एवं अनुसूचित वर्ग की है और अपने ऊपर हो रहे अत्याचार की अति से तंग आकर कई परिवार संदेशखाली से पलायन करने को मजबूर हैं। पश्चिम बंगाल राज्य की महिला मुख्यमंत्री के संरक्षण से वर्षो के शारीरिक शोषण से तंग आकर संदेशखाली की हजारों महिलाएं आज राज्य सरकार के खिलाफ आन्दोलनरत हैं। चूँकि मुख्यमंत्री के संरक्षण में राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा संदेशखाली की महिलाओं का शोषण हो रहा है और राज्य की पुलिस उचित कानूनी कार्यवाही करने में विफल रही है, इसलिए अभाविप की यह माँग है कि इन महिलाओं को न्याय दिलाने में आपके द्वारा हस्तक्षेप किया जाय। न्याय की इस मुहिम में राज्यपाल, राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के हस्तक्षेप का स्वागत करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् आपसे यह निवेदन करती है।




राज्य सरकार की संलिप्तता को ध्यान में रखते हुए संदेशखाली के पूरे प्रकरण की उत्त-स्तरीय जांच केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा कराई जाय एवं दोषियों पर शीघ्र कार्यवाही की जाय।संदेशखाली की महिलाओं के ऊपर हो रही हिंसा एवं उनकी सामूहिक अस्तिमा के हनन अविलम्ब अंकुश लगाया जाय।महिलाओं के ऊपर हुई हिंसा एवं दुराचार की घटनाओं की वास्तविकता को निर्भयतापूर्वक शासन, प्रशासन एवं न्यायिक संस्थानों तक पहुंचाने हेतु हेल्पलाइन नम्बर उपलब्ध कराया जाना चाहिए।न्याय की सुगमता हेतु पीड़ित महिलाओं को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान कराई जाय।
वर्षो के मानसिक शोषण से धीरे-धीरे उबरने हेतु इन महिलाओं को मनोचिकित्सकों द्वारा परामर्श सत्रों की भी सुविधा प्रदान की जानी चाहिए।भय-मुक्त संदेशखाली बनाने में केन्द्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति की जाय ताकि परिवारों पर विराम लगाया जा सकें। शिवम मिश्रा ने कहा अभाविप आपसे माँग करती है कि उन सभी साधनों एवं तंत्रो की सुनिश्चितता की जाय जिससे संदेशखाली की महिलाओं को न्याय मिल सकें। यह घटना अत्यंत हृदय विदारक है ममता बनर्जी की नीतियों एवं सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह है पेशेवर अपराधियों को संरक्षित करने का काम जनता सरकार ने किया है पश्चिम बंगाल से सरकार को उखाड़ फेंकना चाहिए महानगर मंत्री सत्यम दुबे ने बताया कि पूरे महानगर के सभी प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में विरोध प्रदर्शन कर पश्चिम बंगाल सरकार का पुतला फूंका गया सन्देशखाली में जो हो रहा है वह घटना अत्यंत हृदय विदारक है साकेत महाविद्यालय में इकाई अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह व इकाई मंत्री रत्नेश के नेतृत्व में प्रदर्शन कर पुतला फूंका गया वही अवध विश्वविद्यालय में महानगर सह मंत्री शशांक सिंह विद्यार्थी व मुकेश तिवारी के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया प्रदर्शन में अयोध्या महानगर के शशांक कसौधन ,अंकुर सिंह , अंश जायसवाल,दुर्गेश तिवारी आकाश मिश्रा, महेश पांडेय, प्रियांशु तिवारी,अनुराग शुक्ला,किशन सिंह,अभय सिंह वीरू,राहुल गौड़,अनुराग पांडेय,विकास सिंह सहित एक सैकड़ा कार्यकता उपस्थित रहें।

## किशोर एवं किशोरियों को जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाना सुगम कर्ता की जिम्मेदारी



**बर्डपुर सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पॉवर एंजिल एवं मीना मंच, किशोर किशोरियों में आत्म जागरूकता, आपसी संवाद, रचनात्मक एवं तार्किक सोच, तनाव का मुकाबला, सही निर्णय लेने, समस्याओं का समाधान एवं समय प्रबंधन में काफी मददगार साबित होगा। सुगमकर्ता के रूप में सभी शिक्षक बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास कर स्वस्थ, सुरक्षित और सकारात्मक सोच पैदा करेंगे, तभी ये प्रशिक्षण सार्थक सिद्ध होगा। उपरोक्त आशय का विचार खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने ब्लॉक संसाधन केन्द्र बर्डपुर के सभागार में तीन दिवसीय कंपोजिट एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के कुल 39 शिक्षक शिक्षिकाओं के स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर एक्विटी के अंतर्गत पॉवर एंजिल के सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने हेतु आयोजित प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए व्यक्त किया। उक्त प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में दधीच कुमार विमल एवं कल्पना सिंह ने प्रशिक्षण की शुरुआत की। प्रशिक्षण के प्रथम दिन बाल अधिकार, पोषण लैंगिक समानता, आत्म सम्मान और आत्म विश्वास स्वास्थ्य शिक्षा विद्यालय सुरक्षा निजी स्वच्छता माहवारी स्वच्छता प्रबंधन आपदा प्रबंधन तथा जलवायु परिवर्तन पर विस्तृत रूप से चर्चा परिचर्चा की गई। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्र, महेश कुमार, जुबेर अहमद उस्मानी, भारत प्रसाद, सुरेंद्र चौधरी, नुरुल हुदा, मोहम्मद आजाद, हबीबा अजीज, उमा, शारदा श्रीवास्तव, नमिता यादव, नमिता चौधरी, प्रीति गौतम, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# युवा अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए करें प्रेरित : एसडीएम

एजाज़ सिद्दीक़ी

- सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ समापन



**इटवा सिद्धार्थनगर।** डा. राम मनोहर लोहिया डिग्री कालेज में 28 फरवरी से चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के सातवें दिन स्वयं सेवक और सेविकाओं ने समापन कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि रहे उपजिला अधिकारी इटवा राहुल सिंह ने युवाओं से आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। समापन कार्यक्रम की शुरूवात मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से किया गया। पिंकी प्रजापति और मिंकी प्रजापति ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। बाद में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी डॉ0 राहुल सिंह इटवा का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 संतोष कुमार पाण्डेय ने माला पहनाकर और शॉल भेंट करके किया। इसी क्रम में तहसीलदार इटवा रवि कुमार यादव, एवं नायब तहसीलदार अमित कुमार सिंह का स्वागत माला पहनाकर और बैच लगाकर डॉ पवन पाण्डेय और डॉ नूरूल हसन ने किया। स्वयं सेविका अपराजिता और शिवांगी पाण्डेय ने अतिथि स्वागत में अतिथि गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अष्टभुजा पाण्डेय की सहमति पर कार्यकम शुरू किया गया। मुख्य अतिथि तहसील इटवा के उपजिलाधिकारी डॉ0 राहुल सिंह जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि युवाशक्ति से ही सब कुछ सम्भव है। यह देश युवाओं का है। उन्हें मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करना चाहिए। जिससे एक सशक्त भारत का निर्माण हो। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा युवा को अपना मतदाता पहचान पत्र बनवाना चाहिए। जिससे युवा शक्ति के वोट पर ही नयी और अच्छी सरकार का गठन हो। उपजिलाधिकारी के आवाहन पर स्वयं सेवक और सेविकाओं द्वारा एक मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गयी। जिसकी अगुवाई स्वयं उपजिलाधिकारी द्वारा की गयी और चौराहे पर आम जन को ज्यादा से ज्यादा वोट करने हेतु प्रेरित भी किया गया। चौराहे पर लोगां को मतदान करने हेतु पम्पलेट भी बांटा गया। कार्यक्रम में स्वयं सेविका ज्योति ने अपना देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। स्वंय सेविका रेनू युदवंशी ने अपने ओजस्वी भाषण के माध्यम से लोगां को नारी शसक्तीकरण के बारे में संदेश दिया। अपराजिता दूबे ने अपने भाषण में नारी शिक्षा और राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिन के अनुभव और संकल्प को सबके समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यकम का संचालन डॉ आजम खान ने किया। कार्यकम अधिकारी डॉ संतोष कुमार पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का यह शिविर अनवरत सात दिनों तक चला जिसमें स्वयं सेवक और सेविकाओं ने देश सेवा के प्रति संकल्प लिया और समाज को शिक्षित करने, बढ़चढ़ कर मतदान के प्रति लोगां को जागरूक करने, बाल शिक्षा, दहेज प्रथा उन्मूलन के प्रति प्रयास करने, जाति पाति को दूर करने आदि से सम्बंधित तथ्यों पर गहनता से कार्य किये जाने का संकल्प लिया।

## ऑनलाइन पंजीकाओं का किया विरोध



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पंजिकाओ के आनलाइन डिजिटाइजेशन एवं आनलाइन उपस्थिति का विरोध, प्रोन्नति वेतनमान, पदोन्नति, कैशलेश चिकित्सा सुविधा समेत 21 सूत्रीय मांगों को लेकर ब्लॉक संसाधन केंद्र जलालपुर में शिक्षक संघ अध्यक्ष राजेश यादव के नेतृत्व में भियांव ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी विवेक द्विवेदी को शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में कोषाध्यक्ष मोहम्मद अलकमा, मित्रसेन वर्मा, रवीन्द्र कुमार, शैलेश श्रीवास्तव, हरिशंकर गौतम, किरन चौधरी, सत्यप्रकाश गुप्ता, निशात अहमद, संजय सिंह, शोभा राम समेत सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## दिव्यांग को सौपी जनता दर्शन के दौरान ट्राईसाईकिल



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी अविनाश सिंह शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी मिले के अनुरूप आज जनता दर्शन के दौरान दिव्यांग फरियादी के आने पर जिलाधिकारी महोदय ने तत्काल दिव्यांग जनकल्याण अधिकारी को ट्राई साइकिल हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा तत्काल दिव्यांगजन कल्याण विभाग से ट्राई साइकिल तथा बैसाखी मंगाकर दिव्यांग फरियादी को ट्राई साइकिल तथा बैसाखी दिलाया गया। जिससे फरियादी के चेहरे पर मुस्कान आई। इस दौरान मौके पर अपर उप जिलाधिकारी तथा जिला सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।

## वाटर क्वालिटी सर्वेक्षण के गाड़ी को किया रवाना



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन बाजार में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के तत्वावधान में नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश में जलजीवन मिशन हर घर जल योजनांतर्गत एजेंसी न्यू जेनेसिस दिल्ली की टीमों को खण्ड विकास अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह की अध्यक्षता में हरी झंडी दिखाकर समस्त ग्राम पंचायतों के लिए टीमों को रवाना किया गया। ग्राम पंचायत में वॉटर क्वालिटी सर्वेक्षण जल जांच जन जागरूकता कार्यक्रम सामाजिक मानचित्रण फिल्म प्रोजेक्टर वीडियो शो हॉटस्पॉट प्रदर्शनी आई ई सी मैटेरियल वितरण आदि जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत सदानंद वर्मा, प्रधान पंकज वर्मा, सफीउल्लाह वसीर मोहम्मद जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, एजेंसी कोऑर्डिनेटर गोविंद सिंह तरुण त्रिपाठी अनिल निसाद सरोज पांडे मनीषा यादव प्रवीण कुमार आदि उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय के 565 छात्र एवं छात्राओं को स्नेहलता पाल ने दिया स्मार्टफोन

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को लोटन क्षेत्र के महदेईया में स्थित बीरेंद्र मिथिलेश्वर महाविद्यालय में 565छात्र छात्राओ को स्मार्टफोन वितरण किया गया। मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल की पत्नी स्नेहलता पाल ने कहा पूरे प्रदेश मे योगी सरकार द्वारा स्कूलों पर स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम चल रहा है। जिससे बच्चे पढ़ाई अच्छी तरह कर सके।

उन्होंने कहा कि आज पूरे देश मे प्रधानमंत्री जी की चर्चा लोग करते है जीवन में सपनाकी अवश्यकता होती लेकिन सपनो को पूरा करने के लिए समय का विशेष ध्यान रखना चाहिए चाहे शिक्षा के प्रति हो, नौकरी करना हो या बिजनेस करना हो शिक्षा सबसे जरूरी है। छात्राओं को विशेष जरूरी होता है शिक्षा बेटी अगर पढ़ी लिखी है तो अपना घर परिवार व अपने बच्चों को भी शिक्षित कर सकती है क्योंकि आप के पति रोजी रोटी के लिए बाहर चले जाते है घर परिवार आप ही लोगों को चलाना होता है। भाजपा सरकार युवाओं के लिए यह योजना चलाई है जिसमें हर बच्चों के हाथ में स्मार्ट फोन हो घर बैठकर पुरी दुनिया देखें।इस क्षेत्र मे डाश वीरेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने महाविद्यालय चला रहे है तो अपने ही बच्चों के लिए नही चला रहे है बल्कि इस क्षेत्र की छात्र एवं छात्राओं के लिए चला रहे है। प्रबंधक डा बीरेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने सभी आये हुए लोगों का आभार व्यक्त किया।इस दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष दृग्नरायन सिंह, मनोज पाण्डेय, विजय कस्यप, उमेश सिंह, राधेश्याम यादव, दिलीप सिंह, मुरारी सिंह, बाबू मनोज सिंह, सोनू उपाध्याय,सहित तमाम छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

## कोरम पूरा न होने के कारण क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक स्थगित

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खंड लोटन सभागार मे मंगलवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य की बैठक आगामी बजट को लेकर बैठक हुई। ब्लाक प्रमुख आशीष कुमार सिंह की अनुमति से मनरेगा, प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास, राज्य बित्त/केन्द्रीय बित्त आयोग, पशुपालन, कृषि विभाग, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राष्ट्रीयग्रामीण आजिविका मिशन,खराब हैंडपंप की रिबोर हेतु, बृद्धा/ विधवा/बिकलांग, स्वच्छता निशुल्क बोरिंग आदि विभागों के बारे मे विचार व चर्चा कर 2024/25 के कार्ययोजना के प्रस्ताव रखकर बजट स्वीकृत होना था।परन्तु क्षेत्र पंचायत सदस्यों की सख्या कम होने के कारण आगामी वर्ष का बजट सदन मे स्वीकृत नही हो सका। जिससे लेकर बैठक स्थगित हो गया। बीडीओ अरुण कुमार का कहना है कि कोरम पूरा न होने के कारण बैठक स्थगित करना पड़ा। इसी सात मार्च गुरुवार को पुन बीडीसी की बैठक होगी।

## आशीष कुमार चट्टोपध्याय एनटीपीसी टांडा के नये परियोजना प्रमुख बने

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने सोमवार शाम, दिनांक 04.03.2024 को एनटीपीसी टांडा के नये परियोजना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया। श्री चट्टोपाध्याय के परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर परियोजना के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं।श्री चट्टोपाध्याय का एनटीपीसी में चयन 1987 इंजीनियर ट्रेनी अधिकारी के रुप में हुआ था।

उन्होंने एनटीपीसी में अपनी 37 वर्षो की लम्बी सेवा के दौरान फरक्का, रिहंद एवं वेल्लूर में विविध दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वाह किया है। श्री चट्टोपाध्याय ने वेल्लूर एवं रिहंद में परियोजना में परियोजना प्रमुख, व फरक्का में महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण आदि दायित्वों के निर्वहन का गहन अनुभव प्राप्त किया है। श्री चट्टोपाध्याय ने 1987 में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एन.आई.टी.) दुर्गापुर से मेकैनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के उपरान्त एनटीपीसी में अपने कैरियर का शुभारंभ किया था। अशेष कुमार चट्टोपाध्याय अब से एनटीपीसी टांडा परियोजना के कार्यकारी निदेशक के रूप में दायित्व निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर उन्होने कहा कि यह मेरे लिए हर्ष का विषय है कि मै टांडा परियोजना में अपनी सेवाएँ दे पाऊँगा। मुझे आशा है की हम सभी मिलकर आस-पास के समुदायों का विकास करेंगे और इस परियोजना को और नए शिखरों तक ले जायेंगे।

## प्राथमिक विद्यालय पर हुआ वार्षिकोत्सव का आयोजन



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** प्राथमिक विद्यालय नरकटहा में मंगलवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया जिसकी लोगों ने खूब सराहना किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ए आर पीस्वतंत्र पाठक ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पिता कर तथा दीप प्रज्वलित कर बाद विद्यालय के बच्चे सुनैना, संजना, कार्तिक, श्रद्धा, अंश, अर्जुन, गुल अफशां, अंकिता, अंजली, अभय ने देश भक्ति गीत, लोक गीत, नृत्य व नाटक पेशकर लोगों का मन मोह लिया।इसके बाद ए आर पी नेबु लाल ने बच्चों की सराहना व विद्यालय केशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि इन नन्हे बच्चों ने जीवंत प्रस्तुति कर लोगों का मन मोह लिया है इनकी जितनी सराहना किया जाय वह कम है।इसके बाद शैक्षणिक कार्य में तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक सबीहा जबीं, शालनी सक्सेना, पुरुन्निशा, अशफाक अहमद सहित काफी संख्या में विद्यालय के बच्चे व अविभावक मौजूद थे।

## इंडोर स्टेडियम व 44 परियोजनाओ का सांसद ने किया लोकार्पण



**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत गायघाट के गांधीनगर वार्ड में 2 करोड 50 लाख की लागत से इनडोर स्टेडियम व 44 परियोजनाओं का लोकार्पण मंगलवार को मुख्य अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी ने बैदिक मंत्रोचार द्वारा फीता काट कर किया। लोगों को संबोधित करते हुए सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि जनपद में जितना विकास पिछले 65 वर्षों में नहीं हुआ उससे ज्यादा विकास 10 वर्षों में हुआ है। राम जनकी मार्ग के निर्माण सहित दर्जनों परियोजनाओ व विकास कार्यो को गिनाया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अन्य सरकारे जाति व परिवारवाद के नाम पर विकास करती हैं। लेकिन भाजपा सरकार सर्व समाज की सरकार है बिना भेदभाव के सभी जातिवाद धर्म के लोगों को लाभ मिलता है। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि उन्हें परिवार के लिए नहीं देश के गरीब किसान, नौजवान और नारी शक्ति के लिए काम व विकास करना है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बालकृष्ण त्रिपाठी पिंटू, ब्लाक प्रमुख कुदरहा अनिल दुबे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव देवा, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील कुमार छोटू, ईओ रिचा सिंह, सत्येंद्र सिंह भोलू, दुर्गेश अग्रहरि, मनीष त्रिपाठी, जनार्दन तिवारी, वीरेंद्र राजभर, ओमकार चौधरी, रशीद अहमद, वजीर अहमद, कमलेश यादव, राजू सोनी, लवकुश चौधरी, मनोज यादव, जगदीश सोनकर, महेश सोनकर, विजय शंकर मिश्रा, पंकज शुक्ला, सचिन कनौजिया, प्रेम नारायण आजाद, नेवास अली, राम जी अमन गुप्ता, फूलचंद चौधरी,कन्हैया यादव, दीपक शर्मा, बजरंगी शर्मा सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# पढ़ाने की नई तकनीक सीख रहे शिक्षक

## भाषा व गणित विषय में बच्चों को दक्ष करना प्रशिक्षण का उद्देश्य

अवधनामा संवाददाता



**पौली।** विकास क्षेत्र पौली के पूर्व माध्यमिक विद्यालय शनिचरा बाजार के सभागार में एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी) प्रशिक्षण का द्वितीय बैच का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ खण्ड शिक्षाधिकारी जर्नादन यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित और फीता काट कर किया।

शिक्षकों को संबोधित करते हुए खण्ड शिक्षाधिकारी ने कहा कि इस प्रशिक्षण से बुनियादी भाषा एवं गणितीय दक्षताओं को हासिल करने में सुलभता मिलेगी। प्राथमिक स्तर के सभी शिक्षक व शिक्षामित्रों को प्रशिक्षित किया जा रहा। जिससे बच्चे सुगमता से सीख सके। शिक्षक विद्यालय में जा कर शिक्षण के दौरान टीएलएम का उपयोग अवश्य करे। जिससे बच्चे आसानी से सीख सके। शिक्षण कार्य के दौरान आधारशिला क्रियान्वयन एवं संदर्शिका का उपयोग अवश्य करे। इसमे किसी भी प्रकार की लापरवही न बरते।

द्वितीय बैच मे पच्चास पच्चास शिक्षको का ग्रुप बना कर दो कक्षा कक्षों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संदर्भदाता एआरपी राजेंद्र यादव, हरीराम यादव, अजय कुमार, राजेश गुप्ता व दिलीप कुमार ने प्रतिभागियों को आधार शिला क्रियान्वयन व संदर्शिका आधारित भाषा-गणित शिक्षण की वार्षिक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रुपरेखा 2022 के निदेशक तत्वो, साप्ताहिक व दैनिक कार्ययोजना सहित अन्य विधाओं की जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में विपिन कुमार, दीपक यादव, नित्यानंद, अनिल कुमार, देवेंद्र, मो उमर, शशिभूषण, मनोज कुमार, पराग सिंह, राघवेंद्र, राजन सिंह, नितेश सिंह, विजय कुमार, मुमताज, राममोहन शुक्ला, मुजीबुल्लाह, इफ्तेखार अहमद,एकता गोस्वामी, रुपाली बर्मा, चंद्रावती, प्रतिमा पाल, माया सिंह, नीलम, अनीता, वीबो खातून, रेखा गुप्ता सहित तमाम शिक्षक व शिक्षा मित्र उपस्थित रहे।

## प्रभारी निरीक्षक मुकेश राय ने की पीस कमेटी की बैठक

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को डुमरियागंज थाना परिसर में आगामी त्योहार महाशिवरात्रि, रमज़ान, होली को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सभी धर्मो के लोग व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक मुकेश राय की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में विभिन्न पर्व पर साफ-सफाई और शांति व्यवस्था कायम करने की अपील की गई। पीस कमेटी के बैठक में आमजन, ग्राम प्रधान, बीडीसी सहित राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। पीस कमेटी की बैठक में होली, महाशिवरात्रि और रमज़ान पर्व को शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करने पर चर्चा किया गया। प्रभारी निरीक्षक मुकेश राय ने कहा आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर हैं, अगर कोई अराजकतत्व अराजकता फैलाने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि त्यौहारों को प्रेम और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए।

## प्रधानाचार्य ने बच्चों को किया सम्मानित



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत स्थित खैर टेक्निकल इण्टर कॉलेज बनगवां डुमरियागंज में विगत 07 फरवरी 2024 को आयोजित गृह विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित कक्षा 12 कला वर्ग की 29 एवं कक्षा 10 की 32 छात्राओं को ओम प्रकाश चौधरी एडीओ पंचायत जोगिया ब्लॉक, गुंजा गुप्ता राजकीय उच्चीकृत विद्यालय भरवटिया, प्रियांशी कुशवाहा सहायक अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय असनहरा एवं फैयाज अहमद प्रधानाचार्य ख़ैर टेक्निकल इण्टर कॉलेज के हाथों प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जमाल अहमद खान, मोहम्मद इमरान बैग, सैयद इमरान इज़्हार, मोहम्मद इरफान, मीना बानो, तहसीन फारुकी, विवेक श्रीवास्तव, सैयद अली रिज़्वी आदि उपस्थित रहे।

## गरीब बच्चों को निजी विद्यालयों में नामांकन के लिए लोगों को करें प्रोत्साहित

**सिद्धार्थनगर।** अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को गैर सहायतित मान्यता प्राप्त अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम के निजी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा दिए जाने का प्राविधान है। ऐसे वर्ग के लिए सीट रिजर्व है। गरीब बच्चों के अभिवावकों को निजी विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रोत्साहित करें, निःशुल्क शिक्षा के साथ आठ शासन द्वारा आर्थिक सहायता भी दी जा रही है। उन्होंने सभी शिक्षक कर्मचारियों को निजी विद्यालयों के निर्धारित कोटे में शत प्रतिशत नामांकन के लिए दुर्बल वर्ग के अभिवावकों को प्रेरित करने की जिम्मेदारी दी है। जिससे सभी विद्यालयों में रिजर्व सीट पर गरीब के बच्चे भी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने कार्यालय के सभागार में शिक्षक प्रतिनिधियों कार्यालय कर्मचारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रथम चरण का आवेदन हो चुका है, द्वितीय चरण के लिए आवेदन की अन्तिम तिथि 30 मार्च है।

# कम मतदान वाले बूथ पर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

अवधनामा संवाददाता

- डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अरनी में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर आयोजित हुई बैठक



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अरनी में स्थित प्राथमिक विद्यालय के परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित मतदाताओं को जागरुक करते हुए कहा गया कि आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करें।

कम मतदान वाले बूथों पर मतदाता जागरूकता अभियान में डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र में ऐसे 17 बूथ चिन्हित किए गए हैं, जहां बीते विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत काफी कम था। इन चिन्हित बूथों पर शेड्यूल के हिसाब से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाना है। इसी को लेकर मंगलवार को बूथ संख्या 301 ग्राम पंचायत अरनी में बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय लेखपाल विवेक कुमार ने बताया कि प्रतिदिन कम मतदान वाले बूथों पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें आने वाले चुनाव में मतदान बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। सभी लोग चुनाव के दिन मतदान अवश्य करें और अपने परिवार के सभी सदस्यों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मकसूद अली ने कहा कि अभियान की सफलता को लेकर डोर टू डोर लोगों को जागरूक किया जा रहा इस मौके पर बीएलओ अलाउद्दीन, मोहम्मद अखलाक सिद्दीकी, अनुराग प्रताप सिंह, संजय कुमार, रोजगार सेवक नेबुलाल, सफाई कर्मी रामदीन, रेहाना, पुष्पा देवी, मोहम्मद मजीद, जमाल अहमद, मोहम्मद शरीफ, दिनेश, हरी लाल, सीताराम, रामकुमार, शमशाद आदि लोग मौजूद रहे।

## महिला सशक्तिकरण शिक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही मोदी सरकार



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ रोली सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को नारी शक्ति वन्दन अभियान के तहत महिलाओ ने पदयात्रा निकाला। यह यात्रा कम्पनी बाग से गांधीनगर चौक तक गई, जहां भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र द्वारा समापन किया गया। यात्रा के दौरान विकास पत्रक वितरित करते हुए भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रचार प्रसार भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि 10 फरवरी से लगातार यह अभियान चल रहा है बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल के बारासात में महारैली कर समापन करेंगे। जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का आवाहन करते हुए कहा प्रधानमंत्री लाइव कार्यक्रम सभी मण्डलों में होनी है जिसमे तय हुए सभी स्थानों पर बड़ी स्क्रीन लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाना है। बस्ती में महिला मोर्चा ने महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश की है। जिसका आगामी लोकसभा चुनाव में इसका असर देखने को मिलेगा। इस मौके पर रामचरन चौधरी, महिला मोर्चा की जिला महामन्त्री शालिनी मिश्रा, शैल त्रिपाठी, लक्ष्मी अरोड़ा, मृदुल शुक्ला, नीलम गौड़, ममता सिंह, सुभावती देवी, काजल वर्मा, कौशल्या, रोशनी सिंह, निशा यादव, नेहा देवी, बबली श्रीवास्तव, ललिता कुमारी, नंदिनी यादव, रीना पाण्डेय, शालिनी कुमारी, मानसी देवी, शैलजा कुमारी व कंचन देवी सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी मौजूद रही।

## ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**उसका सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन मगंलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय उसका बाजार में आयोजित हुई। इसमें कक्षा छह से आठ तक के 201 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विकास क्षेत्र के प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय से कक्षा छह के एक, सात के दो व आठ के तीन छात्रों ने क्विज में हिस्सा लिया। प्रथम चरण की परीक्षा में 28 छात्र सफल हुए, इनमें चुरिहारी के सभी छह प्रतिभागी प्रथम चरण की परीक्षा में सफल हुए। इसी तरह मैनखाही, सजनी के चार। भिटिया, परसा खुर्द, बरदहा, उटिया के दोङ्कदो छात्र के अलावा परसपुर, मरवटिया माफी, सिहोरवा, फुलवरिया, बकैनिहा और सुगही के एकङ्कएक छात्रङ्कछात्रा सफल घोषित हुए। द्वितीय चरण की परीक्षा के 20 छात्रङ्कछात्राएं सफल हुए इसके बाद हुए साक्षात्कार में 10 बच्चों को अंतिम रूप से सफल घोषित किया गया। इन्हें जिले स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने लिए भेजा जाएगा। डायट मेंटर अनुराग श्रीवास्तव, बीईओ महेंद्र कुमार ने सफल छात्रों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र व विज्ञान फोल्डर दिया। हरिशंकर सिंह, शिव कुमार शुक्ला, राकेश सिंह, एआरपी विज्ञान सुभाष चंद्र, रामसेवक गुप्ता, गुलाम जिलानी, अजीजुर्रहमान समेत रंजना वर्मा, अपर्णा मिश्रा, जरीना बेगम, अंशिता सिंह, सुमन धुलिया, चंचल सिंह, अनीता, मनोज कुमार, आलोक शुक्ला, बालमुकुंद, पुरुषोत्तम त्रिपाठी, मनीषा द्विवेदी, अंकिता चंदेल आदि मौजूद रहे।

# मोदी का मनोवैज्ञानिक हमला

मोदी विपक्ष के किसी हमले को किसी हमले को उनकी ओर मोड़ लेने में उस्ताद है। विरोध के आक्षेप को उसी के तर्क से निरस्त कर देते है। अभी बिहार में लालू ने मोदी पर परिवारवाद का आरोप लगाया था। मोदी ने जवाब में कहा पूरा भारत मेरा परिवार है। अब लोग हाथ उठा उठा कर कह रहे है हम मोदी के परिवार है। विपक्ष पर मोदी मनोवैज्ञानिक रूप से हमले कर कर विपक्ष को निस्तेज और दयनीय करते जा रहे है। उनका आत्मविश्वास उनके बचनो को वजनी बना रहा है। विपक्ष तोतारटन्त लगाये हुये है मोदी के राज में भ्रष्टाचार है। किसान गरीब युवक परेशान है। महिलाये असुरक्षित है। मोदी और भाजपा संदेशखाली में महिलाओं पर हुये अत्याचार को लेकर मुखर है सताये गये लोगो से मिल हमदर्दी दिखा रहे है। विपक्ष खामोश है। राहुल को न्याय यात्रा की धुन में यह अन्याय नहीं दिख रहा है।

मोदी द्वारा चुनाव के परिपेक्ष में उठाये जा रहे कदमो पर नजर डाले उनके व्यस्त कार्यक्रमो पर नजर डाले पायेगे सारी बढ़त के बावजूद चुनाव की तैयारी में कोई ढील नहीं दे रहे है। जीतने का पूरा भरोसा दिखा रहे है पर तैयारी में कोई ढील नहीं दे रहे। चुनाव की तारीख अभी आने को है उसके पहले ही 16 राज्यों दो केन्द्र शासित राज्यों के लिये 195 उम्मीदवारो की सूची जारी कर दी है। विपक्ष सभी सीट शेयरिंग भी नहीं कर पा राह है। मोदी अपनी तैयारियों से विपक्ष का मनोबल तोड़ रहे है।

भाजपा द्वारा घोषित 195 सीटो पर नजर डाले तो देखेगे 28 महिलाये है, 27 अनुसूचित जाति के है, 18 अनुसूचितजन जाति के है। 57 अन्य पिछड़ा वर्ग के है 47 युवा वर्ग के है। सोशल इन्जीरियग का लाजवाब नमूना है। आर्थिक रूप से कमजोर और पिछड़े वर्ग पर पूरा ध्यान दिया गया है। वाराणसी से दो बार का चुनाव जीतने के बाद तीसरी बार जीतने की तैयारी में है। हर कोई मान रहा है उनकी जीत निश्चित है। विपक्ष भी मान रहा है पर कह नहीं रहा है। विपक्ष का कोई भी कद्दावर नेता उनके खिलाफ चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं दिखा पा रहा है। राहुल कहते है हम हर भारतवासी के दिल में रहते है तो वाराणसी से चुनाव क्यों नहीं लड़ते है वापनार्ड क्यों भाग जाते है। मोदी यह चुनाव जीतकर पन्डित नेहरू और इन्द्रा गांधी के समकक्ष आ जायेगे एक ही जगह से लगातार तीन चुनाव जीते थे।

मोदी पार्टी की जीत के प्रति अश्वस्त है। इसीलिये 10 केन्द्रीय मंत्रियों सहित 44 सांसदों को फिर रिपीट किया है। यानी इनकम्बेन्सी की कोई आशंका नहीं है। मोदी ने पुराने लोगो में जिनका आचरण और वक्तव्य ठीक नही रहा है उन्हें रिपीट नहीं किया है। जैसे सध्वी प्रज्ञा, और सांसद रमेश विधुडी। ये दोनो अर्मयादित टिप्पणी कर पार्टी को असहज करते रहे है। ऐसा तभी किया जा सकता है जब इनकम्बेन्सी का डर न हो और जीत का विश्वास पक्का हो। विपक्ष ने उत्तर प्रदेश और दिल्ली में सीट शेयरिग में आंशिक प्रगति की है पर दिल्ली में केजरीवाल ने विपक्ष पर अविश्वास जताते हुये दिल्ली के लिये नया फारमूला निकाला है। खैरात के रूप में वित्तीय मदद। केजरीवाल दिल्ली में हर चीज मुफ्त करना चाहते है वोट को खरीदने के लिये। उनमें नैतिकता और दिलेरी की कितनी कमी है कि बहाने बना ईडी से मांग रहे है। अतिव्यस्त होने का अभिनय करते है।

विपक्ष की रैली बिहार में सम्पन्न हुई। लालू ने तीन लड़को को बड़ा हाइलाइट किया है। एक तो पहले से ही फ्लाप है, दूसरा बोलता है तो लगता है मिमिक्री कर रहा है। जब वह नीतिश के मंन्त्रीमण्डल में स्वास्थ्य मंत्री था तो लालू उसकी फाइले निपटाते थे, अधिकारियों को निर्देश देते थे। तीसरे की पार्टी प्रदेश में थोक में टूटती जा रही है। सब दूसरी पार्टी ज्वाइन कर रहे है। भाजपा टिकट बटवारे में कद्दावर उम्रदराज लोगो के साथ नवयुवको को भी ला रही है। यह सन्तुलन भाजपा के पक्ष में एक नयी दिशा निर्धारित करेगा साथ ही देश की राजनीति में भी एक सराहनीय सन्तुलन का माहौल बनायेगा। यह सब मोदी के मनोवैज्ञानिक धमक के गवाह है जिससे विपक्ष सकते में दिख रहा है।

# युवा वोटर दिशा तय करेगा!

अठारहवीं लोकसभा के मतदान में अठारह वर्ष के करीब दो करोड़ नवपंजीकृत वोटर होंगे। बड़ा दारोमदार इस समूह पर होगा, अगली भारत सरकार के गठन में। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारे मेरा पहला वोट मेरे देश के लिए की अहमियत तथा दायित्व और प्रासंगिकता बढ़ जाती है।



के. विक्रम राव

गत माह में अपनी 110वीं कड़ी (मन की बात) के प्रसारण में मोदी ने यही आग्रह किया था। प्रथम आम चुनाव 1952 में 17.32 करोड़ मतदाता थे। आज अमृतकाल वाले साल में साढे चौरानवे करोड़ लोग वोट डालेंगे। गत प्रथम जनवरी तक हुई पंजीकृत मतदाताओं की यही संख्या है। कुल मायने यही हैं कि अगला चुनाव भारतीय लोकतंत्र की तारीख में अद्भुत होगा। सर्वाधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण भी।

ये लोग ही भारत को दुनिया में वोट डालने वाले सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों में से एक बनाते हैं। यह संख्या 2019 के चुनावों से पहले रजिस्टर्ड 89.6 करोड़ लोगों से 8.1 प्रतिशत अधिक है। इस बार कुल मतदाताओं में 49.7 करोड़ पुरुष मतदाता (2019 से 6.9 प्रतिशत अधिक) और 47.1 करोड़ महिलाएं (9.3 प्रतिशत अधिक) शामिल हैं। यह देश की आबादी का 66.8 प्रतिशत है। इस बार 21.6 करोड़ 18-29 वर्ष की आयु के मतदाता है। इनकी संख्या कुल मतदाताओं के 22 प्रतिशत से अधिक हैं। प्रधानमंत्री की अपील का वोटरों पर कितना असर पड़ता है यह भी प्रतीक्षित रहेगा, मगर इतना तय है कि होनेवाला मतदान युगांतकारी और युगांतरकारी होगा। दो खास महागठबंधनों की क्रियाशीलता के फलस्वरुप परिणाम प्रभावोत्पादी होंगे। लोकमत को मजबूती देंगे। दुनिया भी जान लेगी कि भारत अब संपेरो और रस्साकशी करनेवाले नटों का मुल्क नहीं रहा, जो अंग्रेज साम्राज्यवादियों ने बनाकर 1947 में छोड़ा था। मत परिणाम इस बार वोटरों की आत्मचेतना की आवाज की प्रतिध्वनि होगी। कवि जॉन मिल्टन की ऐसी ही शब्दावली थी। जनवाणी मतपत्रों द्वारा ईवीएम से व्यक्त होगी। मोदी के मेरा वोट मेरे देश के लिए की तर्ज पर ही गुजरात में 1968 में श्रीमती मदालसा बजाज नारायण का ऐसा ही अभियान याद आता है। उसकी मैंने विस्तार से रिपोर्टिंग की थी। क्या संयोग है कि गुजराती नरेंद्र मोदी का नारा कितना मेल खाता है गुजरात के तत्कालीन राज्यपाल डॉ. श्रीमन नारायण की इस धर्मपत्नी के प्रयासों से वे प्रसिद्ध गांधीवादी उद्योगपति जमनालाल बजाज की दूसरी पुत्री थीं। उनके पति श्रीमन नारायण प्रसिद्ध अर्थशास्त्री, सांसद और शिक्षा विद रहे। बात है जुलाई 1968 की। तभी टाइम्स आफ इंडिया के नए अहमदाबाद संस्करण में मेरा बंबई कार्यालय से तबादला हुआ था। संपादक ने मुझे बुलवाया और श्रीमती मदालसा नारायण का अनुरोध पत्र दिखाया। उन्होंने उल्लेख किया कि अगस्त 1968 में आजाद भारत के प्रथम युवजन वोटर बनेंगे। तब आयु 21 वर्ष होती थी। भारत को आजाद हुए भी 21 वर्ष हुए थे। संपादक ने मुझे यह सर्वेक्षण कार्य को खबर बनाने का निर्देश दिया। मैं तब सूरत और बड़ौदा नगरों के नवयुवाओं से भी मिला। सवाल करता था कि शासन में नया अधिकार पाने से वे कैसा अनुभव कर रहे हैं ? सरकार से कैसी भूमिका की आशा है ? नए वोटरों की अपेक्षाएं क्या हैं ? एक लंबी रपट कई हिस्सों में लिखकर मैंने तैयार की थी। संपादक ने इसे कई भागों में छापी। काफी प्रशंसनीय हुई थी। फिलहाल मुझे भी आत्मसंतोष हुआ कि एक रिपोर्टर के नाते लोकतंत्र में मेरा भी प्रचार-प्रसार का रोल रहा। पहला नागरिक कर्तव्य मैंने सम्यक तरीके से निभाया। दूसरा था जून 1975 में जब इंदिरा गांधी ने संविधान खत्म कर तानाशाही की थी। मुझे पांच जेलों में 13 माह कैद रखा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़्वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

आज महज 4-5 साल में ये दोनों हवाई अड्डेरोजाना 1000-1500 यात्रियों को संभाल रहे हैं। उड़ानकी सफलता की कहानियों के कई अन्य उदाहरण हैं जैसे कि बरेली, शिमोगा, कन्नूर आदि। ये टियर 2 और टियर 3 शहर अचानक वाणिज्यिक विमानन के लिए विकास के अग्रदूत बन गए हैं। एयरलाइंस को न केवल अच्छा ट्रैफिक मिल रहा है, बल्कि मेट्रो शहरों के बीच संचालित होने वाली उड़ानों की तुलना में इन टियर 2 टियर 3 शहरों मेंउनका औसत प्रति सीट किमी राजस्व भी अधिक है। उड़ानयोजना की इन उड़ानों से प्राप्त प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर, एयरलाइंस अब टियर 2/3 शहरों में नए उड़ान मार्ग शुरू करने के लिए उत्सुक हैं।

# उड़ान : विमानन क्षेत्र में क्रांति की शुरुआत

यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उड़ान योजना स्वतंत्रता के बाद भारत में विमानन क्षेत्र में लाई गई अब तक की सबसे नवीन और समझदारी से तैयार की गई योजना है। उड़ान का जमीनी स्तर पर जो असर दिख रहा है, वह भले ही दिल्ली में स्पष्ट रूप से दिखाई न दे, लेकिन यह देश के कुछ दूरदराज और सुदूरवर्ती इलाकों में क्रांति ला रहा है। उड़ानकी सफलता की कहानियां पूरे भारत के अनेक टियर 2 और टियर 3 शहरों में फैली हुई हैं।



रोहित माथुर

दरभंगा का उदाहरण लें, जो पटना के बाद बिहार में विमान परिचालन शुरू करने वाला दूसरा हवाई अड्डा है। यह उड़ान की एक बड़ी सफलता की कहानी है और आज दरभंगा प्रतिदिन 1500 से अधिक यात्रियों का आवागमन संभालता है। यही कहानी प्रयागराज और कानपुर की भी है, जहां उड़ान के अंतर्गत इंडिगो ने2018-19 के आसपास प्रयागराज-बैंगलोर और स्पाइसजेट ने कानपुर-दिल्ली शुरू की जहां इससे पहले इन शहरों के लिए शायद ही कोई विमान सेवा संचालित होती थीं। आज महज 4-5 साल में ये दोनों हवाई अड्डेरोजाना 1000-1500 यात्रियों को संभाल रहे हैं। उड़ानकी सफलता की कहानियों के कई अन्य उदाहरण हैं जैसे कि बरेली, शिमोगा, कन्नूर आदि। ये टियर 2 और टियर 3 शहर अचानक वाणिज्यिक विमानन के लिए विकास के अग्रदूत बन गए हैं। एयरलाइंस को न केवल अच्छा ट्रैफिक मिल रहा है, बल्कि मेट्रो शहरों के बीच संचालित होने वाली उड़ानों की तुलना में इन टियर 2 टियर 3 शहरों मेंउनका औसत प्रति सीट किमी राजस्व भी अधिक है।

उड़ानयोजना की इन उड़ानों से प्राप्तभ प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर, एयरलाइंस अब टियर 2/3 शहरों में नए उड़ान मार्ग शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। ये तो बस अधूरी कहानी ही है।उड़ानकी बड़ी कहानी भारत के कुछ सुदूरवर्ती और ऐसे शहरों से विमानों और हेलीकॉप्टरों का संचालन करने वाले अनेक छोटे उद्योगपतियों के उभरने से है जहां अब तक हवाई सम्पार्क नहीं था। यह बहुत आश्चर्य की बात है कि उड़ान योजना के सामने आने से पहले भारत जैसे बड़े देश के पास 80 सीट से कम श्रेणी वाला केवल 1 विमान था, जो शिमला मार्ग पर एलायंस एयर द्वारा संचालित एटीआर 42 था। कई कस्बों और शहरों में 9-19 सीटर वाले विमानों के संचालन की संभावना हमेशा मौजूद थी, लेकिन उड़ान योजना के तहत दिए जाने वाले प्रोत्साहन के अभाव में, छोटे ऑपरेटर कभी भी इसमें उतरने की हिम्मत नहीं कर सके।

विमानन एक बहुत ही पेचीदा व्यवसाय है और छोटे उद्योगपतियों के लिए निर्धारित उड़ानें संचालित करना आसान नहीं है (यहां तक कि बड़े उद्योगपति भी विफल हो रहे हैं)। ऐसी अनेक समस्याएं हैं जिनका सामना छोटे ऑपरेटरों को करना पड़ रहा है। सबसे पहले जोखिम उठाने की क्षमता बहुत कम है जो विमानन व्यवसाय में प्रवेश



करने के लिए एक बुनियादी आवश्यकता है। दूसरे, भारत में इकोसिस्टोम में पूंजी लगाने की संरचना मौजूद नहीं है और कुछ बड़ी एयरलाइनों के साथ पिछले खराब अनुभवों के कारणकोई भी बैंक विमानन कंपनियों को पूंजी नहीं देना चाहता है। यहां तक कि अंतर्राष्ट्रीय पूंजी लगाने या पट्टे पर देने वाली संस्थाएं भी छोटी एयरलाइनों का सहयोग करने में झिझक रही हैं।इतनी सारी बाधाओं के बावजूद, अगर लगभग आधा दर्जन नए उद्योगपतियों ने छोटे विमानों पर क्षेत्रीय कनेक्टिविटी उड़ानें शुरू की हैं तो यह केवल उड़ान योजना के कारण संभव हुआ है। उड़ान योजना के प्रोत्साहन के बिना इन सभी छोटे ऑपरेटरों के पास कभी भी निर्धारित उड़ानें शुरू करने का साहस नहीं होता। छोटे ऑपरेटरों में उल्लेखनीय नाम स्टार एयर है जिसने 50 सीटों वाले एम्ब्रेयर 145 विमानों का परिचालन शुरू किया और 4-5 वर्षों के भीतर इस छोटी एयरलाइन ने अपना विस्तोर कर 9 विमानों का बेड़ा तैयार कर लिया और अब वे 18 हवाई अड्डों से उड़ान भर रहे हैं जिनमें से अधिकांश में पहले कभी उड़ानें नहीं थीं।उड़ान के परिणामस्वरूप यह विमान भी भारतीय विमानन में एक नया संकलन था। उड़ानके कारण पेश किए गए कुछ अन्य छोटे विमानों में एयर टैक्सी द्वारा 3-सीटर पिस्टन इंजन टेकनाम विमान, इंडियावन का 9-सीटर सेसना कैरावान और एलायंस एयर का19-सीटर डोर्नियर 228 और फ्लाईबिग एयरलाइंस द्वारा ट्विन ओटर शामिल हैं।भारत में 19 सीटों वाले विमानों का आना एक बहुत ही महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इसमें काफी संभावनाएं हैं। छोटे विमान छोटे रनवे पर चल सकते हैं और उन्हें हवाई अड्डे के महंगे बुनियादी ढांचे की आवश्यकता नहीं होती है। जिन हवाईअड्डों पर ये छोटे विमान चल रहे हैं उनमें से कुछ में न्यूनतम बुनियादी ढांचा है जैसे पश्चिम बंगाल में कूच बिहार, अरुणाचल प्रदेश में जीरो, उत्तराखंड में पिथौरागढ़ आदि। देहरादून से पिथौरागढ़ तक सड़क यात्रा में 18 घंटे लगते हैं और उड़ान में केवल 1 घंटा लगता है। कूच बिहार से कोलकाता पहुंचने में सड़क मार्ग से 17-18 घंटे और ट्रेन से इतना ही समय लगता है, लेकिन अब लोग उड़ान फ्लाइट का उपयोग कर सकते हैं और एक घंटे में कोलकाता पहुंच सकते हैं। उड़ान में रियायती हवाई किराए ने इन दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के जीवन को आसान बना दिया है।

उड़ान योजना हेलीकॉप्टरों के लिए भी निर्णायक बदलाव साबित हो रही है। हेरिटेज एविएशन ने शुरुआत से ही उड़ान योजना की संभावनाको पहचाना और यह फरवरी 2020 में हेलीकॉप्टरों पर उड़ान फ्लाइट शुरू करने वाली पहली निजी हेलीकॉप्टर कंपनी थी। यह देहरादून से उत्तराखंड के दूर-दराज के सीमावर्ती जिलों चमोली और उत्तरकाशी तक दैनिक कनेक्टिविटी संचालित कर रही है। 80 प्रतिशत से अधिक यात्री स्थानीय लोग हैं, इस तथ्य को दोहराते हुए कि उड़ान की थीम उड़े देश का आम नागरिक और हमारे प्रधानमंत्री की कल्प ना कि हवाई चप्पल वाले हवाई जहाज में चलें, केवल नारे नहीं हैं बल्कि उड़ान के कारण वास्तव में साकार हो रहे हैं। उड़ान 5.1 टेंडर के नवीनतम दौर में एयरलाइंस को उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम में कई नए मार्ग दिए गए हैं और बहुत जल्द दैनिक उड़ानें मुनस्यारी, पिथौरागढ और चंपावत के दूरस्थ और सुरम्य शहरों को हलद्वानी से जोड़ना शुरू हो जाएंगी। इन छोटे शहरों के लिए हेलीकॉप्टर उड़ानें न केवल आवश्यक हवाई कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी बल्कि इन क्षेत्रों में पर्यटन को भी बढ़ावा देंगी। सरकार ने हेलीकॉप्टरों और छोटे विमानों के लिए अनेक नियमों में ढील दी है, जिससे यह उद्योग के लिए और अधिक आकर्षक हो गया है। कोविड महामारी ने उड़ान योजना के प्रतिपादन को रोकने में प्रमुख भूमिका निभाई क्योंकि सभी ऑपरेटर बुरी तरह प्रभावित हुए थे। हालांकि, पिछले 2 वर्षों में उद्योग महामारी से हुए नुकसान से उबरने में कामयाब रहा है। अगले 5 साल बड़े अवसर पेश करते हैं और अब उद्योग सफलता के दौर और अच्छो भविष्यल की ओर बढ़ने के लिए तैयार है तथा हम उड़ान योजना के बड़े पैमाने पर परिवर्तनकारी परिणाम देखेंगे, जिसकी कई उद्योग पर्यवेक्षकों ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी।

# रेलवे स्टेशनों का बेमिसाल कायाकल्प

आधुनिकीकरण के नाम पर, 2014 से पहले, यात्री सुविधाओं में सुधार और बहुत कम दृश्यता वाले व्यस्त रेलवे स्टेशनों के आगे के हिस्सेल को बेहतर बनाने के लिए छिटपुट प्रयास किए जाते रहे। 2014 के बाद, पूरे भारत में रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास रेल मंत्रालय का प्रमुख एजेंडा बन गया। इस एजेंडे को अब सरकार पूरी ताकत से आगे बढ़ा रही है। गुजरात में गांधीनगर रेलवे स्टेशन का 2021 में आधुनिकीकरण किया गया और यहपहला स्टेशन था जिसका आधुनिकीकरण किया गया।

भारत में रेलवे स्टेशन देश के लगभग हर व्यक्ति की यादों का अभिन्न हिस्सा रहा है। वे देश के बुनियादी ढांचे और परिवहन के साथन केवल यात्रा लॉजिस्टिक्सल के गौरव का महत्वपूर्ण संकेत हैं, बल्कि देश की वास्तु कला संबंधी तस्वीसर का परिदृश्या दिखाने वाला एक महत्वपूर्ण तत्व भी हैं। प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक भारतीय यात्री भारत के स्टेशनों से यात्रा करते हैं, फिर भी भारतीय बुनियादी ढांचे के इस आवश्यक हिस्से को आधुनिक बनाने और लाखों लोगों के दिन-प्रतिदिन के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ऐसा प्रयास पहले कभी नहीं किया गया, जैसा कि अब किया जा रहा है।



डी जे नारायण

जैसे-जैसे भारत कई ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था की दिशा में दृढ़ कदम उठा रहा है, रेलवे स्टेशनों के परिवर्तन का मिशन असाधारण है। स्टे-शन जो पहलेगंदगी और कचरे का भंडार होते थे, उनका अब आरामदायक यात्रा के स्वच्छ हलचल वाले केन्द्र, राष्ट्रीय गौरव और विरासत तथा विश्वस्तरीय सुविधाओं का प्रतीक बननावास्तव में उल्लेखनीय है। मिशन ने पहले ही आश्चर्यजनक परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है। ये आधुनिकीकृत रेलवे स्टेशन एक ऐसे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हैं जो न केवल तेजी से आधुनिकीकरण कर रहा है बल्कि एक ऐसी शासन व्यवस्था भी बना रहा है जो अपने नागरिकों की परवाह करती है। भारतीय रेलवे का अनुभव करने का अर्थ है, भारत को एक राष्ट्र के रूप में भी अनुभव करना।

आधुनिकीकरण के नाम पर, 2014 से पहले, यात्री सुविधाओं में सुधार और बहुत कम दृश्यता वाले व्यस्त रेलवे स्टेशनों के आगे के हिस्सेल को बेहतर बनाने के लिए छिटपुट प्रयास किए जाते रहे। 2014 के बाद, पूरे भारत में रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास रेल मंत्रालय का प्रमुख एजेंडा बन गया। इस एजेंडे को अब सरकार पूरी ताकत से आगे बढ़ा रही है। गुजरात में गांधीनगर रेलवे स्टेशन का 2021 में आधुनिकीकरण किया गया और यहपहला स्टेशन था जिसका आधुनिकीकरण किया गया। बाद में, इसी वर्ष, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (जिसे पहले हबीबगंज के नाम से जाना जाता था) भारतीय रेलवे का पहला रेलवे स्टेशन था जिसेपुनर्विकसितकिया गया। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 2022 में लगभग 10,000 करोड़ के कुल निवेश के साथ 3 प्रमुख रेलवे स्टेशनों- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, अहमदाबाद रेलवे स्टेशन और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) मुंबई को पुनर्विकसित करने की मंजूरी दी। केन्द्र ने अब देश के 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन के रूप में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। इस मिशन को तब गति मिली, जब अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। 24,470



करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित किए जा रहे ये 508 स्टेशन 27 राज्यों और केन्द्र-शासित प्रदेशों में फैले हुए हैं, जिनमें अन्य के अलावा उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 55-55, बिहार में 49, महाराष्ट्र में 44, पश्चिम बंगाल में 37, मध्य प्रदेश में 34, असम में 32, ओडिशा में 25, पंजाब में 22, गुजरात और तेलंगाना में 21-21, झारखंड में 20, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 18-18, हरियाणा में 15, कर्नाटक में 13स्टेशन शामिल हैं।

आज जो परिणाम देखे जा रहे हैं, वे विशेष रूप से 2019 के बाद से किए जा रहे प्रयासों और प्रबंधन पहलों का परिणाम हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री के पास स्टेशन पुनर्विकास के लिए व्यापक दूरदर्शिता है। जब हम मूल डिज़ाइन के साथ गए, तो उन्होंने डिज़ाइन को मंजूरी नहीं दी। उन्होंने हमसे 50 साल आगे के लिए स्टेशनों को डिजाइन करने को कहा। इसलिए, हमने दोबारा से डिज़ाइन तैयार किया और फिर निर्माण शुरू किया। आज हम दुनिया का सबसे बड़ा स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम कर रहे हैं। 1309 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। रेलवे स्टेशनों के विकास, पुनर्विकास की प्रकृति जटिल है, जिसमें यात्रियों और ट्रेनों की सुरक्षा शामिल है और इसके लिए दमकल की मंजूरी, विरासत, पेड़ काटने, हवाई अड्डे की मंजूरी आदि जैसी विभिन्न वैधानिक मंजूरियों की आवश्यकता होती है।छोड़ी हुई भूमि से संबंधित चुनौतियों जैसे जनोपयोगी वस्तुयओं के स्थानांतरण, अतिक्रमणों, यात्रियों की आवाजाही में बाधा डाले बिना ट्रेनों के संचालन, उच्च वोल्टेज बिजली लाइनों के निकट किए जा रहे कार्यों की वजह से प्रतिबंध के कारण भी प्रगति प्रभावित होती है। स्टेशन विकास कार्य के लिए संबंधित अधिकारियों की आवश्यक मंजूरी के लिए शहरी, स्थानीय निकायों और अन्य हितधारकों, विशेषज्ञों, अधिकारियों के साथ व्यापक परामर्श किया जा रहा है।

1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण एक बहुत बड़ा काम है और गति एवं पैमाने के साथ इन स्टेशनों के वैज्ञानिक पुनर्विकास के पीछे एक सर्व-समावेशी गहन प्रक्रिया चल रही है। टेंडर जारी करने से पहले विभिन्न स्तरों पर चर्चा के साथ समग्र रूप से डिजाइनिंग की गई है। इसके अलावा, एक मानक निविदा दस्तावेज तैयार किया गया और सभी के साथ साझा किया गया ताकि एक निश्चित समय पर काम पूरा करना सुनिश्चित किया जा सके। भारतीय रेलवे ने पुनर्विकास कार्य हरसंभव तरीके से बेहतर करने के लिए भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम का विलय कर दिया। सभी प्रभागों और क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा उपयुक्त उपयोग के लिए विभिन्न शीर्ष क्षेत्र विशेषज्ञों, आर्किटेक्ट्स और पाइलिंग एजेंसियों को सूचीबद्ध किया गया। ज़ोन और मुख्यालयों में गतिशक्ति निदेशालयों के निर्माण के अलावा, इसके लिए 9000 से अधिक कर्मियों को प्रशिक्षित करने से प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और तेज़ करने में भी मदद मिली है।

इस योजना में स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणों में उनका कार्यान्वयन शामिल है, जैसे प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए स्टेशन तक पहुंच, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, लिफ्ट, एस्केलेटर आवश्यक, स्वच्छता, मुफ्त वाईफाई, एक स्टेशन एक उत्पाद जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूकटिव लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामांकित स्थान, लैंडस्केरपिंग आदि। इस योजना में भवन में सुधार, स्टेशन को शहर के दोनों किनारों के साथ जोड़ना, मल्टीमॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल समाधान की भी परिकल्पना की गई है। प्रत्येक स्टेशन पर एक विशाल छत प्लाजा होगा, जिसमें खुदरा, कैफेटेरिया, मनोरंजन सुविधाओं के साथ-साथ सभी यात्री सुविधाएं एक ही स्थान पर होंगी।

# समृद्धि की राह : एमएसएमई के लिए ऋण की सरल प्रक्रिया

सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड योजना (सीजीटीएमएसई) एमएसएमई को दिए गए 500 लाख रुपये तक के गारंटी मुक्त ऋण के लिए गारंटी कवर प्रदान करती है, जिससे वित्तीय संस्थानों के लिए जोखिम कम हो जाता है। अब तक, सीजीटीएमएसई ने 82.28 लाख इकाइयों को 5.75 लाख करोड़ रुपये की राशि की गारंटी दी है, जिससे 2.14 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करने में मदद मिली है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं क्योंकि वे देश के सतत विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस क्षेत्र की जीवंतता घरेलू और वैश्विक, दोनों बाजारों के लिए तैयार किए गए उत्पादों/सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला में निहित है जो सरकारों/हितधारकों के नीतिगत समर्थन से लैस है। भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ होने के बावजूद, एमएसएमई क्षेत्र को ऋण की सहज उपलब्धता को लेकर महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ये चुनौतियां धन उधार लेने में अपनाई जाने वाली पारंपरिक कार्यप्रणालियों, तीव्र प्रतिस्पर्धा, ग्राहकों की कठिन प्राथमिकताओं और डिजिटल सुविधाओं की कमी के कारण पैदा होती हैं और इस क्षेत्र के विकास की राह में अतिरिक्त समस्याएं पेश करती हैं।



डॉ. ई विजया

भारत सरकार का सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमओएमएसएमई) पिछले एक दशक से ऋण सहायता, तकनीकी सहायता, बुनियादी ढांचे के विकास, कौशल विकास और बाजार संबंधी सहायता से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के जरिए एमएसएमई क्षेत्र को समर्थन प्रदान करने और उन्हें विकसित करने हेतु सक्रिय रूप से विभिन्न नीतिगत उपायों को लागू कर रहा है। ये पहल भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एमएसएमई क्षेत्र की वृद्धि और स्थिरता की दृष्टि से अहम हैं। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) योजना का उद्देश्य नए स्व-रोजगार उद्यमो, परियोजनाओं, सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के जरिए देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना है। शुरुआत के बाद से, पीएमईजीपी के तहत महिला उद्यमियों की कुल 2,59,339 परियोजनाओं को सहायता प्रदान की गई है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय के एनएसएस 73वें दौर के अनुसार, देश में अनुमानित रूप से कुल 1,23,90,523 महिला स्वामित्व वाले एमएसएमई हैं।

सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड योजना (सीजीटीएमएसई) एमएसएमई को दिए गए 500 लाख रुपये तक के गारंटी मुक्त ऋण के लिए गारंटी कवर प्रदान करती है, जिससे वित्तीय संस्थानों के लिए जोखिम कम हो जाता है। अब तक, सीजीटीएमएसई ने 82.28 लाख इकाइयों को 5.75 लाख करोड़ रुपये की राशि की गारंटी दी है, जिससे 2.14 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करने में मदद मिली है। सीजीटीएमएसई ने एमओएमएसएमई के साथ मिलकर उद्योग जगत और ऋण देने वाले संस्थानों के बीच जागरूकता पैदा की है। सीजीटीएमएसई फंडिंग की मंजूरी के बाद के वर्षों में लाभार्थियों ने अपने कारोबार के साथ-साथ रोजगार सृजन में भी वृद्धि का अनुभव किया है। इसका एमएसई क्षेत्र के छह प्रमुख क्षेत्रों यानी प्रौद्योगिकी उन्नयन, कौशल उन्नयन, बाजार विकास, योजना की



स्थिरता, आर्थिक प्रभाव और सामाजिक प्रभाव पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। यह इस बात से स्पष्ट है कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान, सीजीटीएमएसई ने 30 जनवरी 2024 को 10 महीने की अवधि में 1.5 लाख करोड़ रुपये की गारंटी की एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पिछले साल की 1.04 लाख करोड़ रुपये की गारंटी की मंजूरी की तुलना में, यह सीजीटीएमएसई के संचालन में निरंतर व महत्वपूर्ण तेजी का संकेत देता है।

क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी और प्रौद्योगिकी उन्नयन योजना (सीएलसीएस-टीयूएस) को लीन मैन्यूफैक्चरिंग के जरिए अपशिष्ट में कमी लाकर, बेहतर डिजाइन के लिए समर्थन प्रदान कर, बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाकर, शून्य दोष शून्य प्रभाव (जेडईडी) योजना को अपनाकर, डिजिटल एमएसएमई के जरिए एमएसएमई का डिजिटल सशक्तिकरण कर और देश भर में इनक्यूबेशन के जरिए विनिर्माण के साथ-साथ ज्ञान आधारित नवाचार एमएसएमई में नवीनतम प्रौद्योगिकियों को अपनाकर और व्यक्ति विशेष की अप्रयुक्त रचनात्मकता को बढ़ावा व समर्थन देकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने हेतु कार्यान्वित किया जा रहा है।

फिनराइज : टिकाऊ उद्यमों के लिए वित्तीय अनुसंधान एवं नवाचार को 24 जनवरी 2024 को नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एमएसएमई (एनआई-एमएसएमई) में सिडबी और सीजीटीएमएसई के संयुक्त वित्तीय समर्थन के साथ लॉन्च किया गया था ताकि एमएसई की ऋण संबंधी साख को बढ़ाने और वित्तीय ज्ञान एवं सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को लोकतांत्रिक बनाकर, एमएसई इकोसिस्टम में वित्तीय अनुशासन एवं विवेक को विकसित कर एमएसई के बीच प्रशासन एवं वित्तीय प्रबंधन को बढ़ावा देने से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने में उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में कार्य किया जा सके।

सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट द्वारा संचालित अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों के लिए एक विशेष योजना भारत सरकार के एमएसएमई मंत्री श्री नारायण राणे द्वारा 14 फरवरी, 2024 को उत्तर प्रदेश में चार प्रौद्योगिकी केन्द्रों के उद्घाटन के दौरान शुरू की गई। यह योजना सूक्ष्म/नैनो उद्यमों को 20.0 लाख रुपये तक के ऋण प्रदान करेगी और इसका उद्देश्य क्रेडिट जोखिम धारणा को कम करना है और ऋण देने वाले संस्थानों को आईएमई को ऋण देने के लिए प्रेरित करना है। जैसे-जैसे यह पहल आगे बढ़ेगी, इससे न सिर्फ व्यक्तिगत उद्यमियों को सशक्त बनाने की उम्मीद है बल्कि एक समावेशी, गतिशील और सुदृढ़ आर्थिक इकोसिस्टम भी तैयार होगा। इसके अलावा सरकार ने देश में एमएसएमई के लिए ऋण की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाने हेतु वर्तमान में जारी योजनाओं सहित कई उपाय किए हैं। उनमें से कुछ उपाय निम्नलिखित हैं।

प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों को एमएसएमई के औपचारिक दायरे में लाने हेतु 11 जनवरी 2023 को उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म का शुभारंभ। प्राथमिकता क्षेत्र ऋण लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से खुदरा और थोक व्यापारियों को 02 जुलाई 2021 से एमएसएमई के रूप में शामिल करना। एमएसएमई की हैसियत में ऊपर की ओर बदलाव होने की स्थिति में गैर-कर लाभों को तीन साल के लिए बढ़ाया गया। इलेक्ट्रॉनिक रूप से विविध फाइनेंसरों के जरिए सरकारी विभागों एवं पीएसयू सहित कॉरपोरेट तथा अन्य खरीदारों से एमएसएमई के व्यापार प्राप्तियों के वित्तपोषण को सुविधाजनक बनाने हेतु ट्रेड रिसीवेबल डिस्काउंटिंग सिस्टम। आत्मनिर्भर भारत कोष के जरिए 50,000 करोड़ रुपये का इक्विटी निवेश। इस योजना में भारत सरकार की ओर से 10,000 करोड़ रुपये के कोष का प्रावधान है। पांच वर्षों में 6,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एमएसएमई के प्रदर्शन को बढ़ाने और तेज करने (आरएएमपी) की योजना का शुभारंभ। भारत सरकार का एमएसएमई मंत्रालय गारंटी मुक्त ऋण की सहायता प्रदान करने जैसी रचनात्मक योजनाएं शुरू करके एमएसई की विकास यात्रा में उनका साथ देने के प्रति दृढ़प्रतिज्ञ है।

# धारा 370 मोदी सरकार ने किया धराशाई : मेघवाल

## विश्वेश्वरैया सभागार में भाजपा का शक्ति केन्द्र संयोजक एवं प्रभारी सम्मेलन का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** हजरतगंज स्थित राजभवन के सामने विश्वेश्वरैया सभागार में भारतीय जनता पार्टी, लखनऊ महानगर द्वारा शक्ति केन्द्र संयोजक एवं प्रभारी सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमे कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन करके श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय पर पुष्प अर्पित करके किया गया।






लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बतौर मुख्य अतिथि पधारे केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का पुष्प गुच्छ एवम अंग वस्त्र देकर स्वागत के साथ लोकसभा चुनाव प्रभारी पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा, महापौर सुषमा खर्कवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यम्बक त्रिपाठी, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, मोहसिन रजा एवम पार्टी पदाधिकारियों समेत शक्ति केन्द्रों के संयोजक, प्रभारी, मोर्चा पदाधिकारियों का स्वागत अभियान किया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल में अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संविधान संसदीय लोकतंत्र प्रणाली से चलता है किस दल के लोकसभा सदस्य ज्यादा होंगे उसे दल का का प्रधानमंत्री चुना जाता है

2014 की निर्णायक सरकार नरेंद्र मोदी की सरकार ने निर्णय लिया कि एंग्लो इंडियन में निर्धारित सीटों दो सीटों की क्या जरूरत है जिसे खत्म करने का काम किया। अब 542 सीटों में बहुमत से 272 सीटों का आंकड़ा आने पर सरकार को बनाने का आमंत्रण प्राप्त होता है इस देश में ऐसी भी परिस्थिति मिली बनी जब दो दलों मिलकर के सरकार बनाई है। 2014 से इस देश में एक नया सरकार चल रही है जो जनता जनार्दन के आशीर्वाद से चल रही है बहुत से ऐसे काम है जो इस सरकार ने किए हैं और करने के बाद आज पुन जनता के बीच आयी है। एक सपना लेकर आई है कि भारत को विकसित भारत देश बनाएंगे। चुनाव तो बहुत हुए नारे भी खूब लगे लेकिन शायद ही कोई पार्टी ऐसी है जो विकसित भारत बनाने का संकल्प लेकर के आई है।। छोटे से छोटे क्षेत्र में केंद्र की सरकार ने काम करके देश को आगे बढ़ाया है।

चुनाव में कार्यकर्ता मुख्य कड़ी होती है भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता बधाई के हकदार हैं और विशेष करके उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ता ने 2014 में आपने एक निर्णायक बहुमत देकर करके केंद्र की सरकार बनाई । इसका सबसे बड़ा कारण अगर कोई है तो यह सामने बैठे हमारे कार्यकर्ता है जो शक्ति केंद्र प्रभारी है बूथ प्रभारी हैं मंडल प्रभारी हैं कार्यकर्ताओं की संगठन संरचना उत्तर प्रदेश में बहुत अच्छी है। हमें 400 का आंकड़ा इसलिए तय नहीं किया इसमें 370 सीटे बीजेपी को पूरे देश में कमल के निशान पर और बाकी सीटें जो हमारे एनडीए के घटक दल हैं उनके सहयोग से जितनी है। 370 ही क्यों इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 1981 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक आंदोलन किया।

# योगी कैबिनेट विस्तार : दारा सिंह को मिला सब्र का फल

**लखनऊ।** दारा सिंह योगी कैबिनेट में मंत्री बनाए गए हैं। सपा छोड़कर भाजपा में आने वाले दारा सिंह के बीता वक्त कठिनाई से गुजरा। वह बीजेपी में शामिल हो गए। उन्हीं के द्वारा छोड़ी गई सीट पर उन्हें टिकट दे दिया गया। लेकिन मुश्किल तब हुई जब उपचुनाव में दारा सिंह सपा से हार गए।

राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तब आम हो गई कि अब दारा सिंह के लिए मंत्री पद मिलना कठिन काम होगा। ओपी राजभर के विपरीत दारा सिंह ने चुप्पी साधी। उन्होंने मंत्री पद से जुड़ा कोई बयान पब्लिक फोरम में नहीं दिया।

बीच में यह चर्चाएं भी आई कि हो सकता है कि भाजपा उन्हें विधान परिषद के रास्ते सदन में भेज दो दे लेकिन मंत्री ना बनाएं। मंगलवार को उन अटकलों पर विराम लग गया। दारा सिंह को योगी कैबिनेट में जगह दे दी गई। दारा सिंह का प्रभाव



- उप-चुनाव में हार के बाद भी मिला मंत्री पद
- दारा सिंह को मिली थी बड़ी हार

भी कुछ यूपी की सीटों पर माना जाता है।

घोसी उपचुनाव में सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह ने बड़ी जीत हासिल की थी। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह को 42 हजार 759 मतों से मात दी। बीते वर्ष विधानसभा चुनाव में एक लाख आठ हजार 430 वोट पाने वाले दारा सिंह चौहान इस बार 81 हजार 668 पर सिमट कर रह गए थे। इस हार के बाद दारा सिंह के भविष्य पर सवालिया निशान लग थे। विधानसभा चुनाव हारने के बाद इसी साल जनवरी में पार्टी ने उन्हें जनवरी में विधान परिषद में भेज दिया था।

# प्रदेश के कैबिनेट में किसानों की बिजली फ्री का ऐलान

अवधनामा संवाददाता

- उपभोक्ता परिषद ने मुख्यमंत्री जी का व्यक्त किया आभार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की कैबिनेट द्वारा लंबे समय से चली आ रही मांग 1 अप्रैल 2023 से निजी नलकूप की बिजली फ्री करने का आज जो निर्णय लिया गया है निश्चित तौर पर वह सराहनीय है गौरतलब है कि उपभोक्ता परिषद लंबे समय से किसानों की फ्री बिजली की मांग कर रहा था। उपभोक्ता परिषद में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया कहा किस लंबे समय से इस निर्णय का इंतजार कर रहे थे।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा वर्ष 2023- 24 की बात करें तो प्रदेश में लगभग 14 लाख 32410 निजी नलकूप के उपभोक्ता है उनके द्वारा लिया गया कल संयोजित भार लगभग 8806046 किलोवाट है अगर बात करें तो उन पर लगभग 19276 मिलियन यूनिट बिजली साल में दी जाती है अभी यह कहना बिल्कुल उचित होगा कि इस आदेश से प्रदेश के किसानों में खुशी की लहर है और किसान इस बात से खुश है कि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी ने किसानो की लंबे समय से चली आ रही मांग पर आज उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने मोहर लगा दी। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से यह भी मांग उठाई की 1 अप्रैल 2023 के बाद हजारों की संख्या में किसानों ने बिजली का बिल का भुगतान किया है ऐसे में जिन भी किसानों ने 1 अप्रैल के बाद बिजली बिल भरा है उनके भुगतान को या तो वापस किया जाए या तो यदि वह घरेलू विद्युत उपभोक्ता भी है तो उनके बिल में उसका समायोजन दिया जाए।

# केजीएमयू में थर्ड फ्लोर से कूद रहे मरीज को सिपाही ने बचाया

**लखनऊ।** केजीएमयू (किंग जार्ज मेडिकल कालेज) में मंगलवार सुबह सर्जरी वार्ड के तीसरे तल से कूदने जा रहे एक युवक मरीज को तत्परता से चौक कोतवाली में तैनात सिपाही नवनीत चोकर ने बचा लिया। मरीज जब छत की रेलिंग पकड़कर लटका था, तभी सिपाही ने उसका हाथ पकड़कर झटके से खींच लिया।

दोपहर घटना का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद नवनीत के साहस की सभी ने सराहना की। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय के मुताबिक पूछताछ में युवक ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल के मुरली दंगल का रहने वाला बुद्धिनाथ है। वह गिर गया था, जिससे उसके गले में कट लग गया था। इलाज के लिए वह केजीएमयू आया था। मौका पाते ही तीसरे तल पर चढ़कर बालकनी में पहुंच गया। वहां रेलिंग पकड़कर नीचे कूदने का प्रयास करने लगा था। उसे बचा लिया गया है।

# सीएम योगी ने बारिश व ओलावृष्टि से प्रभावित नौ जिले को दिए 23 करोड़

**लखनऊ।** वर्षा व ओलावृष्टि से सर्वाधिक प्रभावित नौ जिलों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 23 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। सर्वेक्षण के बाद सर्वाधिक प्रभावित जिलों में जालौन, ललितपुर, महोबा, सहारनपुर, बांदा, बस्ती, झांसी, शामली और चित्रकूट को शामिल किया गया है।

जालौन में फसल का सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, इसलिए मुख्यमंत्री ने जालौन के लिए सर्वाधिक पांच करोड़ रुपये जारी किए हैं और चित्रकूट के लिए एक करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। उन्होंने राहत विभाग को तत्काल किसानों के खातों में धनराशि भेजने के निर्देश दिए हैं। वहीं प्रदेश के अन्य जिलों में भी क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वेक्षण का काम लगभग पूरा हो गया है।

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ के निर्देश पर खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को खेतों में स्थलीय आकलन के लिए भेजा गया था। जिलाधिकारियों की रिपोर्ट के बाद प्रदेश के नौ जिलों में सर्वाधिक नुकसान की रिपोर्ट तैयार करके विभाग को भेजी गई थी। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रिपोर्ट का अध्ययन करने के तत्काल बाद ही नौ जिलों के लिए 23 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी।

- सर्वेक्षण के बाद सर्वाधिक प्रभावित जिलों में जालौन, ललितपुर, महोबा, सहारनपुर, बांदा, बस्ती, झांसी, शामली और चित्रकूट को शामिल किया गया

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि जालौन के लिए सबसे ज्यादा पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। वहीं ललितपुर, महोबा, सहारनपुर के लिए 3-3 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह बांदा, बस्ती, झांसी और शामली के लिए दो-दो करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा चित्रकूट के लिए एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन जिलों में किसानों की 33 प्रतिशत से अधिक फसल बर्बाद हो गई है। प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है।

# अब डाकघरों में भी पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए निःशुल्क पंजीयन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अब डाकघरों के माध्यम से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए पंजीयन किया जा सकता है। इस योजना के पात्र लोगों का सर्वे केंद्र सरकार डाक विभाग के जरिए कर रही है। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग के पोस्टमैन और ग्रामीण डाक सेवक घर-घर जाकर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ बताते हुए सर्वे कर रहे हैं तथा जिन आवासीय घरों में लोग सोलर रूफ टॉप लगवाना चाहते हैं, उनका निःशुल्क पंजीयन मोबाइल एप के माध्यम से तत्काल कर रहे हैं।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि पोस्टमैन घर-घर जाकर अपने मोबाइल पर एप्लीकेशन क्यूआरटी पीएम सूर्यघर के द्वारा जानकारी जुटा रहे हैं। पंजीयन

- पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत मिलेगी हर माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली, डाकघरों के माध्यम से हो रहा पंजीयन

के लिए ग्राहक का मोबाइल नंबर, ग्राहक का नाम, राज्य, जिला, बिजली वितरण कंपनी, उपभोक्ता खाता संख्या, बिजली बिल की प्रति, घर के रूफटॉप की तस्वीर, सौर स्थापना के लिए उपलब्ध अनुमानित क्षेत्र इत्यादि जानकारी सम्बंधित साइट पर अपलोड कर सोलर रूफटॉप के लिए निःशुल्क पंजीयन कर रहे हैं। विदित हो कि इस योजना के अंतर्गत एक किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए केंद्र सरकार द्वारा 30 हज़ार, दो किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए 60 हज़ार जबकि तीन या उससे अधिक किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए 78 हजार की सब्सिडी दी जाएगी।

# कन्हैयालाल का महाकाव्य 'विकर्ण महान' गागर में सागर : अशोक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 'नवसृजन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था, लखनऊ' के तत्वावधान में वरिष्ठ साहित्यकार कवि एवं लेखक कन्हैया लाल द्वारा सद्यः प्रकाशित महाकाव्य विकर्ण महान का लोकार्पण समारोह लखनऊ पुस्तक मेला, रवींद्रालय, लखनऊ के सांस्कृतिक मंच पर सम्पन्न हुआ।

समारोह के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) वी. जी. गोस्वामी (पूर्व अधिष्ठाता-विधि विभाग, ल.वि.वि.) वरेण्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. (डॉ.) उषा सिन्हा (पूर्व अध्यक्ष भाषा विज्ञान विभाग, ल. वि. ल.) एवं डॉ. सुल्तान शाकिर हाशमी (पूर्व सलाहकार सदस्य योजना आयोग, भारत सरकार), विशिष्ट अतिथि- वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य ओम् नीरव एवं अशोक पाण्डेय अशोक थे।

डॉ. योगेश के संचालन एवं कन्हैया




- कन्हैया लाल का महाकाव्य 'विकर्ण महान' पुस्तक मेला में हुआ लोकार्पित

लाल की वाणी-वन्दना से आरम्भ इस समारोह में मंचस्थ अतिथियों द्वारा कविवर कन्हैया लाल द्वारा प्रणीत महाकाव्य महाभारत के विकर्ण महान का लोकार्पण हुआ। उपस्थित साहित्यिक मनीषियों का मानना है कि, महाभारत के विकर्ण पात्र पर पहली बार महाकाव्य लिखा गया है। इस अवसर पर डॉ. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी 'पथिक' ने मुख्य वक्ता के रूप बोलते हुए, इसे एक श्रेष्ठ महाकाव्य बताया। विशिष्ट अतिथि आचार्य ओम नीरव ने कहा कि विकर्ण पात्र पर साहित्य लिखना आवश्यक था, जो कार्य सुकवि कन्हैया लालजी ने सुंदर कृति के रूप में पूर्ण किया है। वरिष्ठ सुकवि आदरणीय अशोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि, मैंने कन्हैया लाल से कहा था कि विकर्ण पात्र पर किसी ने नहीं लिखा है, आप लिखिए तो यश प्राप्त होगा। वहीं सुल्तान शाकिर हाशमी ने कहा कि छन्द में लिखा गया यह श्रेष्ठ महाकाव्य है। मुख्य अतिथि प्रो (डॉ.) उषा सिन्हा ने कहा कि विकर्ण के बारे में कम लोगों को ज्ञात था।

# इण्टरनेशनल ओलम्पियाड में छात्रा को प्रथम पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की कक्षा-2 की मेधावी छात्रा अर्शिका मिश्रा ने इण्टरनेशनल जनरल नॉलेज ओलम्पियाड में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। ओलम्पियाड का आयोजन साइन्स ओलम्पियाड फाउण्डेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में हुआ। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस जनरल नॉलेज ओलम्पियाड में भारत समेत कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग किया एवं कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने विभिन्न विषयों के उत्कृष्ट ज्ञान, देश-दुनिया की नवीनतम जानकारियों, तार्किक क्षमता एवं मेधात्व का शानदार उदाहरण प्रस्तुत करते हुए प्रथम पुरस्कार अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। इस उपलब्धि हेतु



अर्शिका को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस प्रतिभाशाली छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है, जिसके फ्लस्वरूप सी.एम.एस. के मेधावी छात्र विभिन्न राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक पुरस्कार अर्जित कर प्रदेश व देश का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं।

# सपा से उठ रहा मुसलमानों का विश्वास कैसे होगी लोकसभा- 2024 की नैया पार

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** एक वक्त था जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव एक मात्र ऐसे लीडर हुआ करते थे कि जिन्हें मुसलमान अपना रहनुमा समझ तनमन धन लगा कर उनकी पार्टी के लिए अपने आप को समर्पित कर देता था। लेकिन उनकी जगह जबसे अखिलेश यादव ने पार्टी की बाग डोर संभाली है मुस्लिम लीडर शिप को हाशिये चली गई है। इसी बात की टीस मुस्लिम समुदाय को कहीं न कहीं सपा से दूर करती नजर आ रही है। हाल के दिनों में कई मुस्लिम नेताओं का समाजवादी पार्टी छोड़कर जाना इस बात की गवाही दे रही है।

लोकसभा चुनाव की सुगबुगाहट से सारे राजनीतिक दलों ने अपने अपने मोहरे चलने शुरू कर दिये हैं। एक तरफ भाजपा एनडीए के साथ हैट्रिक की तैयारी में है तो विपक्ष सत्ता

- आजम खान सहित कई दिग्गज मुस्लिम नेताओं के साथ हुए बर्ताव को लेकर दिख रही नाराजगी

समाजवादी पार्टी

रूढ़ पार्टी को हराने के लिए इंडिया गठबंधन तैयार कर अपने पत्ते खोल दिए हैं। चुनावी बिसात पूरी तरह बिछ चुकी है। हर दल अपनी जीत को लेकर जातीय समीकरण साधने में लग गया है। वहीं समाजवादी पार्टी का वोट बैंक रहे अल्पसंख्यक समुदाय पिछले कुछ महीनों से समाजवादी पार्टी के कुछ मुस्लिम कद्दावर नेताओं को हाशिये पर कर दिये जाने से अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। एक समय था जब समाजवादी पार्टी में आजम खान, अतीक अहमद सलीम शेरवानी जैसे मुस्लिम नुमाइंदे अपने समाज के साथ हर मुश्किल समय खड़े दिखते थे। उनमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान ने। आज आजम खान किस हालत में हैं यह जानने की जरूरत भी सपा मुखिया को फुरसत नहीं है। उधर भाजपा राज में न्यायिक हिरासत में अतीक अहमद की हत्या में भी मुस्लिम समाज समाजवादी पार्टी की उदासीनता को लेकर दूरी बनाये हुए है। कुछ दिनों पहले एक और मुस्लिम नेता सलीम शेरवानी ने भी पार्टी मुखिया की मुस्लिम समाज की अनदेखी के चलते पार्टी को अलविदा कह दिया। अधिकतर मुस्लिम नवजवानों और बुजुर्गों का मानना है कि यह समाजवादी मुलायम सिंह वाली समाजवादी पार्टी नहीं रह गई। अगर यही स्थिति बनी रही तो फिर समाजवादी पार्टी के लिए 2024 की नैया पार लगना मुश्किल हो जायेगा।

# तालाब पर कर रहा भू माफिया कब्जा



अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत करारी में भू माफिया ने नयागंज वार्ड स्थित एक पुराने तालाब पर नजर टेढ़ी कर दी है। तालाब पर कब्जा करने की नीयत से भू माफिया ने उसपर मिट्टी डलवाकर पाटना शुरू कर दिया है। वहीं नगर प्रशासन ने भू माफिया का हौसला बढ़ाते हुए उधर सड़क बनवा दिया है। इसबात को लेकर कस्बे में नगर के जिम्मेदारों की नीयत पर सवाल उठा दिया है।

आदर्श नगर पंचायत करारी में इन दिनों फिर से भू माफिया सिर उठाने लगे हैं। इससे पूर्व भी कस्बे की बेशकीमती तालाबी भूमि और नाले पर भू माफियाओं ने कब्जा कर उसपर मकान और कमर्शियल काम्प्लेक्स बना अपना कब्जा बनाये हुए हैं। अभी हाल ही में नगर के नयागंज वार्ड में स्थित बरसों पुराने तालाब पर कस्बे के ही कुछ भू माफिया मिट्टी डाल कब्जा करने के फिराक में हैं। इस बात को लेकर वार्ड वासियों में जिम्मेदारों की संवेदनहीनता को लेकर गुस्सा देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि यही एक मात्र तालाब है कि जिसमे पानी पर्याप्त मात्रा में रहता है। और गर्मी में इसी तालाब से घरेलू और जंगली जानवर पानी पीकर अपनी प्यास बुझाते हैं।

# सस्टेनेबल डवलपमेंट और फेमकेयर पर नेशनल वर्कशॉप

## प्रो. मंजुला जैन ने कहा, मासिक चक्र के समय रखें विशेष साफ-सफाई, गुड हैल्थ एवं लाइफ ऑन लैंड पर बोलीं डॉ. दीप्ति शुक्ला

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग और नाइन फाउंडेशन, गुरूग्राम के सहयोग से सस्टेनेबल डवलपमेंट गोल और फेमकेयर हाईजीन पर पांच दिनी वर्कशॉप में टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने स्टुडेंट्स को सस्टेनेबल डवलपमेंट और फेमकेयर के बारे में विस्तार से बताया।

प्रो. जैन ने छात्राओं को मासिक चक्र के समय विशेष साफ-सफाई रखने पर जोर दिया। उन्होंने वर्कशॉप के टॉपिक की समझ को विकसित करने के उद्देश्य से स्टुडेंट्स से विचार-विमर्श भी किया। इससे पहले डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डेंटल कॉलेज की डायरेक्टर गवर्नेंस डॉ. नीलिमा जैन, डीन नर्सिंग कॉलेज डॉ. एसपी सुभाषिनी, तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल प्रो. श्योली सेन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. जसीलन एम., नाइन फाउंडेशन के



ट्रस्टी श्री अतुल कुमार गुप्ता आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके ऑडी में नेशनल वर्कशॉप का शुभारम्भ किया। नेशनल वर्कशाप में नाइन फाउंडेशन के ट्रस्टी श्री अतुल कुमार गुप्ता ने तकनीकी सत्रों का आयोजन किया और छात्राओं को सेनेट्री पैड भी वितरित किए। इस मौके पर प्रश्नोत्तर सेंशन और ग्रुप डिस्कशन भी हुआ। फैकल्टी डॉ. सेन्थील ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन फैकल्टीज़- प्रो. विजीमोल, श्री सिद्धेश्वर एमएससी स्टुडेंट्स- रिया और शेरान ने किया। राष्ट्रीय कार्यशाला में स्त्री एवम् प्रसूति विभाग की डॉ. आस्था लालवानी ने फेमकेयर स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. लालवानी ने मासिक धर्म का स्त्रियों पर पड़ने वाले प्रभाव, इसकी जटिलताओं और स्वच्छता के बारे में विस्तार से बताया। एसआईएनपीएस, लखनऊ की प्रधानाचार्या डॉ. दीप्ति शुक्ला ने एसडीजी-3, गुड हैल्थ और खुशहाली एवम् एसडीजी-15 लाइफ ऑन लैंड के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल प्रो. श्योली सेन ने जीरो हंगर, जबकि वाइस प्रिंसिपल प्रो. जसलीन एम. ने नो पोवर्टी पर अपने विचार साझा किए। सीडीएलडी के निदेशक प्रो. आरएन कृष्णिया ने क्वालिटी एजुकेशन, ला कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एसके सिंह ने जेंडर इक्विलिटी, चाइल्ड हैल्थ नर्सिंग के डॉ. योगेश कुमार ने क्लीन वाटर एंड सेनिटेशन, कम्युनिटी हैल्थ नर्सिंग के एचओडी प्रो. रामकुमार गर्ग ने रिड्यूस्ड इनइक्विलिटीज, एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन ने अफोर्डएबल एंड क्लीन एनर्जी, टिमिट के निदेशक प्रो. विपिन जैन ने डिसेंट, वर्क एंड इकॉनोमिक ग्रोथ, इंडस्ट्री, इन्नोवेशन्स, इंफ्रास्ट्रक्चर, कम्युनिटी हैल्थ नर्सिंग के प्रो. रामनिवास ने सस्टेनेबल सिटीज़ एंड कम्युनिटीज़ पर विस्तार से चर्चा की।

चाइल्ड हैल्थ नर्सिंग की एचओडी डॉ. सपना सिंह ने क्लाइमेट एक्शन, मेंटल हैल्थ नर्सिंग के एचओडी प्रो. लिबिन जोसेफ ने लाइफ ब्लो वाटर, टिमिट के निदेशक प्रो. विपिन जैन ने रेस्पानसिबल कंज्म्पसन एंड प्रोटेक्शन, ओबीजी की एचओडी प्रो. विजीमोल ने पीस, जस्टिस एंड स्ट्रांग पर अपने-अपने विचार साझा किए। इंस्टिट्यूशन, मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग के श्री सिद्धेश्वर अंगादी ने एसडीजी टारगेट पर डिस्क्शन किया। स्कूल ऑफ नर्सिंग, इग्नू दिल्ली की डॉ. नीरजा सूद ने पार्टनर्शिप फ़ॉर द गोल्स पर अपने विचार रखे और आउटकम एंड इम्पलीमेंटेशन पर डिसक्शन और प्रैक्टिकल सेशन भी किया। नेशनल वर्कशॉप में नर्सिंग कॉलेज की फैकल्टीज के संग-संग बीएसएसी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक पीएससी नर्सिंग, एएनएम, जीएनएम आदि के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# जैपुरिया स्कूल ने किया लॉन्च इंटरनेशनल अर्ली ईयर्स करिकुलम

**लखनऊ।** सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल, लखनऊ ने अपनी शिक्षा पद्धति को वैश्विक आयाम देते हुए शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्री-प्राइमरी के बच्चों के लिए इंटरनेशनल अर्ली ईयर्स करिकुलम लॉन्च किया है। सीबीएसई से संबद्ध यह स्कूल 2016 में स्थापित किया गया और लखनऊ शहर के अग्रणी के12 स्कूलों में से एक है। मुख्यधारा की शिक्षा में प्रवेश करने वाले बच्चों को विश्वस्तरीय पूर्व-प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने के लिए आईईवाईसी शुरू करना एक प्रगतिशील कदम है।

आईईवाईसी बच्चों को केंद्र में रख कर तैयार किया गया करिकुलम है जो 3 से 6 वर्ष की आयु के लिए लागू किया गया है। इसमें शिक्षा की सर्वोत्तम अंतर्राष्ट्रीय पद्धतियों, समग्र जिज्ञासा और खेल-आधारित दृष्टिकोण पर जोर दिया जाता है ताकि बच्चों का व्यक्तिगत, सामाजिक और भावनात्मक विकास सहित उन्हें सभी विषयों की पूरी जानकारी मिले।

# समाजवादी पार्टी का जिला संगठन वेंटिलेटर पर!

**अवधनामा संवाददाता**

■ उत्तर प्रदेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी का जिला संगठन पूरी तरह निष्क्रिय

**मथुरा।** देश में लोकसभा चुनाव के लिए रणभेदी बज चुकी है, एक तरफ सत्ताधारी पार्टी भारतीय जनता पार्टी अपनी वापसी के लिए हर हथकंडे को अपनाए हुए हैं इसी श्रृंखला में भाजपा ने विपक्षी एकता को तोड़ने के लिए हर संभव प्रयास जारी कर रखा है इतना ही नहीं अपने पार्टी के मंत्री और सांसदों को भी मामूली विवाद के चलते बाहर का रास्ता दिखाना शुरू कर दिया है।

इससे भारतीय जनता पार्टी में सभी स्तर से विरोध के स्वर भी मुखर होने लगे हैं। उत्तर प्रदेश में लोकसभा के चुनाव की बात करते हैं तो इस समय भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगियों के साथ मजबूत स्थिति में दिखाई दे रही है , वहीं प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी भले ही कितनी ही तैयारी कर रही हो लेकिन धरातल पर स्थिति कुछ ठीक नहीं है क्योंकि समाजवादी पार्टी का गठबंधन देश की कभी सबसे बड़ी पार्टी रही कांग्रेस के साथ गठबंधन है और आगामी चुनाव उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी कांग्रेस और उनके सहयोगी मिलकर संयुक्त रूप से भारतीय जनता पार्टी को पराजित कर अपना परचम लहराने को पूरी शक्ति लगाए हुए हैं। हम बात कर रहे हैं उत्तर प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण लोकसभा क्षेत्र की सीट मथुरा की इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह पर लगातार दो बार जीत का परचम लहराने वाली ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी पर दाव लगाया है। भारतीय जनता पार्टी मथुरा में बहुत ही सशक्त और मजबूत हो चुकी है थोड़ा बहुत जो खतरा था वह जाटों की राजनीति से था मथुरा चौधरी चरण सिंह की राजनीति का प्रमुख स्थान रहा है चौधरी चरण सिंह की राष्ट्रीय लोक दल अपना परचम लहराती रही है अधिकांश विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष और विभिन्न पदों पर राष्ट्रीय लोकदल अपना कब्जा करती रही है। इस लोकसभा सीट पर जाट राजनीति कभी हावी रही है।

राजनीतिक और आर्थिक स्थिति इस जनपद में जाट जाति के लोगों की बहुत ही मजबूत रही है भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने का जो पासां फेंका गया था। उससे भले ही चौधरी चरण सिंह की राजनीतिक विरासत को संभालने वाले जयंत चौधरी प्रभावित हो गए हैं और उन्होंने भाजपा की दास्ता को स्वीकार कर लिया हो लेकिन जयंत चौधरी का यह फैसला जिले के जाट समुदाय को नागवार गुजारा है , जिसका व्यापक विरोध शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी की स्थिति का हम अवलोकन करें तो वह है वेंटिलेटर पर दिखाई दे रही है जिला संगठन और उसके पदाधिकारी कुंभकरण की तरह चिर निद्रा में हैं। यह इसलिए है सपा गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में इस लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी का चुनाव लड़ना लगभग तय हैं। समाजवादी पार्टी की महानगर अध्यक्ष श्रीमती रितु गोयल और उनकी टीम के अलावा समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी पार्टी को ऊर्जावान बनाये हुए हैं हाल ही में पार्टी के द्वारा समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष पद पर अल्पसंख्यक समुदाय के युवा को जिम्मेदारी दी गई है। उससे भी पार्टी के निराशाजनक कार्यकर्ताओं को ऊर्जा स्रोत होने की उम्मीद है। मजे की बात है समाजवादी पार्टी का जो जिला संगठन है और उनके सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता है वह अपनी पार्टी और संगठन के प्रति उदासीन बने हुए हैं।बताया जाता है कि विगत निकाय चुनाव के वक्त सपा के अधिकांश जिम्मेदार नेताओं ने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरोध में काम कर पार्टी को नुकशान पहुंचाया था। ऐसी स्थिति में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के सामने विपक्षी एकता कितना टिक पाएगी , यह तो आगामी लोकसभा चुनाव के परिणाम ही बता पाएंगे!

## बलदेव का विश्व प्रसिद्ध हुरंगा 26 मार्च को, तैयारियां जोरों पर

**बलदेव (मथुरा)।** ब्रज के राजा श्री दाऊजी महाराज का प्रसिद्ध बलदेव का हुरंगा इस बार 26 मार्च को आयोजित होगा। दाऊजी मंदिर में इस आयोजन की तैयारी भव्यता के साथ चल रही हैं। बलदेव में होली का उत्सव परवान चढ़ने लगा है। मंदिर के पुजारी रामनिवास शर्मा ने बताया प्रसिद्ध हुरंगा का आयोजन बलदेव में 26 मार्च को होगा। इसके लिए सभी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। विभिन्न प्रकार के गुलाल, भुड़भुड़ व टेसू के रंग हाथरस सहित अन्य स्थानों से मंगाए जा रहे हैं। होलाष्टक से श्री दाऊजी महाराज को टेसू के रंग लगाकर श्रद्धालुओं पर इस रंग की वर्षा प्रारंभ हो जाएगी। युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा ने बताया श्री दाऊजी के हुरंगा का अपना विशेष महत्व है। इसकी पहचान पूरे विश्व में है। इसमें सभी गोप व गोपिका हुरंगा खेलती हैं।

## काली पट्टी बांधकर डिजिटलाइजेशन का किया विरोध

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा डिजिटलाइजेशन के विरोध में अनवरत जारी आन्दोलन के चौथे दिन भी काली पट्टी बांधकर शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा विरोध दर्ज कराया गया।

डिजिटलाइजेशन के विरोध में जनपद के सभी प्राथमिक विद्यालय एवम पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों ने विद्यालय में उपस्थित रहकर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। अध्यापकों की बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अतुल सारस्वत सारस्वत ने कहा कि पांच मार्च तक काली पट्टी बांधकर विद्यालयों में शिक्षण कार्य करना है इसके उपरांत सभी शिक्षक 11 मार्च को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित करेंगे।उन्होंने कहा कि सभी साथी आंदोलन में सक्रिय सहभागिता करें। इससे पूर्व भी शिक्षकों को उत्पीड़न करने एवं शिक्षकों के केडर को समाप्त करने जैसे अव्यवहारिक आदेश आपने अपने संघर्ष के बल पर निरस्त कराए हैं वर्तमान में बिना सिम डाटा दिए अपने निजी संसाधनों से डिजिटलाइजेशन कराने का प्रयास भी पूर्णतया अव्यवहारिक है।जिसको शिक्षक बर्दाश्त नहीं करेंगे एवं जब तक आंदोलन जारी रहेगा तब तक डिजिटाइजेशन का आदेश निरस्त नहीं हो जाता। शिक्षकों को जिला मंत्री लक्ष्मी नारायण, जिला कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा ने भी संबोधित किया।

## योगेश नौहवार के एमएलसी उम्मीदवार घोषित होने पर हर्ष

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** राष्ट्रीय लोकदल ने योगेश चौधरी नौहवार को लखनऊ से विधान परिषद प्रत्याशी घोषित किया है। उनके नाम का एलान रालोद मुखिया जयंत चौधरी ने किया। इस फैसले के बाद उनके समर्थक और परिवार वालों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। शहर की राधापुरम स्टेट सोसाइटी स्थित उनके आवास से लेकर बाजाना के पारसोली गांव तक में लोगों ने मिठाइयां बांटी।योगेश रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के खास माने जाते हैं। जयंत चौधरी के इस फैसले को लेकर कहा जा रहा है कि उन्होंने 2022 में योगेश चौधरी को दिए वादे को पूरा किया है। दरअसल 2012 के विधानसभा चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे और 2017 का चुनाव महज 400 के करीब मतों से हारे योगेश नौहवार 2022 के विधानसभा चुनाव में अपनी ही पार्टी रालोद के दांव से चित हो गए थे। वर्ष 2022 में मांट से रालोद ने पहले योगेश नौहवार को बी फार्म दिया था, जिसके आधार पर उन्होंने नामांकन कर दिया। उनके नामांकन के बाद भी गठबंधन के साथ चुनाव लड़ी सपा ने डॉ. संजय लाठर को उम्मीदवार बना दिया था।इस तरह गठबंधन के उम्मीदवार आमने-सामने आ गए। इस पर रालोद ने अपना निर्णय बदला। योगेश नौहवार का बी फार्म निरस्त करते हुए सपा उम्मीदवार संजय लाठर की पत्नी बबीता को सी फार्म देते हुए पार्टी का उम्मीदवार बना दिया था। जब नामांकन पत्रों की जांच हुई तो योगेश का नामांकन पार्टी के बदले फैसले के कारण निरस्त हो गया। पार्टी का साथ हटने की स्थिति में उनके नामांकन में 10 प्रस्तावकों का अभाव निरस्तीकरण का कारण बन गया था। इस स्थिति से रालोद की उम्मीदवार बबीता बन गई। बाद में बबीता ने अपना नाम वापस ले लिया था। इस प्रकार संजय लाठर का रास्ता साफ हो गया था और वह रालोद-सपा गठबंधन के प्रत्याशी हुए। उस वक्त योगेश नौहवार को जयंत चौधरी ने आश्वासन दिया था कि वह उनके लिए भविष्य में कुछ अच्छा करेंगे। प्रॉपर्टी का कामकाज करते हैं योगेश नौहवार 51 वर्ष के योगेश चौधरी नौहवार बाजना के गांव पारसोली के शिवाजी नगला के रहने वाले हैं। उनके पिता कारे सिंह की मृत्यु हो चुकी है। परिवार में पत्नी चेतना और बेटी समायरा चौधरी, बेटा सम्राट चौधरी है।

# न्यू सैनिक स्कूल का शुभारंभ इसी सत्र से

**वहाज अली निहाल**




■ पीपीपी मोड में संचालित सैनिक स्कूल में लड़के-लड़कियां दोनों पढ़ सकेंगे
■ आवासीय विद्यालय के साथ ही छात्रों को डे स्कॉलर की भी सुविधा
■ सात मार्च को वित्त मंत्री सुरेष खन्ना के कर कमलों से होगा शुभारंभ
■ इस अवसर पर सैनिक स्कूल परिसर में 52 फीट ऊंचे तिरंगे का भी होगा लोकार्पण

**इटावा।** अत्यंत हर्ष का विषय है कि रक्षा मंत्रालय के अधीन न्यू सैनिक स्कूल संकल्पना के तहत जनपद इटावा में भी सैनिक स्कूल प्रारंभ होने जा रहा है। पूर्व से ही कई प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थानों का सफल संचालन कर रहे मुन्ना स्मृति संस्थान को इस महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी मिली है। सात मार्च को उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेष खन्ना द्वारा इस विद्यालय का शुभारंभ किया जाएगा। इसी दिन सैनिक स्कूल परिसर में 52 फीट ऊंचे तिरंगे झंडे का भी लोकार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण सिंह और सदर एम एल ए सरिता भदौरिया भी उपस्थित रहेंगी।

मंगलवार को शकुंतलम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक/उपाध्यक्ष आषीष भदौरिया ने दी। उनके साथ सैनिक स्कूल इटावा के मेंटर स्कूल सैनिक स्कूल मैनपुरी (ग्रीन स्कूल)के प्रिंसिपल कर्नल अग्निवेश पांडेय, सैनिक स्कूल इटावा(न्यू सैनिक स्कूल)के नव नियुक्त प्रिंसिपल ए के चतुर्वेदी व शकुंतलम इंटरनेषनल की प्रिंसिपल वर्षा सिंह भी उपस्थित थी। श्री भदौरिया ने बताया कि भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा देश में 100 न्यू सैनिक स्कूल खोले जाने का लक्ष्य रखा गया है। उसी क्रम में इटावा सैनिक स्कूल एक नई कड़ी है। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्रालय और सैनिक स्कूल सोसायटी के कड़े मानकों पर खरे उतरना एक चुनौती थी, जिसे पूरा करने के बाद मंत्रालय द्वारा सैनिक स्कूल इटावा की मान्यता हासिल हुई है। श्री भदौरिया ने बताया कि सैनिक स्कूल इटावा को सीबीएसई और सैनिक स्कूल सोसायटी दोनों नियामक संस्थाओं के मानकों के अनुसार छात्रों को शिक्षा देनी होगी। आगे आषीश भदौरिया ने बताया कि सैनिक स्कूल के कैडेट्स के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित और वातानुकूलित छात्रावास, भोजनालय, स्वीमिंग पूल, एथलेटिक्स ट्रेक, अनेकों खेलों के कोर्ट और मैदान तैयार हैं। इसके साथ ही निकट भविष्य में सैनिक स्कूल इटावा के कैडेट्स को घुड़सवारी और शूटिंग की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी। शिक्षकों और प्रशिक्षकों के बारे में उन्होंने बताया कि बाहर से आये अनुभवी शिक्षकों का चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बाद किया गया है और सभी शिक्षक अपने विषयों में पारंगत हैं।

## शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु शांति कमेटी की हुई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव एवं त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु शांति कमेटी की बैठक रसूलपूर स्थित ताल पैलेस में आयोजित की गई। बैठक में आईजी रैंज आगरा, जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने शहर के संभ्रात नागरिकों से आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की।

पुलिस महानिरीक्षक आगरा रैंज ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की अपराध पर जीरो टोलरेंस नीति है। उन्होंने शहर के जिम्मेदार व संभ्रात नागरिकों से कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति अफवाहों के द्वारा शांति व्यवस्था भंग करना चाहेगा, तो उसे कानून के द्वारा जमींदोज कर दिया जाएगा।

जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार ने जनपद के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है कि दोनों समुदाय के त्यौहार एक साथ पड़ रहे, इससे पूर्व भी ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर जनपद के सभी लोगों ने अपनी समझदारी एवं भाईचारे से त्यौहारों को मनाया है।

## सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की नगर कार्यकारिणी घोषित

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर मथुरा वृन्दावन महानगर की राजनीति को धार देने के लिए समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य डा. राजपाल कश्यप के अनुमोदन पर मथुरा वृन्दावन महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी ने मथुरा वृन्दावन विधानसभा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ओमपाल सिंह, महासचिव बनबारी लाल सविता, उपाध्यक्ष नाहर सिंह, मुकेश कुमार, संतोष सैनी, कैलाश सचिव मनीष सैनी, सफीक खान, बिरजो सैनी, लक्की रोहेला सदस्य वन्टू गोला, नानक निषाद, विकास कुमार, हरीशंकर सैनी, ताजुद्दीन, दिलीप कुमार, उस्मान, समशेर चौधरी, अर्जुन सिंह, आदाब खान, सकीर खान को मनोनीत किया गया। मथुरा वृन्दावन विधानसभा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के सभी मनोनीत पदाधिकारियों व सदस्यों को महानगर अध्यक्ष रितु गोयल, महासचिव अभिषेक यादव, विधानसभा अध्यक्ष सज्जन क्रांति, आदि ने बधाई दी है।

## आत्मसम्मान और सुरक्षा के लिए बसपा सरकार जरूरी: प्रेमचंद

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती जी के निर्देशन पर बहुजन समाज पार्टी जनपद मथुरा के (85) बल्देव विधानसभा क्षेत्र के सैक्टर कारब में सैक्टर स्तरीय कैडर कैंप आयोजित किया गया केडर कैंप के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रत्याशी प्रेमचंद कर्दम ने बताया बहन ने यूपी की प्रगति व विकास और लोगों की रोजी-रोटी के साथ साथ बहन बेटियों की सुरक्षा की बात हो या आत्मसम्मान के लिए बीएसपी की हुकूमत मैं जो भी काम हुए अपने दम पर हुए किसी का कोई सहयोग नहीं मिला वर्तमान सरकार कहती है।

गरीबी को दूर कर देंगे बेरोजगारी खत्म कर देंगे किसानों की फसल का बाजिफ मूल्य देंगे ना तो गरीबी दूर हुई ना बेरोजगारी खत्म हुई और ना ही किसानों की फसल का बाजिफ मूल्य मिला और कहते हैं। अच्छे दिन आएंगे बहन जी के शासन में गरीबों का विशेष ध्यान रखा गया हर विभाग में भर्ती निकालकर बेरोजगारों को नौकरी दी गई और किसानों को 125 रुपए से गन्ना का मूल्य डबल कर 250 किया गया था बहन जी जो कहती है वह करती है बहन जी ने ठाना है ईवीएम को हटाना वैलिड पेपर से चुनाव करना है 2024 के लोकसभा चुनाव में बहन कुमारी मायावती को देश का प्रधानमंत्री बनाना है कैडर कैंप में उपस्थित रहे जिला पंचायत सदस्य व विधानसभा प्रभारी अनिल बघेल विधानसभा अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह परिहार विधानसभा महासचिव अशोक कुमार सेक्टर अध्यक्ष बनवारी लाल आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## जन सुनवाई में हीलाहवाली न हो: नगर आयुक्त

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन नगर निगम में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले ÷संभव÷ संतुष्टि एवं समृद्धि दिवस के अंतर्गत जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा जनरलगंज स्थित नगर निगम सभागार में जन सुनवाई की गयी जिसमें कुल सात शिकायत दर्ज जिनमें 4 शिकायत सफाई से संबंधित थी उनका निस्तारण टीम को भेजकर तत्काल करा दिया गया शेष लंबित 3 शिकायतों के निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त श्री चौधरी ने अधिकारियों को ताकीद किया कि जनसुनवाई के अंतर्गत आने वाली शिकायतों की समीक्षा नगर विकास मंत्री द्वारा की जाती है इसलिए उनका निस्तारण पूर्ण ईमानदारी और गंभीरता के साथ निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत किया जाये इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

## व्यवसाय समिति का होली मिलन 4 अप्रैल को गोवर्धन में

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** गिलट आभूषण व्यवसायी समिति रजि0 की साधारण सभा की बैठक श्री दिनेश अग्रवाल सादाबाद वालों की अध्यक्षता में चित्रकूट मशानी पर सम्पन्न हुयी। बैठक में सर्व सम्मति से गुड्डू अग्रवाल को मुख्य संयोजक व वालकिशन अग्रवाल, पवन सोनी, नीरज अग्रवाल,शरद कुमार गोलू को वार्षिक शैल महोत्सव हण्डा व होली मिलन समारोह का सह संयोजक चुना गया। सभी सदस्यों ने श्री गिर्राज महाराज कि जयकार के साथ उनका स्वागत किया। होली मिलन समारोह पूर्व की भांति चित्रकूट मशानी पर व वार्षिक शैल महोत्सव हण्डा क्रष्ण पक्ष दशमी 4 अप्रेल को गोवर्धन में होना निश्चित हुआ। मुख्य संयोजक गुड्डू अग्रवाल द्वारा जानकारी देते हुये वताया होली मिलन कार्यक्रम में इस वार चटपटी चाट ,ठंडाई के साथ भजन संध्या का आनन्द आर्केस्ट्रा, राधा-कृष्ण पात्रों के साथ फूलों की होली के विशेष आकर्षण होगें। बैठक में समिति के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल सादाबाद वाले, महामंत्री शंकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष गिर्राज अग्रवाल सहमंत्री सुरेन्द्र चोधरी, मुख्य संयोजक गुड्डू अग्रवाल संरक्षक अनिल गर्ग, राजकुमार अग्रवाल, भाजपा नेता प्रेमचंद महावर,विशनू अग्रवाल, शरद कुमार, नितिन गुप्ता, गौरव अग्रवाल, गिरीश कुमार, ओमप्रकाश गोला, सौरभ नग वाले, वालकिशन ववलू, जितेन्द्र अग्रवाल, राजेन्द्र मोदी,नीरज अग्रवाल,पलाश अग्रवाल, कान्हा अग्रवाल,पवन सोनी, शीटू अग्रवाल, हिमांशु, मोहित वौहरे, अशोक चाचा, मनीष विसावर, पियूष अग्रवाल, वेद प्रकाश अग्रवाल, आशुतोष वसंल, राजीव वडडू, नितिन मुनीम,आदि सदस्यगण मोजूद थे।

## सपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** विधानसभा भरथना की ब्लॉक महेवा और चकरनगर में आगामी लोकसभा चुनाव संबधित तैयारी को लेकर मंगलवार को महेवा और चकरनगर के विधानसभा अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, जोनल प्रभारी, ब्लॉक अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में महामंत्री वीरू भदौरिया, पूर्व मंत्री श्रीकिशन यादव, ब्लॉक प्रमुख जितेंद्र दोहरे, उपाध्यक्ष चच्चू शुक्ला, कमलेश कठेरिया, जय सिंह चौहान, राकेश यादव, भारत राजपूत, लंकू यादव, मुन्ना सिँह राजावत पप्पन सिद्दीकी, दीपू कुशवाह, जनवेद सेंगर, अशोक पंडित, महेंद्र दोहरे गब्बर गुर्जर, बेटालाल दुबे, उमेश नेता जी, सतीश यादव, कमल गौतम, आजाद खान, रविंद्र यादव, अनिरुद्ध सिंह अखिलेश यादव, गोविन्द यादव, रामवीर यादव, अवनीश यादव, अर्वेश नागर, रोहित जाटव आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी विकास गुप्ता विक्की जिला मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता सपा ने दी।

# केएमयू के एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने लिया सीपीआर प्रशिक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** केएमयू की स्कील लैब में एमबीबीएस 2023 बैच के छात्र-छात्राओं को व्यक्ति के दिल एवं सांस की गति रुकने की स्थिति में कार्डियो पल्मोनरी रिससिटैशन (सीपीआर) की जानकारी दी गई। यह कार्यशाला नौ मार्च तक चलेगी। प्रथम दिन एमबीबीएस प्रथम के 30 छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्यशाला के प्रथम दिन विश्वविद्यालय के चांसलर किशन चौधरी ने शुभारंभ करते हुए कहा अचेत पड़े व्यक्ति को तुरंत सीपीआर देने से बचाया जा सकता हैं। सीपीआर के बारे में जानने से पहले लोगों को हार्ट अटैक व कार्डियक अरेस्ट में फर्क समझना जरूरी है। हार्ट अटैक पूर्व दिक्कतों की वजह से होता है, जबकि कार्डियक अरेस्ट अचानक होता है। यह खाते समय गले में कोई चीज फंस जाने व दूसरे कई अज्ञात कारणों से हो सकता है। वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता ने कहा कि प्रशिक्षण में फिलहाल केवल हाथों से सीपीआर शामिल है। कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन एक जीवनरक्षक तकनीक जो ऐसे समय में उपयोगी होती है जब किसी की साँस या दिल की धड़कन रूक गई हो, इसके बारे में भारत की आबादी के केवल 2 प्रतिशत से भी कम लोग जानते है।

प्रो. वीसी डा. शरद अग्रवाल ने सीपीआर के महत्व को समझाते हुए छात्रों को बताया कि दिल की गति रूक जाने के तीन से पांच मिनट के भीतर दिमाग में रक्त नहीं पहुंचने पर दिमाग मृत हो जाता है। इससे मरीज की मृत्यु हो सकती है। लिहाजा सीपीआर प्रत्येक व्यक्ति को आना चाहिए। डा. मनू और सुयांश ने बताया कि यह प्रक्रिया शरीर में रक्त को प्रवाहित करती रहती है और दिल की धड़कन बंद होने के बाद व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना बढ़ जाती है।

विवि के रजिस्ट्रार ने बताया कि आंकड़ों की बात करें तो लगभग 80 से 82 प्रतिशत कार्डियक अटैक अस्पताल के बाहर होते हैं। सीपीआर देने के दौरान अपने दोनों हाथों की मदद से एक मिनट में 100 से 120 बार छाती के बीच में जोर से और तेजी से पुश करना होता हैं।

कार्यशाला में वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, प्रो. वीसी डा. शरद अग्रवाल, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, रजिस्ट्रार पूरन सिंह, डा. एमके राजा, लैब इंचार्ज डा. दिनेश, एमबीबीएस प्रथम के इंचार्ज डा. हरि नारायण यादव तथा प्रशिक्षण देने वाले चिकित्सक डा. मनू और सुयांश मौजूद रहे।

## सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा योजनाओं की जानकारी, उपलब्धियों के संबंध में आयोजित की गई है तीन दिवसीय प्रदर्शनी

**अवधनामा संवाददाता**



**एटा।** शासन के निर्देशानुसार सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं नीतियों की जानकारी जन जन तक पहुंचाये जाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रदर्शनी का राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई परिसर में आयोजन किया गया। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देशन में सीडीओ डा0 एके बाजपेयी, भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप जैन, ब्लाक प्रमुख पुष्पेन्द्र कुमार लोधी द्वारा फीता काटकर, मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित, माल्यार्पण करके शुभारंभ किया गया। तदोपरान्त सभी आगन्तुक अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र छात्राओं द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन कर सरकारी की योजनाओं, उपलब्धियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

सीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देश पर 05 मार्च से 07 मार्च तक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियो, नीतियों आदि का प्रचार प्रसार करते हुए क्षेत्रीय लोगों, जनसामान्य, छात्र, छात्राओं आदि को अवगत कराया जा रहा है। शासन का प्रयास है कि जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनजन तक पहुंचाई जाए जिससे कि अधिक से अधिक पात्र योजनाओं का लाभ ले सकें। सीडीओ ने कहा कि आईटीआई परिसर में आयोजित प्रदर्शनी में केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा किये गए विभिन्न कल्याणकारी कार्यों एवं संचालित योजनाओं, एक्सप्रेसवे, मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज, युवाओ को नौकरी, मिशन रोजगार, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, कृषि आदि से सम्बंधित पोस्टर के माध्यम से जनसामान्य को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रीय जनसामान्य, छात्र, छात्राएं, व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं आदि से अपील की है कि आईटीआई परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन कर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और अधिक से अधिक लाभ उठायें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आईटीआई अरविंद कुमार, नवनीत दीक्षित, एससी व्यास, एडीआईओ कमलदीप यादव, आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान के रवि बाबू, राजकुमार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## मथुरा में तैनात ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाश्वत त्रिपुरारी का हुआ ट्रांसफर

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश शासन ने मथुरा में तैनात आई ए एस अधिकारी जॉइंट मजिस्ट्रेट का तबादला कर दिया हैं। मथुरा की महावन तहसील में तैनात ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाश्वत त्रिपुरारी को इसी पद पर अलीगढ़ में तैनाती दी गई है।महावन तहसील में उप जिलाधिकारी के पद पर तैनाती के दौरान श्री त्रिपुरारी ने अपने कार्यों से काफी लोकप्रियता हासिल की है। श्री त्रिपुरारी उस समय सुर्खियों में आए जब जनसुनवाई के दौरान वह एक दिव्यांगजन की समस्या को सुनने के लिए जमीन पर बैठ गए।

उत्तर प्रदेश के मथुरा में जॉइंट मजिस्ट्रेट शाश्वत त्रिपुरारी यूपीएससी 2020 बैच में 19वीं रैंक हासिल करके आईएएस बने हैं। शाश्वत का ट्रैक रिकॉर्ड शानदार रहा है। आईएएस से पहले 2019 में उन्होंने पहले प्रयास में 78वीं रैंक के साथ आईपीएस क्रैक कर लिया था।

## लोकसभा की सम्मानित जनता का पुनः आशीर्बाद मिलेगा

**अवधनामा ब्यूरो**



■ मैं तन-मन से समर्पित होकर सेवा कर सकूँगा: डॉ. रामशंकर

**इटावा।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पुनःप्रत्याशी बनाए जाने के पश्चात प्रोफेसर डॉ रामशंकर कठेरिया के जनपद आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत के नेतृत्व में आशीर्वाद यात्रा का आयोजन किया गया। टिकट मिलने के बाद प्रथम जनपद आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत के नेतृत्व में फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। आशीर्वाद यात्रा में 500 से अधिक चारपहिया वाहनों से 2000 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्याशी एवं सांसद डॉ.रामशंकर कठेरिया लोकसभा भृमण कर जनता से आशीर्वाद लेने के उद्देश्य से पटेल चौक सिकंदरा के लिए रवाना हुए।

कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमते हुए अबकी बार 400 पार , यही समय है सही समय है , मोदी योगी जिंदाबाद , भारत माता की जय वंदे-मातरम , राम शंकर कठेरिया जिंदाबाद के जयकारों से माहौल को भाजपामय कर दिया। आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ इटावा रेलवे स्टेशन से शुरू होकर शास्त्री चौराहा होते हुए बस स्टैंड होते हुए पक्का बाग चौराहे से होते हुए हा॥2 से औरैया होते हुए पटेल चौक सिकंदरा के लिए रवाना हुई। आशीर्वाद यात्रा के शुभारंभ से पूर्व अपने संबोधन में डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि मेरा परम् सौभाग्य है कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने एक बार फिर से इटावा लोकसभा का प्रत्याशी बनाकर आप लोगों के बीच सेवा करने का अवसर प्रदान किया है। मुझे विश्वास है कि लोकसभा की सम्मानित जनता का पुनः आशीर्वाद मिलेगा। मैं तन-मन से समर्पित होकर सेवा कर सकूँगा। लोकसभा क्षेत्र की जनता जनार्दन से हाथ जोड़कर अपील है कि अपना बहुमूल्य मत रूपी आशीर्वाद देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना सहयोग व समर्थन प्रदान करें। आशीर्वाद यात्रा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करते हुए पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुश्कान लाने के लिए प्रयासरत है।

# आईपीएल2024 से पहले एमएस धोनी ने फैंस को चौंकाया, कप्तान नहीं इस किरदार में आएंगे नजर

आईपीएल 2024 की शुरुआत से पहले की एमएस धोनी ने अपने फैंस के लिए बड़ा तोहफा दिया है। धोनी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर बताया है कि वे आने वाले 17वें सीजन में नए किरदार में नजर आएंगे। अब माही के फैंस उनके होने वाले नए किरदार का इंतजार बेसब्री के साथ कर रहे हैं। आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च से होने जा रही है। पहला मुकाबला डिफेंडिग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। हालांकि, सीजन की शुरुआत से पहले एमएस धोनी ने अपने फैंस के लिए बड़ा तोहफा दिया है। धोनी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर बताया है कि वे आने वाले 17वें सीजन में नए किरदार में नजर आएंगे। अब माही के फैंस उनके होने वाले नए किरदार का इंतजार बेसब्री के साथ कर रहे हैं।



आईपीएल 2023 में अपनी शानदार कप्तानी से सीएसके को चैंपियन बनाने वाले एमएस धोनी भी आईपीएल 2024 के लिए अपनी तैयारियां शुरु कर चुके हैं। हालांकि, वे आगामी सीजन में एक कप्तान के रूप में खेलेंगे या नहीं इस पर अभी भी सस्पेंस बना हुआ है। 4 मार्च को उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक पोस्ट किया। जिसमें उन्होंने लिखा, नए सीजन और नए किरदार के लिए इतंजार नहीं कर सकता, बने रहिए। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि, माही नए सीजन से पहले नए अवतार में नजर आने वाले हैं। लेकिन इस बात की उन्होंने अभी तक पुष्टि नहीं की है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या एक बार फिर कैप्टन कूल कप्तानी के तौर पर किसी और को मौका देंगे। जैसा कि पहले जडेजा के साथ कर चुके हैं।

बता दें कि, एमएस धोनी अपनी कप्तानी में चेन्नई को पांच बार चैंपियन बना चुके हैं। उनकी कप्तानी की तारीफ न केवल उनके फैंस करते हैं बल्कि विरोधी भी करते हैं। उन्होंने पहली बार सीएसके को साल 2010 में चैंपियन बनाया था। इसके बाद 2011, 2018, 2021 और 2023 तक ये सिलसिला कायम रहा। आने वाले आईपीएल 2024 का खिताब भी धोनी सीएसके की झोली में डालना चाहेंगे। अगर वे इस बार सीएके को खिताब दिलाने में कामयाब हो जाते हैं तो वे आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा बार अपनी टीम को ट्रॉफी दिलाने वाले कप्तान बन जाएंगे।

कैप्टन कूल के लिए साल 2023 शानदार रहा था। उन्होंने येलो आर्मी के लिए एक फीनिशर का किरदार प्ले किया था। माही ने पिछले सीजन 16 मैच में भाग लेते हुए 34.67 की औसत से सात 104 रन बनाए थे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट शानदार रहा था।

## 31 की उम्र में बी साई प्रणीत ने लिया संन्यास, वर्ल्ड चैंपियनशिप में रच चुके हैं इतिहास

बैडमिंटन स्टार बी साई प्रणीत ने महज 31 साल की उम्र में बैडमिंटन करियर पर विराम लगा दिया है। साई प्रणीत वही स्टार शटलर हैं, जिन्होंने 2019 के वर्ल्ड चैंपियनशिप सीजन में इतिहास रचा था। दरअसल, साई प्रणीत ने 2019 के वर्ल्ड चैंपियनशिप सीजन में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रचा था। दरअसल, साई प्रणीत ने 2019 के वर्ल्ड चैंपियनशिप सीजन में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रचा था। तब वो 36 साल बाद ये उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय बने थे। इससे पहले 1983 में प्रकाश पादुकोण ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। 2019 साल साई प्रणीत के लिए बेहद खास रहा था। वर्ल्ड चैंपियनशिप सीजन में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के अलावा उन्हें अर्जुन अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था। दाएं हाथ के भारतीय शटलर प्रणीत ने 2013 थाईलैंड ओपन ग्रां प्री गोल्ड टूर्नामेंट के पहले राउंड में 2003 के ऑल इंग्लैंड चैंपियन मलेशिया के मुहम्मद हाफिज हाशिम को हराया था।

# रोहित शर्मा और कोच द्रविड़ ने रॉयल अंदाज में की धर्मशाला में एंट्री, हेलीकॉप्टर से पहुंचे मैच वेन्यू

धर्मशाला में भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट मैच 7 मार्च से खेला जाएगा। इस मैच के लिए भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ हेलीकॉप्टर से धर्मशाला पहुंचे। एक्स पर शेयर किए गए एक वीडियो में रोहित को मंगलवार 5 मार्च को धर्मशाला में एक हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से बाहर आते देखा गया। भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में पांचवां टेस्ट मैच 7 मार्च से खेला जाएगा। इस मैच के लिए भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ हेलीकॉप्टर से धर्मशाला पहुंचे। एक्स पर शेयर किए गए एक वीडियो में रोहित को मंगलवार 5 मार्च को धर्मशाला में एक हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से बाहर आते देखा गया।


वहीं भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ी पहले ही धर्मशाला पहुंच चुके हैं। रोहित ने भी टीम को ज्वाइन किया। 36 वर्षीय भारतीय कप्तान टीम को पांच विकेट से जीत दिलाकर टेस्ट सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त दिलाने के बाद मिनी ब्रेक पर थे। वह गुजरात के जामनगर में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के तीन दिवसीय प्री-वेडिंग उत्सव में हिस्सा लिया था।



बता दें कि, अनंत अंबानी की शादी से पहले के उत्सव में रोहित शर्मा अपनी पत्नी रितिका के साथ मौजूद थे। इस कार्यक्रम में स्टार क्रिकेटरों, राजनेताओं, अभिनेताओं, गायकों और व्यवसायियों सहित कई अन्य ने शिरकत की। इसके साथ ही अब रोहित शर्मा एंड कंपनी पांचवें टेस्ट में भारत को एक और जीत दिलाने की कोशिश करेंगे। रोहित ने बल्ले से सीरीज में आठ पारियों में 37.12 की औसत से 297 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है।

# दीपक भोरिया और नरेंद्र विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के शुरुआती दिन हारे

भारतीय खिलाड़ी दीपक भोरिया (51 किग्रा) और नरेंद्र बेरिवाल (92 किग्रा से अधिक) को विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी के शुरुआती क्वालीफायर के पहले दिन रविवार को यहां शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक को अजरबैजान के हुसेनोव निजात ने 3-2 के खंडित फैसले से हराया जबकि नरेंद्र को जर्मनी के नेल्वी टियाफैक ने 5-0 के एकतरफा फैसले से हराया।



वहीं जो मुक्केबाज कोटा हासिल करने में असफल रहेंगे, उन्हें 23 मई से तीन जून तक बैंकॉक में होने वाले दूसरे विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के दौरान पेरिस खेलों के लिए अपनी जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा। भारतीय टीम में 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल को पछाड़कर जगह बनाने वाले दीपक और हुसेनोव के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला क्योंकि दोनों मुक्केबाजों ने शुरू से ही आक्रामक रूख अपनाया।

अजरबैजान के युवा मुक्केबाज ने अपनी गति और तेज मुक्कों से दीपक को परेशान किया। दीपक पहले और दूसरे दोनों चरण में 2-3 के समान स्कोर के साथ हार गए। भारतीय मुक्केबाज ने अंतिम तीन मिनट में जोरदार प्रदर्शन किया। वह इस चरण को 4-1 से जीतने में सफल रहे लेकिन यह उन्हें मुकाबला जीताने के लिए काफी नहीं था। नरेंद्र जर्मनी के खिलाड़ी के खिलाफ पूरे मुकाबले के दौरान जूझते दिखे।

इस स्पर्धा से मुक्केबाजों के पास 49 ओलंपिक कोटा सुनिश्चित करने का मौका होगा। इसमें 28 पुरुष और 21 महिलाओं का कोटा है। भारतीय मुक्केबाज अब तक पेरिस ओलंपिक के लिए चार कोटा हासिल कर चुके हैं। इसमें निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पावर (54 किग्रा), परवीन हुड्डा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) का नाम शामिल हैं।

## सुमित नागल ने दर्ज की इंडियन वेल्स मास्टर्स में पहली जीत, अमेरिकी खिलाड़ी को दी मात

सुमित नागल ने इंडियन वेल्स मास्टर्स में पहली बार खेलते हुए अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी स्टेफान डोस्टानिच को सीधे सेटों में हराया। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में 6 . 2, 6 . 2 से जीत दर्ज की। आठवीं वरीयता प्राप्त नागल को जीतने में 68 मिनट लगे। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने इंडियन वेल्स मास्टर्स में पहली बार खेलते हुए अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी स्टेफान डोस्टानिच को सीधे सेटों में हराया। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में 6 . 2, 6 . 2 से जीत दर्ज की। आठवीं वरीयता प्राप्त नागल को जीतने में 68 मिनट लगे। उन्होंने आखिरी क्वालीफाइंग दौर में पहुंचकर दस रैंकिंग अंक और 14400 डॉलर पुरस्कार सुनिश्चित कर लिया। इस साल वह आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाले एक दशक में पहले भारतीय पुरूष एकल खिलाड़ी बने थे। नागल ने चेन्नई चैलेंजर्स खिताब भी जीता लेकिन पुणे और दुबई में हार गए। अब दूसरे दौर में उनका सामना कोरिया के सियोंग चान हांग से होगा।

# ओलंपिक में प्रबल दावेदार होगी सात्विक-चिराग की जोड़ी, भारत तोक्यो से ज्यादा पदक जीतेगा : गोपीचंद

सोमवार को भारत के मुख्य बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद ने कहा कि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक युगल जोड़ी ओलंपिक पदक जीतने की प्रबल दावेदार होगी और दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू भी सही लय में आ रही हैं और वह फिर से पेरिस में पदक दिला सकती हैं। भारत के मुख्य बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद ने सोमवार को कहा कि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक युगल जोड़ी ओलंपिक पदक जीतने की प्रबल दावेदार होगी और दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू भी सही लय में आ रही हैं और वह फिर से पेरिस में पदक दिला सकती हैं।

चोट के बाद वापसी करते हुए दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने भारतीय महिला टीम को बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक दिलाया। वहीं सात्विक और चिराग का सफर भी स्वप्निल रहा जिसमें उन्होंने 2023 चाइना ओपन और मलेशिया ओपन सुपर 1000 तथा इंडिया ओपन सुपर 750 में लगातार खिताब जीते जिससे वह इस सत्र में दुनिया की नंबर एक युगल जोड़ी बन गये।



गोपीचंद ने 'रेवस्पोर्ट्स स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव' की घोषणा के दौरान कहा, ''यह कहना सही होगा कि दुनिया के नंबर एक जोड़ी के तौर पर वे निश्चित रूप से शीर्ष स्तर पर जीतने के दावेदार हैं। उन्होंने कहा, उनकी जोड़ी मजबूत है और जब भी वे कोर्ट पर कदम रखते हैं तो वे प्रबल दावेदार होते हैं। आज अगर मुझे सभी देशों में खेलों में किसी भी एक प्रबल दावेदार जोड़ी को चुनना हो तो वह सात्विक और चिराग की जोड़ी होगी। पेरिस ओलंपिक में भारत के कुल पदकों की संभावना के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, ''यह चुनाव का समय है तो हर कोई बड़ी संख्या का अंदाजा लगा रहा है। लेकिन मैं संख्या नहीं बता सकता, लेकिन मुझे लगता है कि यह निश्चित रूप से पिछली बार से ज्यादा होगी। सिंधू के बारे में उन्होंने कहा, मैं निश्चित रूप से कहूंगा कि सिंधू ने पहले भी अच्छा प्रदर्शन किया है और मेरा मानना है कि वह सही लय में चल रही है। अगले कुछ महीने महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने कहा, वह पहले सुपानिडा काटेथोंग से हार चुकी थी इसलिये फाइनल में उसे हराना शानदार जीत रही।

# इमरान हाशमी ने कगनां के नेपोटिज्म वाले बयान पर किया रिएक्ट, जानें गैंगस्टर स्टार के विचारों पर क्या कहा?

बॉलीवुड के बहुमुखी अभिनेता इमरान हाशमी बॉलीवुड के अंदर और बाहर के मुद्दों पर काफी मुखर रहे हैं। भट्ट कैंप का हिस्सा होने के बावजूद उनके अपने कुछ संघर्ष थे। टाइगर 3 में विलेन के तौर पर शानदार परफॉर्मेंस देने के बाद इमरान अब वेब सीरीज शोटाइम में नजर आएंगे।

बॉलीवुड के बहुमुखी अभिनेता इमरान हाशमी बॉलीवुड के अंदर और बाहर के मुद्दों पर काफी मुखर रहे हैं। भट्ट कैंप का हिस्सा होने के बावजूद उनके अपने कुछ संघर्ष थे। टाइगर 3 में विलेन के तौर पर शानदार परफॉर्मेंस देने के बाद इमरान अब वेब सीरीज शोटाइम में नजर आएंगे। हाशमी के साथ नसीरुद्दीन शाह की विशेषता वाली सीरीज मनोरंजन उद्योग के बारे में कुछ जानकारी देगी। शोटाइम में श्रिया सरन, महिमा मकवाना और मौनी रॉय भी हैं। शो के प्रमोशन के दौरान इमरान प्रेस से गंभीर चर्चा में मशगूल हो गए। यहां तक कि उन्होंने बॉलीवुड में भाई-भतीजावाद पर कंगना रनौत के दावों पर भी अपने विचार व्यक्त किए।



जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि इमरान ने कंगना के साथ गैंगस्टर में काम किया है, जिससे उनका अभिनय डेब्यू हुआ था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही। यहीं से कंगना ने सफलता की सीढ़ियां चढ़नी शुरू कर दीं। एक आउटसाइडर होने के बावजूद रनौत ने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई। हालांकि, पिछले कुछ सालों में कंगना ने इंडस्ट्री में भाई-भतीजावाद को लेकर काफी कुछ कहा है और यह भी दावा किया है कि लगभग हर एक्टर ड्रग्स लेता है। अब इन दावों पर इमरान हाशमी ने जवाब दिया है।

इमरान ने कहा कि कंगना एक कलाकार के तौर पर बहुत अच्छी हैं। हो सकता है कि शुरुआती दिनों में उनका अनुभव रहा हो कि इंडस्ट्री ने उनका इतना स्वागत नहीं किया हो, लेकिन यहां हर कोई एक जैसा नहीं है। कंगना के साथ मेरा अनुभव ऐसा था कि उस समय मैंने एक हिट फिल्म दी थी, लेकिन फिर भी मैंने गैंगस्टर में खलनायक की भूमिका निभाई और वह केंद्र में थी। यह लगभग एक महिला केंद्रित फिल्म थी। इसलिए मुझे नहीं पता कि कब ऐसी धारणा बनी। लोग कहने लगे कि हर कोई नशे का आदी है या इंडस्ट्री सिर्फ नेपोटिज्म पर काम करती है। हालांकि, कंगना की अपनी राय हो सकती है, लेकिन पूरी इंडस्ट्री को दोष देना गलत है। सभी नशे के आदी नहीं हैं उद्योग में। इमरान और कंगना ने एक साथ तीन फिल्मों में काम किया है। पहली थी गैंगस्टर (2006), दूसरी थी 2009 की राज़ 2. उन्होंने आखिरी बार करण जौहर की फिल्म उंगली (2014) में साथ काम किया था।

इमरान का शोटाइम 8 मार्च को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो रहा है। इसके अलावा हाशमी सारा अली खान स्टारर ऐ वतन मेरे वतन में भी नजर आएंगे। यह फिल्म 21 मार्च को अमेज़न प्राइम पर रिलीज़ होगी।

# मैदान का ट्रेलर 7 मार्च को रिलीज होगा! अजय देवगन की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म का नया पोस्टर देखें




अजय देवगन ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म मैदान का एक नया पोस्टर जारी किया और ट्रेलर रिलीज की तारीख का भी खुलासा किया। फिल्म का ट्रेलर 7 मार्च, 2024 को रिलीज़ होगा।

रोमांचक परियोजनाओं की कतार में अजय देवगन की फिल्म मैदान का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित, यह जीवनी खेल नाटक कोच सैयद अब्दुल रहीम के तहत भारतीय फुटबॉल के स्वर्णिम वर्षों (1952-1962) को एक श्रद्धांजलि है। टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत का जश्न मनाया। 2019 के अंत तक अधिकांश फिल्मांकन पूरा करने के बावजूद, अप्रत्याशित घटनाओं के कारण फिल्म की रिलीज में देरी हुई। अब, अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर एक ताजा पोस्टर साझा किया है, जिसमें ट्रेलर रिलीज की तारीख का खुलासा किया गया है और इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के लिए और अधिक चर्चा शुरू हो गई है।

अजय देवगन ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म मैदान का एक नया पोस्टर जारी किया और ट्रेलर रिलीज की तारीख का भी खुलासा किया। फिल्म का ट्रेलर 7 मार्च, 2024 को रिलीज़ होगा। पोस्टर बिल्कुल अलग है, और अपने कैप्शन में उन्होंने लिखा- एक आदमी, एक टीम, एक राष्ट्र और अटूट विश्वास की एक असाधारण कहानी। जिसने फुटबॉल के इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ी!

पिछले साल द न्यू इंडियन के साथ बातचीत में बोनी कपूर ने फिल्म के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की थी। महामारी और अप्रत्याशित मौसम के कारण काफी देरी हुई। मूल रूप से, उन्होंने छह महीने के लिए जमीन का एक टुकड़ा पट्टे पर लिया था, लेकिन असफलताओं के कारण, उन्हें इसे आगे बढ़ाना पड़ा, जिससे अतिरिक्त लागत लग गई। बड़ी भीड़ को प्रबंधित करना एक और बाधा थी, और उन्होंने देरी के लिए पर्याप्त बीमा मुआवजा नहीं मिलने पर निराशा व्यक्त की। फिल्म में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि और गजराज राव भी अहम भूमिका में हैं। पिछले साल मार्च में रिलीज़ हुए टीज़र ने प्रशंसकों की प्रत्याशा बढ़ा दी थी, और तब से फिल्म के बारे में अपडेट का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है।

मैदान के साथ-साथ, अजय देवगन वर्तमान में सिंघम अगेन के निर्माण में भी काम कर रहे हैं, जो रोहित शेट्टी के पुलिस जगत की बहुप्रतीक्षित फिल्म और सिंघम श्रृंखला का तीसरा अध्याय है। पिछली किस्त, जिसका नाम सिंघम अगेन भी था, 2014 में रिलीज़ हुई और इसे अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिली। इसकी सफलता के बाद, रणवीर सिंह द्वारा अभिनीत सिम्बा और अक्षय कुमार द्वारा अभिनीत सूर्यवंशी जैसे नए पात्रों को पुलिस जगत में पेश किया गया।

सिंघम अगेन दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ और अर्जुन कपूर जैसे नए चेहरों को लेकर ब्रह्मांड को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। फिल्म में करीना कपूर खान भी सिंघम रिटर्न्स में अजय की प्रेमिका की भूमिका में फिर से नजर आएंगी। अजय देवगन की आगामी परियोजनाओं में शैतान, औरों में कहां दम था, रेड 2, सन ऑफ सरदार 2 और धमाल 4 शामिल हैं।

# न हीरा-न मोती.. राधिका मर्चेंट का कस्टम-मेड लहंगा अपनी अनोखी कला के कारण बना खास, भारतीय विरासत की बयां की कहानी

अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी की खूबसूरत बहू राधिका मर्चेंट अपने बेहतरीन फैशन सेंस और स्टाइल के लिए जानी जाती हैं। वह कार्यक्रमों और समारोहों में अपनी शानदार और मनमोहक उपस्थिति से सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में कभी असफल नहीं होती हैं। हाल ही में उनके और अनंत अंबानी के हस्ताक्षर समारोह में उन्होंने अपनी कस्टम-मेड लहंगा साड़ी से महफिल लूट ली। तरूण ताहिलियानी द्वारा बनाए गए सुंदर कस्टम-निर्मित पहनावे में पारंपरिक और आधुनिक तत्वों का पूरी तरह से मिश्रण है, जो भारतीय विरासत के लिए एक काव्यात्मक कविता का प्रतिनिधित्व करता है।

हस्ताक्षर समारोह भारतीय शादियों में एक पारंपरिक अनुष्ठान है जहां दूल्हा और दुल्हन अपनी शादी के दिन से पहले एक-दूसरे को लिखे पत्रों का आदान-प्रदान करते हैं। इसे एक बहुत ही आशाजनक और भावनात्मक घटना माना जाता है, क्योंकि यह जोड़े के लिए एक नई यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है।

हस्ताक्षर समारोह में राधिका मर्चेंट की विशेष परिधान वाली लहंगा साड़ी की तस्वीरें तरुण ताहिलियानी द्वारा डिजाइन की गई, जिन्होंने कहा कि दुल्हन के साथ काम करना खुशी की बात है। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के विवरण में, उन्होंने होने वाली दुल्हन की प्री-ड्रेप्ड उपस्थिति बनाने में शामिल प्रक्रियाओं का भी खुलासा किया। डिजाइनर ने दावा किया कि राधिका से मिलने पर वह तुरंत ही उनके बेदाग स्वाद से मंत्रमुग्ध हो गए। अपने सार्टोरियल मंदिर परिसर की समानता के साथ, लहंगा साड़ी ने राधिका की कृपा और देवताओं की घाटी के विचार को पूरक बनाया। पोशाक को आड़ू, मूंगा और सूर्यास्त के रंगों के हल्के स्वरों में बारीक कढ़ाई वाले गुंबदों और संरचनाओं से सजाया गया था।



डिजाइनर ने भारतीय विरासत के लिए एक काव्यात्मक गीत भी जोड़ा, क्योंकि प्री-ड्रेप्ड लहंगा साड़ी हाथ से पेंट की गई लघु कलात्मकता की टेपेस्ट्री को उजागर करती है, जो चांदी और गुलाबी सोने के भव्य रंगों में काशीदाकारी शिल्प कौशल की नाजुक सुंदरता के साथ जटिल रूप से बुनी गई है। डिजाइनर ने आगे कहा, जाली और रेशम के काम के उत्कृष्ट नृत्य से सजे ब्लाउज द्वारा अलौकिक पहनावा और ऊंचा हो गया है, जो कालातीत सुंदरता का प्रतीक है। एक हाथ से पेंट किया हुआ दुपट्टा उसके चारों ओर नाजुक ढंग से लिपटा हुआ है, जो परंपरा और आधुनिकता की एक कहानी को सहजता से जोड़ता है। पूरा करना राजसी लुक एक पैनलदार, स्कैलप्ड गुलाबी सोने के ऊतक का घूंघट है जो उसे खूबसूरती से ढकता है, परिष्कार और आकर्षण की आभा देता है।

सोनम कपूर की बहन रिया कपूर ने विशेष रूप से डिजाइन की गई यह पोशाक राधिका को पहनाई। इस दौरान सेलिब्रिटीज की चहेती डॉली जैन ने ये ड्रेस पहनी। अंत में, राधिका ने अपने हस्ताक्षर समारोह के पहनावे को हीरे के चोकर हार, झुमकी, मांग टीका, हाथ फूल, अंगूठियां, न्यूनतम ग्लिट्ज़ और केंद्र-विभाजित आधे-ऊपर, आधे-नीचे के बालों के साथ सजाया। राधिका मर्चेंट की लहंगा साड़ी सिर्फ एक फैशन स्टेटमेंट नहीं है बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व का प्रतीक भी है। यह हमें अपनी जड़ों का जश्न मनाने और अपनी पारंपरिक पोशाक को गर्व के साथ अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह एक अनुस्मारक के रूप में भी कार्य करता है कि पारंपरिक भारतीय कपड़े और तकनीक केवल शादियों और विशेष अवसरों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें हमारी दैनिक अलमारी में भी शामिल किया जा सकता है।

# संदेशखाली प्रकरण में अभाविप ने ममता सरकार का पुतला फूंका

- राष्ट्रपति को घटना पर संज्ञान लेने हेतु प्रेषित किया गया ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा आज छात्रसंघ भवन पर संदेशखाली प्रकरण के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन कर ममता सरकार का पुतला फूंका गया एवं कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया। अभाविप ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा हिंदू घरों से जबरन नाबालिग कन्या व महिलाओं को चिन्हित कर उनका भवपूर्वक अपहरण कर पार्टी कार्यालय में लाकर अत्याचार, दुराचार करने के कृत्यों की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है तथा इस संबंध में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

विगत 10 फरवरी को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आनंद बोस के संदेशखाली दौरे के कारण इस वीभत्स शोषण की सच्चाई वृहद् जनमानस के समक्ष आई है। टीएमसी के नेताओं द्वारा हिंदू कन्याओं का अपरहण कर अत्याचार एवं दुराचार करने के अनेक प्रकरण सामने आए हैं, जो किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है। आज इसी संबंध में अभाविप द्वारा ममता सरकार का पुतला फूंका गया एवं राष्ट्रपति को पत्र लिख राज्य सरकार की प्रकरण में संलिप्तता की केंद्रीय एजेंसी द्वारा जांच करवाने, महिलाओं पर हिंसा एवं उनकी सामूहिक अस्मिता के हनन करने एवं संबंधित प्रकरण की शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी करने, पीड़ित महिला को निःशुल्क सहायता उपलब्ध कराने, मनोवैज्ञानिक द्वारा मानसिक रूप से पीड़ित महिलाओं को सहायता दिलवाने एवं भय-मुक्त संदेशखाली बनाने में केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति की मांग की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं इविवि के इकाई अध्यक्ष शिवम सिंह, काशी प्रांत की प्रांत छात्रा कार्य सह-संयोजक जाह्नवी और इलाहबाद विश्वविद्यालय इकाई के इकाई मंत्री आलोक त्रिपाठी ने कहा कि संदेशखाली प्रकरण में बंगाल सरकार की अनेक नेताओं की संलिप्तता दुर्भाग्यपूर्ण है तथा ममता बनर्जी सरकार की महिला विरोधी छवि को उजागर करती है। हिंदू महिलाओं को चिन्हित कर उनके साथ दुराचार के अनेकों प्रकरण सामने आए हैं और सरकारी मशीनरी का इस्तमाल करते हुए इस प्रकरण को समाज से दूर रखने के काफी प्रयत्न किए गए हैं। अभाविप, अपने सामाजिक दायित्व को निभाते हुए प्रकरण को समाज तक पहुंचाने व बहनों को न्याय दिलाने हेतु देशव्यापी आंदोलन कर रही है तथा दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग कर रही है। इस दौरान अभाविप काशी प्रांत सह-मंत्री कार्तिकेय पति त्रिपाठी, इकाई अध्यक्ष शिवम सिंह, आयुष्मान सिंह, राजेश्वरी मौर्य, शिवम शर्मा, विनय यादव, अतुल यादव, विवेक, रित्विक सिंह, हिमांशु त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने बैठक कर सुनिश्चित किया बूथ प्रबंधन

**प्रयागराज।** कांग्रेस शहर कमेटी ने बैठक कर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में वार्डों में प्रभारियों की नियुक्ति की है। बैठक में उपस्थित शहर कांग्रेस कमेटी के विभिन्न पदाधिकारियों को अलग - अलग वार्डों में प्रभारी नियुक्त किया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने समस्त वार्ड अध्यक्षों को प्रत्येक बूथ पर एक अध्यक्ष और एक प्रतिनिधि का चुनाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों से उनको सौपे गए प्रभार क्षेत्र में बूथ कमेटियों का व्यवस्थित संचालन करने का अनुरोध किया। बैठक में राजेश राकेश, नयन कुशवाहा, दिवाकर भारतीय, विवेक पांडे, अंजुम नाज़, अनूप त्रिपाठी, विनय पांडेय, हसीन अहमद, प्रदीप वर्मा, शकील अहमद, इरशाद उल्ला, पूनम यादव,शिव शंकर मिश्र, सकूर, तबरेज, सतीश श्रीवास्तव, प्रवीण गुप्ता, निजामुद्दीन, मुन्ना जाफरी, अफरोज खान आदि उपस्थित थे।

# कौशांबी में बौद्ध तीर्थ क्षेत्र स्थापना से पर्यटन को मिलेगी नई पहचान

**अवधनामा संवाददाता**

- बौद्ध तीर्थ क्षेत्र स्थापना के अंतर्गत निर्मित हो रहा है बुद्धा थीम पार्क
- महाकुंभ में आने वाले विदेशी पर्यटकों के लिए नया टूरिज्म डेस्टिनेशन बनेगी बौद्ध स्थली
- योगी सरकार से बुद्धा थीम पार्क के लिए 22 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

**प्रयागराज।** बौद्ध नगरी कौशाम्बी को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार नई पहचान दे रही है। अपने अतीत में सभ्यता और समृद्धि का इतिहास समेटे 14 महाजनपद काल में वत्स राज्य की राजधानी कौशांबी को उत्तर प्रदेश का पर्यटन विभाग बौद्ध तीर्थ के रूप में विकसित करने जा रहा है। इसके लिए बुद्धा थीम पार्क के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रयागराज के निकटवर्ती जिले कौशाम्बी की पहचान उसके अतीत के गौरव से रही है। भगवान बुद्ध के समय बौद्ध नगरी कौशांबी की पहचान भारत के 6 सबसे महत्वपूर्ण नगरों में होती थी। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार इसे नई पहचान दे रही है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि कौशाम्बी के कोसम इनाम गाँव को पर्यटन विभाग बौद्ध तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित कर रहा है। इसे बौद्ध सर्किट से जोड़ने के लिए यहां पर 2359.55 लाख की लागत से बुद्धा थीम पार्क का विकास किया जा रहा है। इसका प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। सरकार की तरफ से इसके लिए 22 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। इसके विकास के लिए इलाके में 11 हेक्टेयर की जमीन भी स्थानीय किसानो से अधिग्रहित की जा चुकी है। किसानों को उनका मुआवजा भी दिया जा चुका है। इस पार्क में ओपन एयर थियेटर, महात्मा बुद्ध के जीवन पर आधारित संग्रहालय, बुद्ध पर आधारित म्यूरल्स, थीमेटिक गेट, कैफेटेरिया और ठहरने के लिए गेस्ट हाउस का निर्माण किया जाएगा। बौद्ध स्थलों के सतत विकास के लिए इसका व्यवस्थित ढंग से विकास और विस्तार होना भी आवश्यक है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह के मुताबिक इस पूरे इलाके को बौद्ध संरक्षित क्षेत्र बनाने के लिए इसे प्राधिकरण क्षेत्र घोषित किये जाने की योजना है। पर्यटन विभाग ने शासन को इस क्षेत्र को प्राधिकरण क्षेत्र घोषित करने के लिए प्रस्ताव भी भेजा है।

# अन्तिम स्नान पर्व पर मेला पुलिस नें कसी कमर

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** माघ मेला-2024 के छठवें व अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि को सकुशल एवं निर्विघ्न संपन्न कराये जाने हेतु आज रिजर्व पुलिस लाइन्स के मानसरोवर सभागार में आयोजित ब्रीफिंग गोष्ठी में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से वार्ता करते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ0 राजीव नारायण मिश्र आईपीएस के द्वारा ड्यूटी के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये 7 साथ ही उक्त कर्मियों को अति शीघ्र निवारण हेतु सर्व-सम्बंधित को निर्देशित किया गया एवं सभी थाना प्रभारी को अवगत कराया गया कि महाशिवरात्रि स्नान पर्व पर सभी अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखेंगे किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं होने देंगे व महाशिवरात्रि स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। ब्रीफिंग के बाद डीआईजी द्वारा सर्वप्रथम संगम नोज पहुंचकर स्नान घाटो का स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं गहराई का आकलन कराया गया। साथ ही प्रतिबंधित स्नान घाटों पर बैरिकेडिंग एवं पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाए जाने हेतु जल पुलिस प्रभारी, संगम प्रभारी को निर्देशित किया गया इस दौरान प्रभारी द्वारा मेला क्षेत्र में बनें पार्किंग स्थलों पर पहुंचकर यातायात प्रभारी से वार्ता की गई एवं अवगत कराया गया कि महाशिवरात्रि पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं व स्नानार्थियों को वाहनों के साथ संगम स्नान हेतु संगम के पास नयी पार्किंग स्थल तक पहुंचने में किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई न हो। साथ ही साथ पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा मेला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी शिव मंदिरों का भ्रमण कर तैयारी का जायजा लिया गया एवं व्यापक पुलिस प्रबन्ध के लिए सर्व-सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सभी अपर पुलिस अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

# भव्य दीक्षांत परेड में ली कर्तव्य की शपथ

**चतुर्थ वाहिनी पीएसी प्रयागराज का सहायक उप निरीक्षक (लेखा) दीक्षांत परेड एवं शपथ- ग्रहण समारोह आयोजित**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** चतुर्थ वाहिनी पीएसी प्रयागराज में सेनानायक महोदय प्रताप गोपेन्द्र (आईपीएस) की उपस्थित में एवं मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक पीएसी कानपुर अनुभाग राजीव नारायण मिश्रा (आईपीएस) की अध्यक्षता में वाहिनी में प्रचलित सहायक उप निरीक्षक (लेखा) में प्रशिक्षणरत 187 प्रशिक्षुओं की अंतः कक्षीय एवं बाह्य कक्षीय परीक्षा के परिणामोपरान्त उत्तीर्ण हुए 186 प्रशिक्षुओं की हर्षोल्लास के साथ भव्य दीक्षांत परेड एवं शपथ - ग्रहण समारोह* का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के आगमन पर सेनानायक द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर वाहिनी की के हॉफ ब्रास बैण्ड टीम द्वारा स्वागत धुन प्रस्तुत कर डीआईजी का अभिवादन किया गया।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि डॉ. मिश्र द्वारा प्रथम परेड कमाण्डर गुलाब सिंह मलिक द्वितीय परेड कमाण्डर जसपाल सिंह एवं तृतीय परेड कमाण्डर अमित मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित दीक्षांत परेड का मान-प्रणाम ग्रहण किया गया। तत्पश्चात परेड का निरीक्षण किया गया तथा उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को कर्तव्य की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात अंतः कक्षीय विषयों एवं बाह्य कक्षीय परीक्षा में प्रथम स्थान पर रहे पुरुस्कार विजेता प्रशिक्षुओं एवं आरटीसी स्टाफ को प्रसंशा-चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

वाहिनी में प्रशिक्षुओं का गहन प्रशिक्षण 04 सितंबर 2023 से प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण के दौरान वाहिनी के राजपत्रित अधिकारी एवं कुशल प्रशिक्षकों द्वारा अन्तः एवं वाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के साथ-साथ फायर सर्विस, प्राथमिक उपचार एवं लेखा संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर अतिथि प्रवक्ताओं के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाया गया। प्रशिक्षण के दौरान निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार 9एमएम पिस्टल से फायरिंग भी कराई गई। बड़े हर्ष एवं गौरव का विषय है कि घोषित परिणाम में सभी प्रशिक्षु उत्तीर्ण हुए। इन सहायक उप निरीक्षक (लेखा) की नियुक्ति प्रदेश के विभिन्न जनपदों एवं इकाइयों मे की गई है जहां यह अपनी सेवा देगें। अन्त में मुख्य अतिथि के आशीर्वचन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान एसएसएफ उपसेनानायक सुरेश चन्द्र रावत, सहायक सेनानायक प्रेम प्रकाश , सहायक सेनानायक अब्दुल रज्जाक, निरीक्षक गोपनीय राम प्रकाश गुप्ता, दलनायक विनय कुमार सिंह, दलनाय रवींद्र नाथ, सूबेदार मेजर रवि यादव, सहायक शिविरपाल विपिन कुमार सिंह, आरटीसी प्रभारी जंग बहादुर यादव, एसएसएफ सूबेदार मेजर रावेन्द्र सिंह व मीडिया प्रभारी विजय सिंह सहित समस्त प्रशिक्षक तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति वंदन पदयात्रा का आयोजन

- नारी शक्ति के बढ़ते हुए कदम मोदी सरकार की हैट्रिक लगाएगा: राजेंद्र
- प्रचंड बहुमत के साथ मोदी सरकार बनाएंगे: डॉ. कृतिका

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा शहर दक्षिणी विधानसभा में नारी शक्ति वंदन पदयात्रा का आयोजन घंटाघर स्थित छुन्नन गुरु जी की प्रतिमा से जानसेनगंज चौराहे तक किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाओं को सुरक्षा,सम्मान, और राजनैतिक अधिकार दिया गया और हर क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त किया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉक्टर कृतिका अग्रवाल, प्रदेश मंत्री वंदना सिंह, पार्षद किरन जायसवाल पार्षद सुनीता चोपड़ा एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा रस्तोगी ने कहा कि मोदी ने नारी सशक्तिकरण के लिए बहुत कार्य किया है, हम महिलाएं हैं। आगे बढ़कर के इस बार संकल्प लेते हैं कि हम महिलाएं 2024 में रिकार्ड मतों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिताकर सदन में पहुंचाएंगे और विकसित भारत के निर्माण में अपनी सबसे बडी भूमिका निभाएंगे। मीडिया प्रभारी चंद्रा अहलूवालिया ने बताया कि पदयात्रा में एनजीओ की सामाजिक क्षेत्र में काम कर रही महिलाएं, महिला डॉक्टर, अधिवक्ता, एवं समाज की प्रबुद्ध जीवी महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजिका चौक महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष का शिखा खन्ना रही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रीता सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रिया कैथवास, स्मृति श्रीवास्तव ,आभा सिंह, नम्रता चौरसिया, पूनम, बबीता जायसवाल, काजल कैथवास एवं सैकडो महिलाओं ने भाग लिया।

# पी आर टी टॉपर का जनपद आगमन पर स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** भाभा एटॉमिक सेंटर इंडिया पी आर टी टॉपर उत्तमा पाल का जनपद जौनपुर आगमन पर पाल एकता मंच ने जोरदार स्वागत किया ।सोमवार को निरीक्षण भवन पहुची उत्तमा का स्वागत करते हुए पाल एकता मंच के पदाधिकारीयो ने बुके देकर सम्मानित किया पाल एकता मंच के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष वाराणसी मंडल पी डब्लू डी अच्छेलाल पाल अखिल भारतीय पाल महा सभा ,जिला अध्यक्ष ,ग्राम विकास एसोसिएशन महा मंत्री रामकृष्ण पाल अखिल भारतीय पाल महासभा जिला महा मंत्री एडवोकेट विजय पाल, जिला समन्वयक मनरेगा राजेश पाल, पीडब्लूडी वरिष्ठ देव नारायण पाल, ने बुके देकर स्वागत अभिनंदन किया। परमाणु उर्जा शिक्षण संस्थान से टॉपर रही उत्तमा मार्च 2023 को परीक्षा में सम्लित हुई थीं 25 जुलाई 2023 को इंटरब्यू दिया था। ऑल इंडिया में 70 सीटों में 19 सीट ओबीसी की थी जिसमे उत्तमा का प्रस्थम स्थान था। उत्तमा वर्तमान में राजकीय मध्य विद्यालय औसान जिला औरंगाबाद बिहार में बीपीएससी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका के पद पर कार्यरत है।उत्तमा ने प्राथमिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर सरायमीरा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की पढ़ाई माया देवी इंटर कालेज से स्नातक की शिक्षा गणित विज्ञान 2015 डीएलएड की शिक्षा 2018 में अच्छे नंबरों से पास की ।उत्तमा के पिता सुभाष चन्द्र पाल कपड़ा के कारोबारी है। माता आदित्य कुमारी पाल आंगनवाडी कार्यकत्री है। एक अगस्त 19 95 को जन्मी उत्तमा तीन भाई बहनों मे सबसे छोटी है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के अधिकारों प्रति किया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया एवं यह भी अवगत कराया गया कि महिला पुरुषों से कम नहीं है। जो काम पुरुष कर सकता है। वह महिलाएं भी कर सकती हैं। इसी के साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में विस्तार से बताया गया और वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रबंधक सरिता पल द्वारा वन स्टॉप सेंटर के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। केस वर्कर ममता यादव द्वारा बाल विवाह और कन्या भ्रूण हत्या एवं सभी हेल्पलाइन नंबर 1098, 112, 1076, 102, 108 के बारे में जागरूक किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सांसद धनन्जय सिंह दोषी करार, भेजे गए जेल



**जौनपुर।** एमपी एमएलए कोर्ट ने जौनपुर जिले के पूर्व बाहुबली सांसद धनंजय सिंह को अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में दोषी कर दिया है सजा कल सुनाई जाएगी। धनन्जय सिंह को कोर्ट में हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। नमामि गंगे प्रोजेक्ट के मैनेजर अभिनव सिंघल ने लाइन बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया था कि 10 मई 2020 को विक्रम और उसके सहयोगियों द्वारा उसका अपहरण करके धनंजय सिंह के आवास पर ले जाया गया। जहां धनंजय ने पिस्टल निकाल कर धमकाया। रंगदारी मांगा। आरोपियों ने जबरन गिट्टी बालू की आपूर्ति के लिए दबाव डालते हुए धमकी दिया।वादी की एफआइआर पर आरोपी गिरफ्तार हुए। जेल गए।बाद में वादी एफआइआर में कही गई बातों से मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयान में मुकर गया और कहा कि धनंजय व विक्रम ने न तो अपहरण कराया न रंगदारी मांगी। वादी के घटना से मुकरने का फायदा विक्रम को तो मिल गया लेकिन धनंजय चूक गए। सूत्रों की माने तो पहले विवेचक ने फाइनल रिपोर्ट टी ओ ऑफिस में दाखिल भी कर दी थी बाद में पुलिस के उच्च अधिकारी के आदेश से पुनः विवेचना हुई और इस बार चार्ज शीट दाखिल हुई।

### परीक्षा देने गया छात्र लापता

**जौनपुर।** चन्दवक थाना क्षेत्र के देवलासपुर गांव का एक छात्र सोमवार को घर से परीक्षा देने गया था। किंतु शाम तक घर वापस नहीं आया।काफी तलाश करने पर पता चला वह रास्ते से ही गायब हो गया। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी तैरून निशा पत्नी शेख नसुरूला ने चंदवक पुलिस को तहरीर देते हुए बताया की हमारा लड़का मौहम्मद आरीफ 16 वर्ष सोमवार को करीब आठ बजे घर से परीक्षा देने के लिए केराकत के एसडी पब्लिक स्कूल हुरहुरी गया था। किंतु शाम तक वह घर वापस नही लौटा। इस घटना से परिजनों मे कोहराम मच गया। परीक्षाकेंद्र केराकत पर पता करने गए परिजनों को बताया गया कि उक्त छात्र विद्यालय पर आया ही नहीं। घर वालों के खोजबीन करने पर छात्र का कोई अता पता नहीं चला। परेशान होकर परिजनों ने किसी अनहोनी की घटना से भयभीत होकर पुलिस को लिखित तहरीर दी है।

### घरेलू हिंसा पर हुई गोष्ठी

**आजमगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव धनंजय कुमार मिश्र एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी की उपस्थिति मे सखी वन स्टॉप सेंटर में घरेलू हिंसा से पीड़ित एवं अन्य समस्याओं से पीड़ित महिलाओं के साथ चर्चा किया गया एवं उनका निवारण भी किया गया। तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं से अवगत कराया गया। केंद प्रबंधक सरिता पाल द्वारा सभी हेल्पलाइन नंबर 181, 112, 1098, 1076, 102, 108 के बारे में विस्तृत चर्चा की गई तथा वन स्टॉप सेंटर के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर महिला कल्याण अधिकारी, जिला समन्वयक अन्नु सिंह, ममता यादव एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## रमजान व शिवरात्रि को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** आगामी त्यौहार शिवरात्रि और रमजान को लेकर मंगलवार मुबारकपुर थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक निहार नन्दन कुमार की अध्यक्षता में संभ्रांत लोगों संग बैठक आहूत की गई. बैठक में आगामी शिवरात्रि का त्यौहार को लेकर चर्चा हुई जो शुक्रवार को है. नगर के मोहल्ला पुरारानी नगरपालिका से शिवरात्रि का जुलूस निकाला जाएगा जो पूरे नगर में अपने परंपरागत रास्तों से होते हुए पुरानी बस्ती स्थित संघत पर जाकर समाप्त होगा। बैठक में नगर में साफ- सफाई पानी की बेहतर व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई साथ ही आगामी रमजान को लेकर बाजार में कपड़ों आदि खरीदने हेतु भीड़भाड़ रहती है। और मुख्य बाजार में ई रिक्शा को पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाए ताकि जाम के झाम से छुटकारा मिल सके। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक निहार नन्दन कुमार ने कहा की किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो हमें सूचित करें किसी भी समय हम आपकी सहायता के लिए तैयार हैं कोई भ्रामक चीजों को आगे न बढ़ाएं पहले उसकी पुष्टि करें। इस अवसर पर चौकी प्रभारी संजय सिंह, उपनिरीक्षक सुरेश यादव, राजीव जयसवाल, संदीप मोदनवाल, विशाल गुप्ता, गोलू जयसवाल, राजू गौंड़, हाजी मोनीस, सभासद मो.नाजिर, नूरुल होदा, सुहेल अहमद, इरशाद अहमद , मुन्ना शिकारी, बेलाल हाशिम, अमीरुद्दीन, बशीर अहमद, चाँद, आदि लोग मौजूद थे।

# प्रेक्षागृह का अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ कायाकल्प किया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिला पंचायत, जौनपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला निधि से कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह का अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ कायाकल्प किया गया ।जिसमें 325 कुर्सिया, सेन्टरलाईज ए0सी0, प्रोजेक्टर, 04 एल0ई0डी0 टी0बी0, साउण्ड प्रूफ हाल बनाया गया है जिस पर मु0 139.97 लाख रू0 व्यय हुआ।

उच्चीकृत ऑडिटोरियम का लोकार्पण 05 मार्च 2024 को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकला धनन्जय सिंह द्वारा किया गया, जिसमें बृजेश कुमार सिंह प्रिन्सु विशिष्ट अतिथि एवं सत्येन्द्र सिंह प्रमुख क्षेत्र पंचायत, मुंगराबादशाहपुर, संजय सिंह प्रमुख क्षेत्र पंचायत, सिकरारा, विनय सिंह प्रमुख क्षेत्र पंचायत, महराजगंज, मनोज यादव प्रमुख क्षेत्र पंचायत, बक्शा, राजकुमार यादव, सदस्य जिला पंचायत, दिनेश तिवारी, पूर्व जिला पंचायत, सदस्य, बाबा सिंह, ग्राम प्रधान बर्जी एवं मो0 हारून, अधिशासी अभियन्ता (सिविल)/ अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत के साथ जिला पंचायत के अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम अध्यक्ष व विशिष्टि अतिथि विधान परिषद सदस्य, का स्वागत प्रमुखगण, सदस्यगण जिला पंचायत, के साथ अपर मुख्य अधिकारी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष द्वारा उच्चीकृत आडिटोरियम के लोकार्पण के साथ-साथ जनपद के सार्वागीण विकास हेतु जिला पंचायत जौनपुर द्वारा 15वॉ वित्त (टाईड/अनटार्डड ग्रान्ट), पंचम राज्य वित्त आयोग योजना एवं जिलानिधि के अन्तर्गत 30 जनवरी 2024 व 13 फरवरी 2024 को आमंत्रित निविदा में स्वीकृत सी0सी0,इण्टरलाकिंग,लेपन/मरम्मत ,पुलिया निर्माण, सरोवर निर्माण, नाला/नाली निर्माण, सीमा सूचक द्वार, सामुदायिक शौचालय, हाईमास्ट लाईट स्थापना आदि मु0 6720.66 लाख रू0 लागत की 365 परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास किया गया। अध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि जिला पंचायत द्वारा जनपद जौनपुर में मॉल का निर्माण कराया जायेगा, मॉल के माध्यम से जिला पंचायत की आय में बृद्धि होगी वही जनपद वासियो को मनोरंजन के लिए थियेटर व दुकाने आदि सुविधायें मिलेगी।

अन्त में अध्यक्ष द्वारा आडिटोरियम में उपस्थित विधान परिषद सदस्य, समस्त प्रमुखगण, सदस्यगण एवं अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# विद्यालय प्रबंधन ने के के कंस्ट्रक्शन एंड एसोसिएट कंपनी का किया शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** कस्बे के मछली शहर रोड पर नवनिर्मित के के कंस्ट्रक्शन एंड एसोसिएट कंपनी का शुभारंभ मुख्यअतिथि सिटी पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर आलोक कुमार गुप्ता पिंटू ने मंत्रोच्चारण के साथ फीता काटकर किया।

इस दौरान डायरेक्टर आलोक कुमार गुप्ता ने इंजी. पूजा के के यादव को नवनिर्मित कंस्ट्रक्शन कार्यालय खोलने के लिए उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान इंजीनियर पूजा के के यादव ने बताया कि आर्किटेक्ट की पढ़ाई पूणे महाराष्ट्र से करने के बाद अपने गृह क्षेत्र में बेहतर डिजाइन सुविधा देने के लिए संकल्पित हूं। उन्होंने बताया कि उक्त फर्म द्वारा प्लानिंग, साइट सुपरविजन, कंस्ट्रक्शन, 3डी विजुलाइजेशन, इंटीरियर डिजाइन स्ट्रक्चर डिजाइन समेत भवन निर्माण कुशल कारीगरों एवं इंजीनियर द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद जौनपुर में पहली बार इंटीरियर डिजाइन का कार्य का काम शुभारंभ हुआ है जिसमें घर, ऑफिस, मॉल्स, हॉस्पिटल, एयरपोर्ट, होटल व स्कूल आदि को खूबसूरत और आकर्षक तरीके से सजने व्यवस्था उपलब्ध है। इंटीरियर डिजाइन में खासतौर से प्लानिंग, कंस्ट्रक्शन, रिनोवेशन और डेकोरेशन पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा जिससे लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके। इस दौरान चेयरमैन कपिल मुनि गुप्त, धनश्री, कन्हैया लाल यादव, सूरज यादव, अनिल चौबे, कल्लू दुबे, रवि दुबे, वंदना पटेल, केपी यादव व वीरेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# ईवीएम के प्रति जागरूकता को लेकर प्रदर्शनी

**अवधनामा संवाददाता**




**आजमगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन में मतदान के प्रति जन सामान्य में मतदान एवं ईवीएम के प्रति जागरूकता के लिए स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर इंजीनियर कुलभूषण सिंह ने कलेक्ट्रेट भवन में स्थित गांधी हाल में लगे ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र पर डीएवी डिग्री कालेज आजमगढ़ के लगभग 200 छात्रध्छात्राओं को मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत क्यू आर कोड के माध्यम से आनलाइन मतदाता पंजीकरण, वोटर हेल्प लाइन ऐप एवं सक्षम ऐप के बारे में बताया। वोटर हेल्प लाइन ऐप में वोटर अपना वोटर लिस्ट मे नाम एवं पोलिंग बूथ के बारे में जानकारी ले सकते हैं। साथ ही छात्र/ छात्राओं को ईवीएम/ वीवीपैट से वोटिंग करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान छात्रध्छात्राओं ने ईवीएम के माध्यम से वोटिंग किया, वहीं वीवीपैट की उपयोगिता से भी परिचित हुए, जिसमें छात्र/ छात्राओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर इंजीनियर कुलभूषण सिंह ने सभी छात्रध्छात्राओं को डमी बैलट पेपर लगे बैलट यूनिट का बटन दबाकर मतदान करने के तरीके से अवगत कराया गया। इसके साथ ही वीवीपैट में दिए गए वोट का प्रिंट 7 सेकंड तक प्रत्याशी का नाम, क्रमांक तथा चुनाव चिन्ह देखने को लेकर छात्रध्छात्राओं को अभ्यस्त कराया गया। सभी छात्रध्छात्राओं द्वारा आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन में अपने परिवार एवं आस-पास के लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने हेतु जागरूक करने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये स्लोगन वोट जैसा कुछ नहीं-वोट जरूर डालेंगे हम की शपथ ली गयी। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर धर्मेन्द्र कुमार सिंह, संजीत बेरा, अनिस सिद्धिकी, डीएवी डिग्री कालेज के अध्यापक-डॉ. गीता सिंह, डॉ. अरूण कुमार सिंह, डॉ. पंकज सिंह, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. सुधांशु श्रीवास्तव, डॉ. शैलेन्द्र कुमार यादव, डॉ. अजय सोनकर सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## बोल्ट ने पेश किया टीडब्ल्यूएस ज़ैड40 अल्ट्रा

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे तेज़ी से विकसित होते वियरेबल टेक ब्राण्ड बोल्ट ने आज टू वायरलैस साउण्ड में नए इनोवेशन मेड-इन-इंडिया ज़ैड40 अल्ट्रा के लॉन्च की



घोषणा की है। एआई पावर्ड बोल्ट ज़ैड40 अल्ट्रा फास्ट चार्जिंग, शानदार साउण्ड क्वालिटी, बेहतरीन टच कंट्रोल के साथ आज के टेक-सेवी उपभोक्ताओं को बेजोड़ सुविधा प्रदान करता है। आडियो के क्षेत्र में आधुनिक एआई टेक्नोलॉजी के साथ बोल्ट ज़ैड40 अल्ट्रा टू वायरलैस साउण्ड को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह उपभोक्ताओं को ऑडियो का बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है। आधुनिक सोनिक कोर डायनामिक्सन्र् तथा पावर के प्रभावी उपयोग एवं बेहतरीन नॉइस कैंसिलेशन के लिए एआई पावर्ड इंटेलीजेन्ट वॉइस प्रोसेसिंग के साथ ज़ैड40 अल्ट्रा ऑडियो के अनुभव को शानदार बना देता है। इसका एक और फीचर है प्रिज़्म वॉइस पीएलसीन्र्, जिसके चलते बातचीत में कोई रूकावट नहीं आती, गेमिंग कम्युनिकेशन भी बेहतर हो जाता है और वर्चुअल मीटिंग्स में भी कॉल की बेहतरीन गुणवत्ता मिलती है। प्रोडक्ट के बारे में बात करते हुए वरूण गुप्ता, सह-संस्थापक एवं सीईओ, बोल्ट ने कहा, ''बोल्ट में हम उपभोक्ताओं को ऑडियो का बेजोड़ अनुभव प्रदान करना चाहते हैं। बोल्ट ज़ैड40 अल्ट्रा सिर्फ नया ईयरबड्स ही नहीं है, बल्कि बेहतर ऑडियो, स्टाइल और गेमिंग के साथ अपने आप में एडवेंचर है। यह प्रोडक्ट इनोवेशन के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और उपभोक्ता को लगातार सिर्फ सर्वोच्च गुणवत्ता ही प्रदान करता है। पर्सनलाइज़्ड डिवाइसेज़ की बढ़ती मांग को देखते हुए ज़ैड40 अल्ट्रा आधुनिक एआई-ऑडियो टेक्नोलॉजी के साथ ऑडियो के अनुभव को सहज बनाता है।''

# टाटा मोटर्स ने टाटा स्टीकल को अपने अगली पीढ़ी के और पर्यावरण-हितैषी वाणिज्यिक वाहन सौंपे

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स, वाणिज्यिक वाहन बनाने वालीभारत की सबसे बड़ी कंपनी, ने आज टाटा स्टी ल को अपने अगली पीढ़ी के और पर्यावरण के अनुकूल ईंधन (ग्रीन फ्यूल) से चलने वाले वाणिज्यिक वाहन सौंपे हैं। इन वाहनों में प्राइमा ट्रैक्टलर्स, टिपर्स और अल्ट्रा ईवी बस शामिल हैं। यह वाहन लिक्विफाइड नैचुरल गैस



(एनएनजी) और बैटरी इलेक्ट्रिक टेक्नो लॉजीज से चलते हैं। इन वाहनों को टाटा सन्सी के चेयरमैन श्री एन. चंद्रसेकरन ने जमशेदपुर में चल रहे टाटा ग्रुप के संस्था पक दिवस उत्सकव में हरी झंडी दिखाई।

उस समारोह में टाटा स्टीसल के सीईओ और प्रबंध निदेशक श्री टी. वी. नरेन्द्र न, टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक श्री गिरीश वाघ और उनकी लीडरशिप टीमों के वरिष्ठे सदस्यं मौजूद थे। टाटा मोटर्स के साथ लंबे समय से चल रही भागीदारी के बारे में टाटा स्टीजल के चीफ एक्जीरक्यूटिव ऑफीसर एवं मैनेजिंग डायरेक्टरर टी. वी. नरेन्द्र न ने कहा÷ ÷यह आपूर्ति टाटा मोटर्स के साथ लंबे समय से जारी हमारी प्रतिबद्धता के लिये एक और महत्वकपूर्ण मील का पत्थ र है। अपने-अपने उद्योगों में अग्रणी होने के नाते टाटा स्टीआल और टाटा मोटर्स के पास स्थाायित्वर एवं नवाचार के लिये साझा दृष्टिकोण है। अपनी संयुक्ते विशेषज्ञता और संसाधनों का इस्ते माल करते हुएहम अपने-अपने उद्योगों में क्रांति कर रहे हैं। हम पर्यावरण की जिम्मेवदारी लेने का रास्तास भी दिखा रहे हैं।

## नशामुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है मोदी सरकारः शाह




**लखनऊ।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को ड्रग्स के कारोबार और उसके खतरे से निपटने में मोदी सरकार की सफलता के बारे में तीन वीडियो जारी किए। मोदी सरकार देश में ड्रग्स के डिटेक्शन, नेटवर्क का विनाश, दोषियों के डिटेंशन और नशे की लत के शिकार लोगों के पुनर्वास के माध्यम से नशामुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के मार्गदर्शन में नशामुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों को महानतम सौगात है। आजादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कठोर अप्रोच और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में नशे के कारोबार पर लगाम कसने की तैयारी ज़ोर-शोर से चल रही है, जिसके कारण गिरफ्तारियों की संख्या और ज़ब्त की जाने वाली ड्रग्स की मात्रा में वृद्धि हुई है। शाह की सशक्त नीतियों के कारण आज सरकारों और एजेंसियों के बीच समन्वय, सहयोग और सामंजस्य से देशभर में एक सशक्त एंटी-नारकोटिक्स तंत्र का निर्माण हुआ है और इस रणनीति से पकड़े जाने वाली ड्रग्स के मामलों में बढ़ोतरी हुई है।

## रॉश ने लॉन्च किया किया ऑक्रेवस (ऑक्रेलिज़ुमैब)

**लखनऊ।** रॉश फार्मा इंडिया ने आज मल्टीपल स्क्लेरोसिस (एमएस) के इलाज के लिए अपनी ब्लॉकबस्टर सफल दवा, ऑक्रेवस (ऑक्रेलिज़ुमैब) के लॉन्च की घोषणा की है। इसके साथ ही कंपनी ने भारत में इस विकलांग बना देने वाले रोग से जूझ रहे कई रोगियों की अधूरी जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने न्यूरोलॉजी पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। यह बीमारी ज्यादातर 20 से 40 वर्ष की उम्र के लोगों में होती है। यह आरआरएमएस और पीपीएमएस दोनों के इलाज के लिए अनुमोदित एकमात्र मोनोक्लोनल एंटीबॉडी दवा है। ऑक्रेवस से होने वाला इलाज मरीजों के लिए ज्यादा आसान है क्योंकि इसकी साल में दो बार (हर छह महीने में एक बार) खुराक दी जाती है। जबकि दूसरे इलाजों में ज्यादा बार (मासिक) इंजेक्शन लगाए जाते हैं। ऐसे में कम बार खुराक लेने की जरूरत के कारण रोगियों के लिए इलाज में निरंतरता बनाए रखने में आसानी होती है। दूसरे डीएमटी से तुलना करें तो 80% से ज्यादा रोगियों ने उपचार के दूसरे वर्ष के बाद ऑक्रेवस की दो बार सालाना खुराक का पालन किया।इस लॉन्च के मौके पर रॉश फार्मा इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक वी सिम्पसन इमैनुएल ने कहा, ऑक्रेवस की शुरूआत भारत में मल्टीपल स्क्लेरोसिस के इलाज में एक महत्वपूर्ण क्षण का प्रतिनिधित्व करती है। जबरदस्त असर, सुव्यवस्थित इलाज प्रणाली और एक सराहनीय दीर्घकालिक सुरक्षा रिकॉर्ड से युक्त ऑक्रेवस इस कठिन न्यूरोलॉजिकल परेशानी से जूझ रहे व्यक्तियों में उम्मीद की किरण पैदा करता है। एक ब्लॉकबस्टर दवा और विश्व स्तर पर रॉश की प्रमुख दवा के रूप में भारत में ऑक्रेवस का लॉन्च न्यूरोलॉजिकल विकारों के बोझ को दूर करने के लिए अभिनव समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता पर जोर देता है जो पहले से ही विश्व स्तर पर सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है और इसमें आगे और वृद्धि ही होने वाली है।

# टेक्नो स्पार्क 20सी सब 10 के सेगमेंट में अग्रणी बनने के लिए तैयारः 5 मार्च से शुरू होगी बिक्री

**नई दिल्ली।** टेक्नो ने वर्ष 2024 की शुरुआत के बाद से ही अपने रोमांचक लॉन्च की शानदार श्रृंखला की पेशकश करना जारी रखा हुआ है। कंपनी स्पार्क 20सी की पेशकश को लेकर काफी उत्साहित है। इस नवीनतम स्मार्टफोन को यूज़र्स की रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। यूज़र्स को एक संपूर्ण स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करने के लिए तमाम आवश्यक और बेहतरीन सुविधाओं से लैस स्पार्क 20सी आकर्षक कीमत पर 5 मार्च से अमेज़न पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। सीमित समय के लॉन्च ऑफर के तहत ग्राहक इसकी खरीदी सिर्फ 7,999 रुपए की कीमत में कर सकते हैं। टेक्नो स्पार्क 20सी यूज़र्स को एक शक्तिशाली संदेश देता है एक बेहतर विकल्प चुनें। यह भारतीय बाजार की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सभी आवश्यक प्रमुख सुविधाएँ प्रदान करता है, जो एक प्रीमियम और निर्बाध रोजमर्रा का अनुभव सुनिश्चित करता है। अपनी सोफिस्टिकेटेड डिज़ाइन के साथ, स्पार्क 20सी इन सभी फीचर्स को एक ही डिवाइस में सहजता से



एकीकृत करता है, जो इसे किफायती मूल्य पर एक आदर्श स्मार्टफोन विकल्प बनाता है।

इस फोन के फीचर्स में शक्तिशाली 16 जीबी* रैम और व्यापक 128 जीबी इंटरनल स्टोरेज, एक उत्कृष्ट 50 मेगा पिक्सेल डुअल एआई कैमरा और डायनेमिक पोर्ट के साथ एक शानदार 90 हट्र्ज का डॉट-इन-डिस्प्ले शामिल है। इस प्रकार, स्टाइलिश स्पार्क 20सी एक ऑल-इन-वन यूज़र अनुभव प्रदान करने का हुनर रखता है।

टेक्नो अपने यूज़र्स के लिए मनोरंजन के महत्व को बखूबी समझता है। यही कारण है कि यह एक कम्प्लीमेंटरी ओटीटी प्ले प्रीमियम सब्सक्रिप्शन प्रदान कर रहा है, जिसका मूल्य 5803 रुपए है। यह सब्सक्रिप्शन यूज़र्स को अपने फोन पर 24 से अधिक ओटीटी प्लेटफॉर्म्स तक पहुँच प्रदान करता है, जिससे वे अपनी सुविधानुसार रोमांचक कॉन्टेंट का आनंद ले सकते हैं।

स्पार्क 20सी की प्रमुख यूएसपी

उन्नत स्टोरेज और शानदार परफॉर्मेंस

टेक्नो स्पार्क 20सी प्रभावशाली 16 जीबी* रैम और 128 जीबी इंटरनल स्टोरेज के साथ यूज़र्स को परफॉर्मेंस का एक अद्वितीय स्तर प्रदान करता है, जो अपने सेगमेंट में एक नया बेंचमार्क स्थापित करते हुए, इसे अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट बनाता है।

## लावा इंटरनेशनल ने ब्लेज़ कर्व 5G को लॉन्च किया

**लखनऊ।** भारत के प्रमुख स्मार्टफोन ब्रांड, लावा इंटरनेशनल ने आज बड़े गर्व के साथ ब्लेज़ कर्व 5त्र को लॉन्च किया है, और




मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट को एक नई परिभाषा देने वाला यह स्मार्टफोन बड़े पैमाने पर बदलाव लाने के लिए तैयार है, जिसमें सहज तरीके से मल्टीटास्किंग के लिए इस सेगमेंट में सबसे बेहतर 8GB LPDDR5 RAM तथा सेगमेंट में पहली बार FS 3.1 128GB/256GB इंटरनल स्टोरेज जैसे फीचर्स मौजूद हैं। इन फीचर्स की मौजूदगी की वजह से ऐप खोलने की दर 100% तक तेज़ हो जाती है। इस स्मार्टफोन में बिजली की तरह तेज मीडियाटेक डिमेन्सिटी 7050 प्रोसेसर लगाया गया है, जो इसकी स्पीड और काम करने की क्षमता को बेमिसाल बना देता है। इस डिवाइस को 570K+ का AnTuTu स्कोर मिला है, जो इस सेगमेंट में सबसे बेहतर है और इस तरह यह स्मार्टफोन इस प्राइस सेगमेंट में गेमिंग और ऐप अनुभवों के लिए एक नई मिसाल कायम कर रहा है। 17,999 रुपये की बेजोड़ कीमत पर उपलब्ध ब्लेज़ कर्व 5त्र सही मायने में भारतीय ग्राहकों को असाधारण मूल्य और अव्वल दर्जे का परफॉर्मेंस उपलब्ध कराने के लावा के वादे पर पूरी तरह खरा उतरता है।

इस डिवाइस में वाइडवाइन L1 सपोर्ट के साथ शानदार 16.94 सेमी (6.67) का 120H5 3D कर्व्ड AMOLED डिस्प्ले भी इस सेगमेंट में सबसे बेहतर है, जो यूजर्स को देखने का बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है।

# अवसरों का उपयोगः फ्रैंचाइज़ इंडिया लखनऊ फ्रैंचाइज़ एक्स्पो ने उत्तर प्रदेश मार्केट की क्षमता का किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** रेनेसा होटल में आयोजित फ्रैंचाइज़ इंडिया लखनऊ फ्रैंचाइज़ एक्स्पो का समापन शानदार सफलता के साथ हुआ, जिसने भारत के फ्रैंचाइज़ स्पेस में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह देश के प्रमुख फ्रैंचाइज़ शोज़ में से एक था, जहां फूड, रीटेल, फैशन, हेल्थ, ब्यूटी, वैलनैस, एजुकेशन, रियल एस्टेट आदि क्षेत्रों में बस से अधिक ग्लोबल ब्राण्ड्स का अनावरण हुआ।

लखनऊ फ्रैंचाइज़ शो ने जाने-माने ब्राण्ड्स जैसे रिलेक्सो, पीचमोड, रेनिशा, करघा इंडिया, स्टैण्डर्ड बेकरी, जो पाजी फूड्स, मैट लुक, साइगन, द मैनेपेडी स्पा, एरिया डेकोर, वेलकोट पेंट्स, गोल्ड कैश, वैनिटी वेगन, हेयर सेज, कैम्ब्रिज, लक्ज़रियस लाईफस्टाइल, ओसीडी डीटेल स्टुडियो, सीआरए वॉल, यूके इंटरनेशनल- लंदन ब्यूटी स्कूल, बरसाचे, क्रेस्टे किड, सूर्या किड, पहल न्यूट्रिशन, ग्लिट्सज़ स्टुडियो सैलून, पॉप क्लीन, पंढेरपुरी चाय और कोग्निटो एबेकस के लिए महत्वपूर्ण मंच की भूमिका निभाई।



इस मंच पर ब्राण्ड्स को अपने आधुनिक बिज़नेस मॉडल्स को दर्शाने तथा लखनऊ एवं आस-पास के क्षेत्रों विस्तार के अवसरों का लाभ उठाने का मौका मिला।

मिस विनीता के सेठ, प्रेज़ीडेन्ट, बीएनआई एमरल्ड्स चैप्टर और मैस मास्टर्ज मेकअप स्टुडियो की मालिक ने उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने में फ्रैंचाइज़िंग की भूमिका पर रोशनी डाली।

मिस विनीता के सेठ ने कहा, ''लखनऊ फ्रैंचाइज़ शो में ब्राण्ड्स और उद्यमियों को इस मंच पर देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। फ्रैंचाइज़िंग से कारोबारों के विस्तार को बढ़ावा मिलता है, साथ ही नौकरियों के अवसर उत्पन्न होते हैं और आर्थिक सशक्तीकरण को गति भी मिलती है। मैं इस तरह की पहलों के लिए फ्रैंचाइज़ इंडिया की सराहना करती हूं, उद्योग जगत पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न कर रहे हैं।'' गौरव मेहरा, चेयरमैन, फ्रैंचाइज़ इंडिया ने उत्तर प्रदेश के बाज़ार में फ्रैंचाइज़िंग के लिए मौजूद व्यापक अवसरों पर ज़ोर देते हुए कहा, ''उत्तर प्रदेश आर्थिक गतिविधियों का उभरता हब है, जहां कारोबार की अनुकूल नीतियों, बढ़ते उपभोक्ताओं के साथ उद्यमिता का विकास हो रहा है।

## मेधावी स्किल्स यूनिवर्सिटी और एनएसडीसी ने एमओयू साइन किया

**नई दिल्ली।** कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने एक यूजीसी और एनसीवीईटी मान्यता प्राप्त कौशल विश्वविद्यालय, मेधावी स्किल्स यूनिवर्सिटी (एमएसयू) के साथ अभूतपूर्व साझेदारी की है। इस साझेदारी के द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी2020) के आदेश के अनुसार उच्च शिक्षा के साथ स्किल ईकोसिस्टम के मिलान को तेजी से पूरा किया जा सकेगा।

यह रणनीतिक साझेदारी पूरे भारत में एनएसडीसी स्किल ट्रेनिंग पार्टनर्स के बड़े नेटवर्क को उनके प्रोफेशनल शॉर्ट-टर्म फीस आधारित प्रोग्रामों को संरेखित करने, मान्यता देने और औपचारिक बनाने हेतु सशक्त करने पर केंद्रित है ताकि उम्मीदवारों को राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) के अनुरूप एकेडेमिक क्रेडिट प्रदान किया जा सके। शिक्षा के शीर्ष नियामक निकायों, यूजीसी, एआईसीटीई और एनसीवीईटी ने उच्च शिक्षा मार्गों के साथ कौशल शिक्षा को सुसंगत और इंटीग्रेट करने के लिए पिछले साल एनसीआरएफ को अधिसूचित किया था। इस का उद्देश्य था कि युवाओं को उद्योग-प्रासंगिक कौशल के साथ सशक्त बनाया जा सके जिससे बेहतर रोजगार की संभावना पैदा हो सके। यह कदम विकसित हो रहे भारतीय स्किलिंग ईकोसिस्टम और निर्बाध क्रेडिट ट्रांसफर और कौशल-आधारित प्रमाणपत्रों की उचित मान्यता के लिए रास्ते बनाने की तत्काल आवश्यकता की प्रतिक्रिया का रूप है। एक बड़ा स्टूडेंट बेस है जो अपने रोजगार की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए उद्योग-प्रासंगिक स्किल सेट प्राप्त करने के लिए कौशल-आधारित पाठ्यक्रमों/पेशेवर प्रमाणपत्रों का विकल्प चुनता है।कई छात्र अपने फॉर्मल कॉलेज/यूनिवर्सिटी प्रोग्रामों के अलावा ऑनलाइन एड-टेक कंपनियों/कौशल विकास संस्थानों के माध्यम से इन प्रोग्रामों में एडमिशन लेते हैं, जिससे उनका पूरा एकेडेमिक लोड बढ़ जाता है।

# टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस ने 50,000 की बिक्री का रिकार्ड तोड़ा




**बेंगलुरु।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज एलान किया कि उसके लोकप्रिय मॉडल इनोवा हाईक्रॉस की कुल बिक्री नवंबर 2022 में पेश किये जाने के बाद से 50,000 गाड़ियों से अधिक हो गई है। नवीनतम टोयोटा ग्लोबल आर्किटेक्चर (टीएनजीए) पर आधारित विविधतापूर्ण इनोवा हाईक्रॉस अपने ग्लैमर कोटेंट, उन्नत टेक्नालॉजी, सुरक्षा के साथ आराम और ड्राइव करने के रोमांच के कारण हर अवसर के लिए एक वाहन है। अपने सेगमेंट में कई चीजें पहली बार देने के दावों में पैडल शिफ्ट, पावर्ड ओटोमन और दूसरी पंक्ति की सीटें, फ्रंट वेंटिलेटेड सीटें, एयर कंडीशनर (डुअल जोन - फ्रंट और रियर जोन), रियर रिट्रैक्टेबल सनशेड, इलेक्ट्रोक्रोमिक इनर रियर व्यू मिरर (ईसी आईआरवीएम), पावर बैक डोर सहित प्रथम सुविधाओं का दावा और डुअल फंक्शन डेटाइम रनिंग लाइट (डीआरएल) शामिल है। इनोवा हाईक्रॉस 5वीं पीढ़ी के सेल्फ-चार्जिंग मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक सिस्टम के साथ टीएनजीए 2.0 लीटर 4-सिलेंडर गैसोलिन इंजन और एक ई-ड्राइव अनुक्रमिक शिफ्ट के साथ एक मोनोकॉक फ्रेम द्वारा संचालित है, जो तीव्र त्वरण और सेगमेंट में सर्वोत्तम ईंधन किफायत के साथ 137 किलोवाट (186 पीएस) का अधिकतम पावर आउटपुट प्रदान करता है। वाहन टीएनजीए 2.0 लीटर 4-सिलेंडर गैसोलिन इंजन के विकल्प के साथ आता है जो चुनिंदा ग्रेड में डायरेक्ट शिफ्ट सीवीटी से जुड़ा है और 129 किलोवाट (174 पीएस) का आउटपुट देता है। सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रांग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (एसएचईवी) होने के नाते, इनोवा

## महिला एमएसएमई द्वारा डिजिटल बिजनेस टूल के उपयोग में उत्तर प्रदेश के छोटे शहर बड़े शहरों से आगे

**लखनऊ।** बिजनेस फाइनेंशियल प्लेटफॉर्म टाइड1 पर 200,0002 एसएमई सदस्यों के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश के छोटे शहरों और कस्बों की महिला व्यवसायी डिजिटल समाधान अपनाने में सबसे आगे हैं। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम इंस्पायर इंक्लूजन है, जो महिला व्यवसायियों मालिकों को आत्मनिर्भर बनाती है।

टाइड के प्लेटफॉर्म पर वर्तमान में 23,000 महिला सदस्य हैं, जिनमें से 12%, या लगभग 2700, उत्तर प्रदेश में हैं।


टाइड के आंकड़ों के अनुसार इन




2700 महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों में से 86% उत्तर प्रदेश के अर्ध-शहरी शहरों और कस्बों से हैं। इनमें बरेली, गोरखपुर, वाराणसी, कानपुर, जौनपुर, प्रयागराज, आगरा, गाजियाबाद, अयोध्या और भदोही शामिल हैं। बदलते उपभोक्ता व्यवहार और बढ़ती आकांक्षाओं के साथ, टियर 2, 3, 4 और उससे आगे के शहर, जिन्हें अक्सर भारत कहा जाता है, भारत में एसएमई के लिए विकास के केंद्र के रूप में उभर रहे हैं।

चिकित्सा, कानून और कर क्षेत्रों के सलाहकार राज्य की महिला उद्यमियों की टिपिकल प्रोफ़ाइल का बड़ा हिस्सा हैं।

## बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन लॉन्ग ड्यूरेशन फंड के लॉन्च की घोषणा की




**लखनऊ।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन लॉन्ग ड्यूरेशन फंड के लॉन्च की घोषणा की जो एक ओपन-एंडेड लॉन्गटर्म डेट प्लान है जो ऐसे इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करती है जिनकी पोर्टफोलियो मैकाले अवधि 7 वर्ष से अधिक होगी। यह फंड उन निवेशकों के लिए एक आकर्षक अवसर प्रदान कर सकता है जो अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक सुधारों के कारण मौजूदा निकट-चरम ब्याज दरों में गिरावट की उम्मीद कर रहे हैं। फंड के लिए नया फंड ऑफर मंगलवार, 5 मार्च 2024 को खुलने वाला है और सोमवार, 18 मार्च 2024 को बंद होगा। बंधन लॉन्ग ड्यूरेशन फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों और निवेश सलाहकारों के माध्यम से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी किया जा सकता है। नई पेशकश के बारे में बात करते हुए बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा कि हमारा व्यापक आर्थिक माहौल एक अद्वितीय चरण में प्रवेश कर रहा है स्ट्रक्चर्ड और तय समय पर होने वाले चक्रीय सुधारों के कॉम्बीनेशन से घाटा कम होने मुद्रास्फीति कम होने और भारतीय बांडों में विदेशी निवेश आकर्षित होने की संभावना है इन विकासों से मध्यम अवधि में कम ब्याज दर व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है जिससे बांड निवेश के लिए एक आकर्षक अवसर पैदा होगा हमारी नवीनतम पेशकश जैसे लंबी अवधि के फंड निवेशकों को लंबी अवधि के लिए अनुकूल दरों पर निवेश करने में सक्षम बनाते हैं, भविष्य के पुनर्निवेश जोखिमों को कम करते हैं और ब्याज दरों में गिरावट के रूप में संभावित पूंजीगत लाभ की पेशकश करते हैं।

## खादी और ग्रामोद्योग आयोग अध्यक्ष ने वाराणसी में स्थानीय कारीगरों को मशीनरी और टूलकिट बाँट करके आत्मनिर्भर आंदोलन को बढ़ाया आगे

**वाराणसी।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने वाराणसी में KVIC के डिविजनल ऑफिस (संभागीय कार्यालय) के अंतर्गत 12 जिलों के लाभार्थियों को 700 मधुमक्खी बक्से, 200 इलेक्ट्रिक पॉटर व्हील, 04 कच्ची घानी



मशीनें, 40 लकड़ी की खिलौना मशीनें और 20 वेएस्ट वुड क्राफ्ट टूलकिट बांटे। गौरतलब है कि इस ऑफिस के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के ग्राम-देरखुन, जगतपुर, रोहनिया गाँव भी पड़ता हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए KVIC अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से स्थानीय उत्पादों को अपनाकर वोकल फॉर लोकल बनने की अपील की है। प्रधानमंत्री के इस आह्वान से लोगों को रोजगार मिल रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर पैदा होने के साथ ही स्थानीय पारंपरिक कला को भी बढ़ावा मिल रहा है। वर्तमान में देशभर में 3000 से ज्यादा खादी संस्थाएं काम कर रही हैं, जिनके माध्यम से 5 लाख से ज्यादा खादी कारीगरों और श्रमिकों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मंडल कार्यालय, वाराणसी के अंतर्गत लगभग 120 खादी संस्थाएं चलती हैं, जिनके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में 26 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल रहा है, जिसमें लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं का है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में खादी ने पिछले सालों में उत्पादन और बिक्री के नये रिकॉर्ड बनाये हैं।

उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में जहां वाराणसी क्षेत्र की खादी संस्थाओं का उत्पादन 110.40 करोड़ रुपये से अधिक था, वहीं 2022-23 में यह बढ़कर 189.81 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह खादी कपड़ों की बिक्री जहां 2021-22 में 213.07 करोड़ रुपये से ज्यादा थी, वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह बिक्री बढ़कर 250.70 करोड़ रुपये हो गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए KVIC अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि पिछले 10 सालों में मंडल कार्यालय वाराणसी के अंतर्गत लगभग 3500 कुम्हारों को विद्युत चालित चाक का वितरण किया गया है तथा लगभग 500 लाभार्थियों को 5000 से ज्यादा मधुमक्खी बक्से का वितरण किया गया है।

## हाउस ऑफ वेदा ने लुधियाना में किए ऑर्गेनिक फूड प्रोडक्ट्स लॉन्च




**लखनऊ।** प्रीमियम हैल्थ एवं वैलनेस ब्रैंड हाउस ऑफ वेदा ने अपने कारोबार में विस्तार करते हुए अपनी ऑर्गेनिक फूड प्रोडक्ट रेंज को लखनऊ में लॉन्च करने की घोषणा की है। इस लॉन्च से लखनऊ शहर में लगातार बढ़ती हेल्थ एंड वेलनेस मार्केट में अपनी प्रासंगिकता बढाने के लिए कंपनी निरंतर जुटी हुई है। हाउस ऑफ वेदा, आयुर्वेद से प्रेरित ब्रैंड है जो प्राचीन ज्ञान और परंपरा के अनुरूप तैयार ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज प्रस्तुत करता है। इनमें सर्टिफाइड ऑर्गेनिक हर्बल टी और इनफ्यूशंस, दालें और बीन्स, कोल्ड-प्रैस्ड ऑयल, ऑर्गेनिक और स्प्राउटेड फ्लोर्स और अन्य बहुत कुछ शामिल हैं। हाउस ऑफ वेदा इस से पहले पंजाब और दिल्ली में अपनी पहचान बना चुका है और अब लखनऊ मार्केट में ब्रांड ने काफी ऑपर्च्युनिटी के कारण अपने हेल्थ और वेलनेस प्रोडक्ट्स को यहां के सेहत को लेकर सजग ग्राहकों के लिए उपलब्ध करवाने का फैसला लिया है। ग्राहकों के बदलती प्राथमिकताओं और हाई क्वालिटी वेलनेस सॉल्यूशंस की बढ़ती मांग को मद्देनजर रखते हुए, हाउस ऑफ वेदा ने स्थानीय नागरिकों की जरूरतों को पूरा करने का जिम्मा उठाया है। दविंदर पाल जी, बिजनेस हेड, हाउस ऑफ वेदा ने कहा, ÷हम बेहद उत्साहित हैं की हाउस ऑफ वेदा, लखनऊ जैसे एक गतिशील शहर में आ रहा है जो की अपनी समृद्ध संस्कृति और तेज़ी से बढ़ते हेल्थ एंड वेलनेस सेक्टर के लिए जाना जाता है।

## पाचन स्वास्थ्य बेहतर बनाने के लिए कोर्स तैयारः लॉन्गटर्म में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल

**लखनऊ।** वर्तमान समय में पेट के स्वास्थ्य को लोग ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं इसलिए लोग अपने पाचन स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए तमाम उपाय कर रहे हैं। लोग पाचन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन की तलाश कर रहे हैं। शरीर के स्वस्थ रहने में आंत का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी होता है इसलिए एक्सपर्ट लॉन्ग टर्म में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्वास्थ्य को मजबूत करने वाली रणनीतियों और उपायों को अपनाने के महत्व पर जोर देते



हैं। पाचन स्वास्थ्य के अच्छे होने में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सिस्टम के अन्दर कई फैक्टर्स यानी कारक शामिल होते हैं। इन कारकों में पाचन, माइक्रोबायोम संतुलन, इम्यून फंक्शन और भावनात्मक स्वास्थ्य शामिल होता हैं। एक अच्छा आंत का वातावरण न केवल कुशल पाचन और पोषक तत्वों के अवशोषण की सुविधा देता है, बल्कि इम्यून रिस्पोंस मॉड्यूलेशन और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रीजेंसी हेल्थकेयर में सीनियर कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डॉ. प्रवीण झा ने पाचन स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए आवश्यक दृष्टिकोण पर जोर देते हैं।

## हिमालया वेलनेस ने आरसीबी के साथ मिलकर द वुमन्स टी20 लीग के दूसरे सत्र में अनूठे तरीके से स्पॉट्स से मुकाबला किया



**लखनऊ।** वुमन्स टी20 लीग के उद्घाटन सत्र के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू (आरसीबी) के साथ अपनी साझेदारी की शानदार सफलता को देखते हुए, वेलनेस ब्राण्ड हिमालया वेलनेस ने मौजूदा सत्र के लिए टीम के साथ साझेदारी जारी रखने की घोषणा की। इस लीग में सुंदरता को बड़े ही सकारात्मक रूप में अपनाया गया था। इस साल #TakeMySPOT कैम्पेन के साथ मैदान पर मेहनत से अर्जित उन स्पॉट्स और उपलब्धियों पर ही सारा ध्यान केंद्रित किया गया। इस अनूठे कैम्पेन के माध्यम से हिमालया यह बताना चाहता है कि चेहरे के अनचाहे सपॉट्स, उपलब्धियों के उन स्पॉट्स की जगह कभी नहीं ले सकते। ऐसे में यह ब्राण्ड हिमालय डार्क स्पॉट क्लियरिंग टर्मिरिक फेस वॉश और फेस केयर रेंज लेकर आया है। हिमालया की नई पेशकश, हिमालया डार्क स्पॉट क्लियरिंग टर्मिरिक फेस वॉश के लिए नए कैंपेन #TakeMySPOT में एक बेहद ही दमदार मैसेज है।

## विकास प्रदर्शनी के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से रूबरू होगें लोग

अवधनामा ब्यूरो



प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक व अन्य

**कुशीनगर।** सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों, नए कीर्तिमानों एवं नीतियों से सम्बन्धित बुद्धा पार्क में आयोजित त्रिदिवसीय विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ विधायक पडरौना मनीष कुमार जायसवाल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विंग कमांडर आलोक सक्सेना व अपर जिला सूचना अधिकारी राहुल कुमार ने अतिथियों व पत्रकारों को विकास प्रदर्शनी में लगे सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। प्रदर्शनी का शुभारम्भ करते हुए विधायक पडरौना ने बताया कि सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से रूबरू व परिचित कराने हेतु इस विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विकास प्रदर्शनी की सराहना करते हुए प्रदर्शनी में लगे विभिन्न योजनाओं व उपलब्धियों/नए कीर्तिमानों का अवलोकन करने हेतु उन्होंने जनपदवासियों से प्रदर्शनी में आने की अपील किया। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना, एक जनपद एक उत्पाद, 9 करोड़ से अधिक लोगो को आयुष्मान योजना से आच्छादित होने सहीत अन्य योजनाओ से अच्छादित होते व मेडिकल कालेज निर्माण की तरफ अग्रसर सहित अन्य विकासपरक कार्यों व योजनाओं पर बल दिया। उन्होंने उपस्थित मीडिया बंधुओं से मीडिया के माध्यम से लोगो को प्रदर्शनी में आकर सरकार की योजनाओं की जानकारी से अवगत होने की अपील की। आज हमारा प्रदेश प्रकृति और परमात्मा की अनुकंपा का उत्तम प्रदेश है। उत्तर प्रदेश विभिन्न क्षेत्रों में रोज नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आज उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे, औद्योगिक गलियारों, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का प्रदेश है। अपर जिला सूचना अधिकारी ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन हितार्थ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, विकास के पथ पर अग्रसर नए आयामों सहित जनपद के विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। इस विकास प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन मानस को एक ही छत के नीचे सभी योजनाओं की समग्र जानकारी मिल रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि यह त्रिदिवसीय विकास प्रदर्शनी आज से प्रारम्भ होकर 7 मार्च को शाम तक संचालित रहेगी।

**सूचना विभाग द्वारा लगाया गया त्रिदिवसीय विकास प्रदर्शनी**

### विधायक ने पात्र लाभार्थियों से साधा सम्पर्क



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठा रहे लाभार्थियों से विधान सभा सहजनवा के बूथ संख्या 292 पर बरवार पर पहुंचकर संपर्क किया। तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को गिना। इस दौरान लाभार्थियों से टोल नंबर पर मिसकाल भी कराया गया। इस दौरान धर्मराज गोंड, विनोद सिंह, शिव मोहर सिंह, अभिनाश सिंह, विपिन सिंह, अनिल मौर्या, पन्ने, शैलेंद्र पाल मौजूद थे।

### फरार चल रहे अभियुक्त के घर कराई डुग्गी मुनादी



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट पुलिस ने गौवंश अधिनियम, जालसाजी, साजिशकर्ता मामले में फरार चल रहे अभियुक्त के घर पर पहुंच कर डूग्गी मुनादी कराते हुए उसके घर पर 82 की करवाई करते हुये नोटिस चस्पा किया। नोटिस चस्पा करने के बाद मुनादी में कहा कि 30 दिन के अंदर न्यायालय में हाजिर हो नही तो कुर्की की करवाई की जायेगी। मुश्ताक मिया पुत्र स्व मैनुद्दीन मिया निवासी कुचायकोट थाना कुचायकोट जिला गोपालगंज बिहार के ऊपर पुलिस ने गौवंश अधिनियम, जालसाजी और साजिश रचने के आरोप में अभियुक्त बनाया था। जमानत से छूटने के बाद फरार चल रहा था। न्यायालय द्वारा बार बार नोटिस देने के बाद वह फरार चल रहा था। न्यायालय के आदेश पर उपनिरीक्षक प्रवीन कुमार कश्यप कास्टेबिल गोरखनाथ यादव ने अभियुक्त के घर जाकर डुग्गी मुनादी कराया और 82 की करवाई करते हुए नोटिस चस्पा करते हुए एक माह के अंदर न्यायालय में हाजिर होने का निर्देश दिया। ऐसा न करने पर कुर्की की करवाई करने की चेतावनी दिया।

### एसपी नार्थ ने बूथो का निरीक्षण कर जानी हकीकत



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव निर्वाचन 2024 को देखते हुए प्रशासन सभी इंतजाम समय से करने में लगा हुआ है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार ने श्रीवास्तव ने गीडा क्षेत्र के चार बूथों का निरीक्षण कर हकीकत जानी और जहां कमियां नजर आई वहा जिम्मेदारों को समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिए। इनके द्वारा सरैया, कुरमौल, हरैया, भिलौरा बूथों पर मतदाताओं के आने जाने का रास्ता,बूथों पर विद्युत की व्यवस्था, शौचालय, और चारदीवारी के बारे में जांच की गई। इसके अलावा शांति पूर्ण ढंग मतदान कराने आए फोर्स के ठहरने के स्थान, था मतदान कर्मियो के रहने की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। विशेष रूप से निर्देश दिया गया की जो भी बूथ बने है। वहा शुद्ध जल के लिए हैंडपंप की मरम्मत समय से करा दी जाये। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक गीडा योगेंद्र कुमार राय सहित अनेक पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### आईजी ने सभी शाखाओं का किया निरीक्षण

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या प्रवीण कुमार द्वारा मंगलवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सबसे पहले सलामी गार्द की सलामी ली। तदोपरान्त पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं लोक शिकायत प्रकोष्ठ वाचक कार्यालय डीसीआरबी स्थानीय अभिसूचना इकाई चुनाव सेल प्रधान लिपिक कार्यालय आंकिक शाखा अपराध शाखा मॉनीटरिंग सेल आदि अन्य शाखा कार्यालयों का निरीक्षण किया गया।



### मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन को हरी झंडी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत स्वीप योजना अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा भेजी गई मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन को मंगलवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में उक्त मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों रणंजय इंटर कॉलेज गौरीगंज प्रांगण सगरा तिराहा अमेठी रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी अंबेडकर तिराहा अमेठी धम्मौर रोड पर परितोष तिराहे तक एचएएल कोरवा मुंशीगंज चौराहा मुसाफिरखाना तहसील प्रांगण खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जगदीशपुर प्रांगण बीएचईएल विधानसभा तिलोई के सिंहपुर विकासखंड के इन्हौना चौराहा तिलोई बस स्टॉप मोहनगंज शाहमऊ बहादुरपुर चौराहा जायस कस्बा विकास भवन गौरीगंज अमेठी में संचालित रहकर मतदाता जागरूकता वीडियो का प्रदर्शन करेगी।

### त्रि-दिवसीय प्रदर्शनी का किया गया उद्घाटन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला पंचायत अध्यक्ष पं0 गिरीश चन्द्र तिवारी ने विकास भवन प्रांगण में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित त्रि-दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काटने के साथ किये जाने के उपरान्त जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि प्रदर्शनी आम जनमानस को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सांस्कृतिक विरासत एवं प्रदेश के विकास की नई गाथा से रूबरू होने और अपने प्रदेश को जानने का अवसर देती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश में एक्सप्रेस-वे का विशाल नेटवर्क विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों की वजह से किसानों के बैंक खातों में सीधा भुगतान हो रहा है। क्रय केंद्र पर बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है। 31000 करोड रुपए की लागत से अयोध्या धाम की पुनर्स्थापना कराई गई। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बना, प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण भी हुआ। अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी गयी। डिजिटल लेनदेन के मामले में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। 2.61 करोड़ शौचालय का निर्माण, निवेशकों की सुविधा के लिए निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से 37 विभागों की 457 सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध, 2.40 लाख करोड़ रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान, 1.58 करोड़ घरों में बिजली का कनेक्शन, उत्तर प्रदेश डिफेंस, 96 लाख एमएसएमई इकाइयां स्थापित हुई।

## सरकार के नीतियों का शिक्षकों ने पांचवें दिन काली पट्टी बांधकर जताया विरोध



बीआरसी मोतीचक में काली पट्टी बांधकर विरोध करते शिक्षक

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश एवं जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ जिला इकाई कुशीनगर के निर्देश में प्रदेश एवं जिले के शिक्षकों ने 1 मार्च से 5 मार्च तक काली पट्टी बांधकर सरकार की नीतियों का विरोध प्रदर्शन किया। विरोध के पांचवें दिन ब्लॉक संसाधन केंद्र मोतीचक पर शिक्षकों ने भारी संख्या में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।

ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह एवं ब्लॉक मंत्री मोलई प्रसाद प्रजापति ने कहां की बिना संसाधन के शिक्षकों से डिजिटल अटेंडेंस कराया जाना उचित नहीं है। डिजिटल अटेंडेंस एवं शिक्षकों की लंबित समस्याओं का हल शासन द्वारा न किए जाने के कारण शासन को 18 सूत्री मांग पत्र प्रदेश इकाई द्वारा शासन को सौंपा गया है। यदि शिक्षकों की मांग पूरी नहीं की जाती है तो जिलेभर के शिक्षक 11 मार्च को बीएसए कार्यालय पर एक दिवसीय धरना देंगे। इस अवसर पर राजेंद्र शुक्ला, मुन्ना सिंह, राहुल कुमार, प्रदीप श्रीवास्तव, नारायण सागर, हारून रशीद, दिवाकर मणि, रामगोपाल सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रासेयो के सप्त दिवसीय शिविर का हुआ उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**भाटपार रानी देवरिया।** मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सतीश चंद्र गौड़ ने कहा कि एनएसएस का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है। उक्त बातें प्रोफेसर गौड़ मंगलवार को मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज परिसर स्थित भीम व्यायाम शाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कहीं ,उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरों में रहकर अपने नेतृत्व व व्यक्तित्व का विकास करते है। व्यक्तित्व विकास से ही समाज और राष्ट्र का विकास होता है। जीवन में कभी भी लक्ष्य छोटा नहीं बनाना चाहिए, निरंतर अभ्यास करते रहने से एक न एक दिन लक्ष्य प्राप्त हो जाता है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे साहित्यकार व शिक्षाविद डॉ पवन कुमार राय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य अपने भीतर के अहम को विसर्जन करना है। स्वयंसेवक अपने भीतर के अहम को विसर्जित कर राष्ट्र व समाज निर्माण में अपने को समर्पित कर देते हैं। उन्होंने श्रम के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि श्रम कोई भी छोटा और बड़ा नहीं होता है। जिस श्रम के माध्यम से राष्ट्र व समाज की दिशा में सकारात्मक परिवर्तित आ सके वह श्रम श्रेष्ठ होता है।महाबली हनुमान को आदर्श बताते हुए डॉ राय ने कहा कि आंजनेय ने जो कुछ भी पराक्रम किया करते हैं, उसका श्रेय मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम को देते हैं। छात्र और छात्राएं राजदूत हनुमंत लाल के आचरण को अपना आदर्श बनाकर जीवन में हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसकी सराहना सभी लोगों ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रंजीत कुमार सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

## गोरखनाथ थाने में बाल मित्र केंद्र का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** समाधान अभियान की पहल पर मंगलवार को गोरखनाथ थाने में बाल मित्र केंद्र का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, विशिष्ट अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं एडीजे राम कृपाल सिंह और मुख्य विकास अधिकारी संजय मीना ने फीता काटकर इस केंद्र का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर एसएसपी डॉ. ग्रोवर ने कहा कि बाल अपराधों को लेकर पुलिस संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। जरूरत समाज को जागरूक करने की है। इसके लिए संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की समाधान अभियान बाल यौन शोषण के खिलाफ समर्पित भाव से काम कर रही है। एडीजे राम कृपाल सिंह और मुख्य विकास अधिकारी संजय मीना ने भी थानों में बाल मित्र केंद्र स्थापित करने की पहल को सराहनीय बताया। समाधान अभियान की निदेशक शीलम वाजपेयी ने बताया बाल यौन शोषण की रोकथाम के लिए संस्था इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड के सहयोग से निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बाल मित्र केंद्र में बाल यौन शोषण से प्रभावित बच्चों एवम उनके परिवार को आवश्यक जानकारी एवम मदद, शांत वातावरण में उपलब्ध कराई जाएगी।

कार्यक्रम में उपस्थित इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड के सीएसआर हेड रामाकृष्णन सुब्रमण्यम ने कहा कि बाल मित्र केंद्र की स्थापना के अच्छे परिणाम आ रहे हैं। कार्यक्रम में आगतों का स्वागत अर्चना अग्निहोत्री व आभार ज्ञापन सौम्या द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशुतोष दुबे, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई, जिला प्रोबेशन अधिकारी समर बहादुर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी अंशिका वर्मा, योगेंद्र सिंह, बाल कल्याण अधिकारी वंदना सिंह की सहभागिता रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बाल मित्र केंद्र के निर्माण में सहयोग देने वालों का सम्मान किया एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### फंदे से लटककर किशोरी ने दी जान

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर माफी में सोमवार की देर रात एक 15 वर्षीय बालिका ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। प्राप्त सूचना के मुताबिक नंदनी शर्मा पुत्री सुभाष शर्मा उम्र 15 वर्ष निवासी रामपुर माफी थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर सोमवार की देर शाम अपने घर एक कमरे में जाकर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। जब इस बात की जानकारी परिजनों को हुई तो कमरे में जाकर देखे तो उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों के चिखने चिल्लाने का आवाज सुनकर आसपास के लोग भी वहां इकट्ठा हो गए। सूचना मिलते ही अहिरौली बाजार थाने के प्रभारी थानाध्यक्ष वरिष्ठ उपनिरीक्षक सभाजीत सिंह, उपनिरीक्षक संजय कुमार, अमीन अहमद, सुदामा यादव, कांस्टेबल अमित कुमार, गुड्डू राजभर, मनोज सिंह यादव ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर थाने ले आएं वहां से विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष सभाजीत सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, मौत के कारणों का पता लगा जा रहा है।

## दुनिया में सबसे बड़ा खजाना है अपने औलाद को इल्मदार बनाना: नाजिम राजा

अवधनामा ब्यूरो



दस्तार बंदी में दीनी तालीम के बारे में जानकारी देते

**कुशीनगर।** विशुनपुरा विकास खण्ड के ग्राम सभा नंदलाल छपरा के मदरसा ख्वाजा गरीब नवाज में तशरीफ आलम और शफीक आलम द्वारा कुरान मुकम्मल हिफ्ज करने पर जश्न-ए-दास्तार हिफ्ज एवं इस्लाहे मोआसरा कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें उलेमाओं द्वारा दीनी तालीमी, इस्लामी रिवायात, मदरसों की शिक्षा और उलेमा के योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नाजिम रजा मंजरी ने कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा खजाना है अपने औलाद को इलमदार बना देना है। जन्नत की कुंजी ईमान रोजा नमाज है। अपनों ही नहीं दूसरों की भलाई के लिए कार्य करें। मौ. मुस्तफिज ने कहा कि इस्लाम धर्म, भाईचारा, आपसी प्रेम, सौहार्द व शांति का रास्ता बताता है। मुख्तार आलम निजामी ने कहा कि नमाज गुनाह और बुरे ऐब से बचाती है, बच्चों को मोबाइल से नहीं किताबों से प्रेम होना चाहिए साथ ही मुस्लिम लड़कियों और महिलाओं को पर्दा करना चाहिए। अन्य उलेमाओं ने नात पढ़कर वाहवाही लुटी। कान्फ्रेंस को कारी इशुफ मिश्बाही, अमीर खान, कलीम अशरफ जायसी, मौलाना आश मोहम्मद, हसन रजा, समशीर रजा, मो. परवेज, मो. शमशेर रजा, लकमुद्दीन , मो. साहेब अली, मो. कोनैन आदि ने संबोधित किया। अंत में तशरीफ आलम और शफीक आलम द्वारा कुरान मुकम्मल हिफ्ज करने पर उसे फुल, माला, नकदी भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन मौलाना नकीब ने किया। कार्यक्रम के आयोजक नंदलाल छपरा मदरसा के पेश इमाम हाफीज कामरान ने सभी के प्रति आभार जताया।

**तशरीफ और शफीक ने कंठस्थ किया कुरान, जश्न ए दास्तां बंदी का आयोजन**

## लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मंडलायुक्त व आईजी ने अधिकारियों के साथ की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** मंडलायुक्त अयोध्या मंडल गौरव दयाल व आईजी अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए जनपदीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी निशा अनंत पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश मिश्र अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह सहित समस्त उपजिलाधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर ले उसके उपरांत निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद में जो संवेदनशील तथा अति संवेदनशील बूथ हैं उन्हें देख लें तथा वहां विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें इसके साथ ही जो लोग चुनाव में व्यवधान उत्पन्न करने वाले हो उन्हें पूर्व में ही चिन्हित कर लें सभी बूथों पर बिजली पानी रैंप।छांव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें जिससे मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। पोलिंग पार्टियों की रवानगी को लेकर पूर्व में ही रूट प्लान तैयार कर लें।

## आयुर्वेद के नियमों के पालन से दूर रहेंगी बीमारियां : प्रो. एचएन डे



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में मंगलवार को तीन अतिथि व्याख्यान आयोजित किए गए। आईटीएम आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, महराजगंज के प्राचार्य प्रो. पहले व्याख्यान में प्रो. एचएन डे ने कहा कि आयुर्वेद के सिद्धांतों और नियमों को अपनाकर तमाम बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। प्रो. डे ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद में वर्णित पदार्थ विज्ञान के सिंद्धान्तों और दैनिक जीवन मे उन सिद्धान्तों की स्वस्थ रहने के लिए उनके ज्ञान की उपयोगिता को समझाया। उन्होंने दिनचर्या, सदवृत, संतुलित आहार आदि की महत्ता को समझने वाले बीमारियों से दूर रहते हैं। दूसरे व्याख्यान में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज मऊ के सह आचार्य डॉ. जय प्रकाश दूबे ने कहा कि अगर विद्यार्थियों को कुशल वैद्य बनना है तो उन्हें अपने व्यक्तित्व को सुदृढ़ करना होगा। व्यक्तित्व को प्रभावशाली बनाने के लिए आयुर्वेद के साथ मॉडर्न पैथी का भी ज्ञान अर्जित करने में हिचक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक कुशल वैद्य रोगी की प्रकृति को देखकर चिकित्सा करता है। तीसरे व्याख्यान में आयुर्वेद के प्राध्यापक डॉ. धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई पूरी होने के बाद क्लिनिकल ज्ञान अर्जित करना भी जरूरी है।

## सिर्फ मोबाइल नंबर व पहचान पत्र से हो जाएगा नियमित टीकाकरण

अवधनामा संवाददाता



**यूविन एप के जरिये टीकाकरण कर प्रमाण पत्र जारी करने वाला पहला जिला बना गोरखपुर**

**गोरखपुर।** टीकाकरण सत्र पर गर्भवती और बच्चे का नियमित टीकाकरण भारत सरकार के यूविन एप के जरिये सिर्फ मोबाइल नंबर और पहचान पत्र (आईडी) की मदद से हो जाएगा। गोरखपुर में इसकी शुरूआत भी हो चुकी है। जिला महिला अस्पताल में गर्भवती को यूविन एप जरिये टीका लगा कर प्रमाण पत्र जारी करने के बाद गोरखपुर प्रदेश का पहला ऐसा जिला बन गया है जहां सत्र को एप के जरिये शुरू किया गया।

इस एप की एक विशेषता यह भी है कि एक बार पंजीकरण के बाद टीका लग गया तो अगले टीके के लिए लाभार्थी के मोबाइल पर कई बार संदेश जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ नंदलाल कुशवाहा, उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ हरिओम पांडेय, यूएनडीपी संस्था के प्रतिनिधि पवन सिंह और सहायक शोध अधिकारी अजीत सिंह की टीम इस एप पर जिले के सभी टीकाकरण सत्र को शुरू करने के लिए जुटी हुई है। छह मार्च को प्रत्येक ब्लॉक के पांच पांच सत्रों को एप के जरिये संचालित किया जाएगा । शहर में भी नौ स्थानों पर एप के जरिये सत्र चलेंगे । जिले में इस समय 594 सत्र स्थलों पर बुधवार और शनिवार को नियमित टीकाकरण होता है। इनके अलावा सभी 23 शहरी स्वास्थ्य केंद्रों पर सोमवार को छोड़ कर बाकी कार्यदिवसों में नियमित टीकाकरण किया जाता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर में पहले से ही यूविन एप के जरिये टीकाकरण सत्र का संचालन किया जा रहा था। केंद्र सरकार के निर्देश पर वहां चले पॉयलट प्रोग्राम के तहत 2000 से अधिक लाभार्थियों का सफल टीकाकरण किया जा चुका है। डॉ दूबे ने बताया कि नयी व्यवस्था के तहत लाभार्थी को सिर्फ एक मोबाइल और कोई एक पहचान पत्र देकर पंजीकरण करवाना है । कोविड टीकाकरण के समय जितने पहचान पत्र मान्य थे, वह सभी यूविन एप पर भी मान्य होंगे । जिले के सभी ब्लॉक के चिकित्सा अधिकारियों, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक और डेटा एंट्री ऑपरेटर्स को इस संबंध में एम्स गोरखपुर में प्रशिक्षित किया जा चुका है और एएनएन को सत्र स्थलों पर ही प्रशिक्षण देकर सत्र का संचालन किया जा रहा है। इस वर्ष जिले में एक लाख से अधिक बच्चे सम्पूर्ण प्रतिरक्षित हो चुके हैं। जिन बच्चों को टीके की कुछ डोज लगी हैं उन्हें बाकी डोज भी एप की मदद से ही लगाए जाएंगे । नयी व्यवस्था से लाभार्थी परिवार बच्चे के टीकाकरण संबंधी प्रमाण पत्र को खुद डाउनलोड कर प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना जैसी योजनाओं का लाभ उठा सकेगा। एप पर पंजीकरण करवाने वाले लाभार्थी अगर किसी अन्य प्रदेश में चले जाते हैं तो वहां भी आईडी और मोबाइल नंबर के जरिये उनके टीकाकरण का विवरण पता चल जाएगा और शेष टीके वह दूसरे प्रदेशों में भी लगवा सकते हैं । सीएमओ ने बताया कि गर्भवती को दो बार टीडी का टीका लगाया जाता है, जबकि बच्चों के लिए जन्म से पांच वर्ष के भीतर सात बार टीकाकरण आवश्यक है। इससे तेरह प्रकार की गंभीर बीमारियों से बचाव होता है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प आजादी के शताब्दी वर्ष से पहले विश्व गुरु बनेगा भारतः सुरेश्वर सिंह

- विधायक महसी ने तेजवापुर ब्लाक के सभागार में किया पत्रकार वार्ता

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद के विधानसभा महसी अंतर्गत ब्लाक तेजवापुर के सभागार में आज महसी विधायक सुरेश्वर सिंह द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन करके सरकार की उपलब्धियों को बताया केंद्र सरकार और यूपी सरकार द्वारा विधानसभा महसी में कराए गए कार्यों को विंदुवार बताया गया।

इस दौरान प्रेस वार्ता में विधायक के साथ साथ विधायक प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख सदस्य जिला पंचायत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



ब्लाक तेजवापुर के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक सुरेश्वर सिंह ने बताया कि भारत सरकार विकसित भारत लक्ष्य लेकर चल रही है चंद्रयान पर जा चुके सूरज पर जाने का प्रयास करते हुए शुक्र ग्रह पर जाकर जल्द ही उपग्रह स्थापित करने का कार्य करेगी सरकार पिछली सरकारों के मुकाबले चार गुना ज्यादा कार्य कर रही है नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार हमारी सरकार का मुख्य लक्ष्य गरीबों को आगे ले जाने का है जिसको हरहाल में पूरा करेंगे दो दो बार मुफ्त राशन देना पूरे देश में पूरे प्रदेश के सभी ढाई सौ आबादी वाले गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ना सभी को बिजली का कनेक्शन देने सहित सबका साथ सबका विकास के तहत प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवासों के साथ साथ दो सौ इकसठ लोगो को इज्जत घर देने के साथ पूरे प्रदेश के समस्त जनपदों को मेडिकल कॉलेज देने का कार्य कर रहे हैं।हमलोग जाती धर्म की राजनीति नहीं करते बल्कि नफरत उन लोगो से करते हैं जो खाते भारत की है और समर्थन दूसरे देशों को का करते हैं। अभी तक इतिहास सिर्फ मुगलों और अंग्रेजो का बताया जाता है मेरी निगाह में अकबर बाबर कतई महान नही हो सकते महान वो लोग है जिनलोगो ने इस मुल्क को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है हमारी निगाह में अगर कोई महान होगा तो वो वीर अब्दुल हमीद होंगे।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अखंड प्रताप सिंह गोलू भैय्या प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पाण्डेय सदस्य जिला पंचायत संजय त्रिवेदी बीइओ तेजवापूर अखिलेश कुमार वर्मा सहित ब्लाक कर्मचारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# खबरों के प्रकाशन से बौखलाए लेखपाल ने पत्रकार से की अभद्रता

अवधनामा संवाददाता

**मड़ावरा (ललितपुर)**-तहसील मड़ावरा में तैनात एक लेखपाल ने समाचार पत्रों में लग रहीं खबरों से बौखलाकर पत्रकार संगठन के वर्तमान अध्यक्ष से अभद्रता करते हुए आगे किसी भी प्रकार की खबरों के प्रकाशन करने पर पत्रकारों को देख लेने की धमकी दे डाली जैसे ही उक्त जानकारी अन्य पत्रकारों को लगी उन्होंने आक्रोशित होकर सम्बंधित लेखपाल के खिलाफ थाना मड़ावरा में शिकायती पत्र देकर ठोस कार्यवाही की मांग की है। बतादें कि कस्बा मड़ावरा निवासी प्रियंक सर्राफ जो कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मड़ावरा के वर्तमान में अध्यक्ष हैं वह एक समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी मड़ावरा कार्यालय गए थे जैसे ही वह उपजिलाधिकारी से मुलाकात कर बाहर निकले तो कुछ आगे निकलने पर मड़ावरा में तैनात लेखपाल भरत दुबे उनसे बात करने लगे व बातों बातों में वह विगत दिनों समाचार पत्रों में उनके खिलाफ प्रकाशित हुयी खबरों को लेकर पत्रकारों पर अनाप सनाप आरोप लगाने लगे जिसका प्रियंक सर्राफ द्वारा विरोध किया गया तो लेखपाल आग बबूला हो गया और अभद्रता पूर्वक वार्तालाप करते हुए आगे उसकी खबरें समाचार पत्रों में प्रकाशित होने पर देख लेने की धमकी देने लगा जैसे ही उक्त बात की जानकारी अन्य साथी पत्रकारों को लगी उन्होंने फौरन ही एक शिकायती पत्र थाना मड़ावरा में सौंपते हुए आरोपी लेखपाल पर ठोस कार्यवाही की मांग की इस दौरान राकेश वैध, इंद्रपाल सिंह,नवल कुशवाहा,अजीज खान,प्रकाश सिंह आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

# रुक नहीं रहा है महुए के हरे पेड़ों के काटे जाने का सिलसिला

- लंभुआ थाना क्षेत्र में दो दिन से जारी है हरे पेड़ों का कटान
- अधिकारियों की रहती है मौन स्वीकृति

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर, लंभुआ।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मकसूदन गांव के समीप मकसूदन बगिया में महूए के हरे पेड़ काटे जा रहे हैं। महुआ और आम के हरे पेड़ कटने का वीडियो सोसल मीडिया पर वायरल हो रहा है। स्थानीय पुलिस अधिकारी को हरे पेड़ कटने की जानकारी होने के बाद भी कोई संज्ञान नहीं ले रहे हैं। जानकारी के मुताबिक आधा दर्जन से अधिक हरे महुआ और आम के पेड़ काटे जाने के वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा है। लंभुआ कोतवाली के मकसूदन गांव में एक दिन पूर्व से ही हरे पेड़ों की कटान आज तक जारी है। परंतु स्थानीय पुलिस अधिकारी कोई भी कार्रवाई करने से बच रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया की यह हरे आम और महुए का को कटान हो रहा को बड़े राजनीतिक रसूखदार वाले ठेकेदार द्वारा पेड़ का कटान करवाया जा रहा। जिन को स्थानीय पुलिस का संरक्षण मिला हुआ है। अब देखना यह है कि राजनीतिक रसूख के आगे स्थानीय पुलिस और विभाग नतमस्तक हो जाता है। या अवैध रूप से काटे जा रहे महुआ और आम के पेड़ को काटने से बचाते हुए राजनीतिक रसूख वाले ठेकेदार पर कार्रवाई करता है। वन विभाग के अधिकारियों ने वीडियो को संज्ञान में लेते हुए तुरंत कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# कुड़वार को मिली हाई मास्क लाइट की सौगात

- विधायक ताहिर खां ने स्विच ऑन कर किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर,कुड़वार।** इसौली विधानसभा के कुड़वार क्षेत्र के कई प्रमुख स्थानों पर सपा विधायक ताहिर खां ने हाई मास्क लाइट का उद्घाटन किया। विधायक ने बताया कि इन सभी जगहों पर कम लाइट होने से रोड पर अंधेरा छाया रहता था। जिससे रात को महिलाओं और जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। गोमती नदी पुल के पास अंधेरे में राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ती रही। अंधेरे की समस्या का समाधान करते हुए विधायक ताहिर खां ने हाई मास्क लाइट का स्विच ऑन कर उद्घाटन किया गया। इससे जनता को अंधेरे से राहत मिली। स्थानीय लोगों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।



सोमवार की शाम इसौली विधायक ताहिर खां ने कुड़वार कस्बे के पुराना थाना,गोमती नदी पुल,गजेहड़ी,भदहरा में लगी हाई मस्क लाइट का उद्घाटन स्विच ऑन कर किया। उद्घाटन के साथ ही हाई मस्क लाइट से सभी प्रमुख स्थान दूधिया रोशनी में जगमगा उठे।हाई मास्क लाइट में छह वेपर लगे हैं। विधायक ताहिर खां ने कहा कि कुड़वार के लोगों की हाईमास्क लाइट की बहुत पुरानी मांग को आज पूरा कर दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि कुड़वार में लाइटें लगाई जाएगी।लोगों ने हाई मास्क लाइट लगने के बाद खुशी जाहिर की। लाइट लगाने से पुराना थाना मोड़, गोमती नदी पुल,गजेहडी चौराहा,भदहरा चौराहे की रौनक बढ़ गई है। मौके पर पूर्व प्रधान अकरम अंसारी,रियाज अहमद, डाक्टर मोईद,मुख्तार अहमद समेत कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## शमशान घाट में शव जलाने को लेकर रात में हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा

**शाहजहांपुर।** देर रात विवाहिता का शव लेकर ससुराली पहुंचे शमशान, फिर पहुँची पुलिस और जमकर हुआ घमासान। यूपी के शाहजहांपुर में देर रात शमशान में शव लेकर पहुँचे ससुराली,मायके पक्ष को जब लगी खबर तो पुलिस बुला ली। थाना रामचंद्र मिशन में इसी विवाहिता को पीटने व प्रताड़ित करने का लिखा था मुकदमा,ईलाज के दौरान जब हो गयी मौत तो लेकर पहुँच गए शमशान। मिश्रीपुर की आंशिका मिश्रा का विवाह दो वर्ष पूर्व खिरनीबाग के अग्निवेश शुक्ला के साथ हुआ था। आरोप है कि दहेज के लिए की थी मारपीट,ईलाज के दौरान हुई थी मौत। मायके पक्ष को बिना ख़बर दिए शव को लेकर रात में ससुराली पहुँचे शमशान,पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार। शाहजहांपुर की कोतवाली सदर बाजार क्षेत्र में स्थित लालपुल शमशान घाट का मामला।

# सरस्वती विद्या मन्दिर में हुई आचार्य अभिभावक संगोष्ठी

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर सुल्तानपुर में आगामी शिक्षण -सत्र की पाठ्ययोजना बनाने, विद्या भारती की पंचपदी शिक्षा पद्धति आधारित व्यवस्था को मूर्त रूप प्रदान करने तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु आचार्य अभिभावक संगोष्ठी आहूत की गई। अभिभावक बन्धु/भगिनी से उनके पाल्य के नैतिक मूल्यों के संवर्धन, खेल, शारीरिक , आध्यात्मिक विकास एवं अन्य पाठ्य सहगामी कार्यक्रमों के विधिवत् संचालन के लिए उनके महत्वपूर्ण सुझाव आमंत्रित किए गए। अभिभावकों ने विद्यालय की इस प्रशंसनीय पहल का हृदय से स्वागत किया। उनके द्वारा प्रदत्त समस्त सुझावों को अमूल्य मानकर लिपिबद्ध किया गया। उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय के



यशस्वी प्रधानाचार्य श्रीमान् राकेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि विद्या भारती की शिशु मन्दिर एवं विद्यामन्दिर योजना का यह वैशिष्ट्य है किहम भैया बहनों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास करने एवं संस्कार युक्त शिक्षा देने पर पूरा ध्यान देते हैं। जिससे छात्रों में सामाजिक संवेदनाएं एवं सामाजिक संस्कार उत्पन्न हों।इसका परिणाम यह रहा कि हमारे भैया बहनों ने, संस्कृति बोध परियोजना, गणित और विज्ञान की प्रतियोगिताओं में अखिल भारतीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। तथा खेल में एस जी एफ आई स्तर पर प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रधानाचार्य जी ने अभिभावक बन्धुओं के सुझावों को शत् प्रतिशत लागू करने का वचन दिया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधक जनपद के लब्धप्रतिष्ठ चिकित्सक डॉ पवन सिंह ने उपस्थित अभिभावक बन्धु/ भगिनी से आग्रह किया कि आप अपने परिवार का वातावरण अपनी संस्कृति एवं परम्परागत भारतीय संस्कार के अनुकूल बनाएं। स्वयं मर्यादित रहकर पाल्य के लिए प्रेरणास्रोत बनें बच्चे अपने अभिभावक को देखकर सीखते हैं। मंच पर विद्यालय की बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। आचार्य अभिभावक संगोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी श्री कृपाशंकर द्विवेदी जी ने की। विशिष्ट अतिथि एसोशिएट प्रोफेसर डॉ रविशंकर तिवारी रहे।हिन्दी विभाग की वरिष्ठ आचार्या श्रीमती रंजना पाण्डेय ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।वरिष्ठ आचार्य श्री अनिल पाण्डेय, राजबहादुर शर्मा, ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी एवं देवेन्द्र कुमार पाठक उपस्थित रहे। आभार ज्ञापन आचार्या श्रीमती शशी द्विवेदी जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आचार्य श्रीमान् राजनारायण शर्मा जी ने किया।

# सपा ने किसानों का समझा दर्द



- ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों का जल्द दिलाया जाए मुआवजाः नेपाल सिंह
- समाजवादी पार्टी ने किसानों के समर्थन में डीएम के नाम प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** बीते दिनों जिले में अचानक हुई भीषण बारिश व ओलावृष्टि नें फसलों को बुरी तरह बर्बाद कर दिया है। पकने की कगार पर खड़ी फसलें जमींदोज हो गई हैं। किसानों के सामने अंधेरा और निराशा के सिवा कुछ नजर नहीं आ रहा है। समाजवादी पार्टी ने किसानों का दर्द समझते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर जिलाधिकारी के नाम संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा हैं। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने बताया कि जनपद के अनेक गांवों में बारिश के साथ-साथ ओलावृष्टि हुई। जिससे फसलें बर्बाद हो गयी है। पकने के कगार पर खड़ी फसल तेज हवा चलने व ओलावृष्टि से जमींदोज हो गई है। आंधी के चलते पेड़ टूट गए हैं। दलहनी , तिलहनी फसल व गेहूं की फसल जमींदोज हो गई है। आंधी पानी से फसल बर्बाद हो गई है। ललितपुर के कई गांवों में तेज आंधी के साथ बरसात व ओलावृष्टि हुई है। ऐसे में किसानों का भारी नुकसान हुआ है। किसानों के इस कठिन समय मे समाजवादी पार्टी उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा राशि दी जाए। किसान कर्ज के चलते आत्महत्या करने को मजबूर है। साथ ही गांव से शहर आने वाले किसानों के यातायात पुलिस ऑनलाइन चालान कर देते हैं, जिसके चलते वह काफी परेशान हैं। वहीं बढ़े हुए बिजली के बिलों के कर्ज को माफ किया जाए। ताकि किसानों को कुछ हद तक राहत मिल सके। किसान क्रेडिट कार्ड का कर्ज सरकार माफ करे। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों से बिचौलियों को दूर किया जाए।

# नपद सुल्तानपुर में भू माफियाओ का बोलबाला

**सुल्तानपुर।** जनपद सुल्तानपुर में इन दिनों भूमाफियाओं की कब्जेदारी नजूल की भूमि पर अपने चरम पर है। आपको बताते चलें की बिना मानचित्र स्वीकृत कराए तथा नजूल की जमीन पर की दिन दूना रात चौगुनी के तर्ज पर निर्माण कर रहे हैं। अभी हाल ही में सदर एसडीएम के आदेश पर खैराबाद मोहल्ले में निर्माण को रोका गया परंतु भूमाफियाओं के हौसले इतने बुलंद है रोकने के बावजूद भी निर्माण कार्य पर प्रगति बनाए हुए हैं। गंदा नाला रोड पर पीपल वाली गली में राजस्व कर्मियों की मिली भगत के चलते निर्माण कार्य जारी है।इसी कड़ी में ÷रामलीला मैदान÷, लखनऊ नाका पुल के नीचे बेसमेंट में भी बिना नक्शा स्वीकृत कराए हुए निर्माण कार्य हो रहा है। राजस्व कर्मियों की नाकामी इस बात का सबूत है कि मौखिक रूप से रोक लगाई जाती है, फिर भी निर्माण कार्य हो रहा है। बात करने पर लेखपाल द्वारा बताया जाता है कि निर्माण कार्य को रोक दिया गया है।परंतु सेटिंग गेटिंग के चलते निर्माण कार्य रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अब देखना यह है नवागत उप जिलाधिकारी सदर इस प्रकरण में क्या कार्रवाई करते है।

# नशे में अच्छे-बुरे का नहीं कर पाते विचारः कुलदीप सिंह

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रोदय कुमार के निर्देशानुसार एडीजे/सचिव कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में बाल सम्प्रेक्षण गृह नेहरूनगर में किशोरों को ईराडेक्शन ऑफ ड्रग्स, स्मोकिंग एण्ड एल्कोहिज्म विषयक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान संबोधित करते हुये एडीजे/सचिव कुलदीप सिंह, प्रभारी प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अक्षयदीप यादव, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जे.जे.बी. बोर्ड सदस्य सुधीर त्रिपाठी,



साइकोलाजिस्ट/ परामर्शदाता मंजूलता, सलाहकार रूद्रप्रताप सिंह बुन्देला द्वारा अवगत कराया गया कि नशे के कारण ही अधिकांश अपराध होते हैं। क्योंकि नशे की हालत में व्यक्ति अपना संयम खो देता है जिससे वह अच्छे बुरे के बारे में विचार नहीं कर पाता है। इसलिये सभी प्रकार के नशों से बचना चाहिये। सकारात्मक सोचें एवं ईमानदारी से रहें। क्रोध व हर्ष में संयम से रहने पर ही सफलता प्राप्त होती है। शिविर के दौरान किशोरों से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में पूछताछ की। सचिव ने किशोरों को अवगत कराया कि वे अधिवक्ता की उपलब्धता हेतु एवं अन्य प्रकार की समस्या हेतु अधीक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रार्थना पत्र प्रेषित करें। शिविर के अन्त में जिला प्रोवेशन अधिकारी द्वारा सभी आगुन्तकों का आभार प्रकट किया गया एवं सभा का संचालन जे.जे.बी.बोर्ड सदस्य सुधीर त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस दौरान प्रभारी अधीक्षक दीनानाथ, जे.जे.बी.बोर्ड सदस्य श्वेता गोस्वामी, डा.विनोद निगम, अध्यापक प्रियंका मालवीय, काउन्सलर पूनम शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता संजय त्रिपाठी एवं बाल सम्प्रेक्षण गृह के कर्मचारीगण उपस्थित हुये।

# सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित होंगे आंगनबाड़ी केन्द्र

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के 2085 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, आर.ओ. यूनिट तथा ईसीसीई सामग्री से आच्छादित कर उन्हें अपग्रेड कर सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। जनपद के 435 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका तथा 550-550 आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, आर.ओ. यूनिट की स्थापना तथा भवन की आवश्यक मरम्मतोपरान्त ईसीसीई अन्तर्गत शिशु



टेबल, फर्श की चटाई, दरी, तौलने की मशीन, ब्लैकबोर्ड, बच्चों के लिए अभ्यास बोर्ड, सूचना बोर्ड, पुस्तकों इत्यादि की व्यवस्था की जायेगी। जिले के आगनबाड़ी केन्द्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित किये जाने के उद्देश से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों का सर्वे करा कर आवश्यकतानुसार केन्द्रों का चयन किया जाय। उन्होनें यह भी निर्देश दिया कि जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आरओ की स्थापना व रैन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य कराया गया है उसकी सूची उपलब्ध कराये ताकि कार्या का सत्यापन करा लिया जाय। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, उप जिलाधिकारी सदर, प्रिंस वर्मा, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, प्रभारी सीएमओ डॉ राजेश गौतम, नोडल सरयू नहर खण्ड दिनेश कुमार, डीपीएम एनएचएम सरजू खान, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ राजेन्द्र वर्मा तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 13/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।

**क्र.सं. 1:– कार्य का विवरणः** इज्जतनगर मंडल के समइं/काशीपुर के अन्तर्गत लालकुआँ–काशीपुर अनुभाग में गुलरभोज–बाजपुर स्टेशन के मध्य ब्रिज सं. 46 (7x12.2 मी0–पी. एस.सी स्लैब) का पुनर्निर्माण कार्य। **अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 11,59,83,340.44, बयाना राशि रूपयों में:** ₹ 7,29,900/– निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 18 माह।

**क्र.सं. 2:– कार्य का विवरणः** रामपुर–चमरुआ एवं लालकुँआ–रूद्रपुर सिटी अनुभाग के मध्य मैटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग का निर्माण। (कुल 24.42 किमी.) 1.स्वीकृत कार्य के अंतर्गत रूद्रपुर सिटी रामपुर अनुभाग के मध्य 130 किमी. प्रति घंटे तक की गति बढाने के तहत सेफ्टी फेसिंग (88.12 किमी.) का प्रावधान। 2. स्वीकृत कार्य के अंतर्गत लालकुँआ–रूद्रपुर सिटी अनुभाग के मध्य 130 किमी प्रति घंटे तक की गति बढ़ाने के तहत सेफ्टी फेसिंग (37.88 किमी.) का प्रावधान। **अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 11,54,79,343.72, बयाना राशि रूपयों में:** ₹ 7,27,400/– निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

**क्र.सं.3:– कार्य का विवरणः** चमरुआ–बिलासपुर रोड अनुभाग के मध्य मैटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग का निर्माण (कुल 40 किमी.)। (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत रूद्रपुर सिटी रामपुर अनुभाग के मध्य 130 किमी. प्रति घंटे तक की गति बढाने के तहत सेफ्टी फेसिंग (88.12 किमी.) का प्रावधान)। **अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 18,93,68,324.54, बयाना राशि रूपयों में:** 10,96,900/– निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

**क्र.सं.4:– कार्य का विवरणः** बिलासपुर रोड–रूद्रपुर सिटी अनुभाग के मध्य मैटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग का निर्माण (कुल 31 किमी.)। (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत रूद्रपुर सिटी–रामपुर अनुभाग के मध्य 130 किमी. प्रति घंटे तक की गति बढाने के तहत सेफ्टी फेसिंग (88.12 किमी.) का प्रावधान)। **अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 14,67,60,474.03, बयाना राशि रूपयों में:** 8,83,800/– निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

1. क्रम सं. 1 की ई– निविदा दिनांक 27.03.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. क्रम सं. 2, 3 एवं 4 की ई– निविदा दिनांक 02.04.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
4. ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी0), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू–568

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## 09 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**ललितपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त निर्देशानुसार जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रोदय कुमार की अध्यक्षता में 09 मार्च 2024 को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। आम नागरिकों से अपील की है कि वह इस राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर वाहनों से संबंधित ई-चालान, आपराधिक शमनीय वाद, बैंक वसूली वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, पारिवारिक/ वैवाहिक मामलें, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, विद्युत अधिनियम, स्टाम्प अधिनियम, श्रम अधिनियम, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, उपभोक्ता फोरम के वाद, स्थायी लोक अदालत में लंबित वाद, नगर पालिका टैक्स वसूली वाद, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान वाद, दुकान एवं वाणिज्य अधिनियम के अधीन बांट माप वाद, आयकर, वाणिज्य कर, जलकर, वन अधिनियम, सेवा संबंधी वाद, चेक बाउन्स के मामलें आदि के अन्तर्गत लंबित वादों एवं अन्य वादों के निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किये जायेगें।

# एसपी ऑफिस में फरियादी ने खुद को किया आग के हवाले

- चौकी इंचार्ज से लेकर कप्तान और आईजीआरएस तक फरियाद के बाबजूद नही हुई सुनवाई

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** एसपी आफिस पहुंचे एक फरियादी ने खुद को आग के हवाले कर दिया। खास बात ये है कि जब फरियादी पुलिस आफिस परिसर में आग की लपटों में जल रहा था तब एसपी साहब आफिस के अंदर बैठकर थानेदारों से गूगल मीट कर रहे थे। एसपी आफिस के अंदर अपने पापा को आग में जलता देख बेबस बच्चा पापा पापा चिल्ला रहा था। आग में जल रहे फरियादी की चीखें सुनकर बाहर निकले पुलिस कर्मियों ने बमुश्किल आग बुझाई और फरियादी को पुलिस की गाड़ी से इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजा। आपको बता दें कि कांट थाना क्षेत्र के रहने बाला ताहिर अली अपनी फरियाद लेकर एसपी आफिस पहुंचा और वहां उसने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर खुद को आग के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि फरियादी ताहिर अली इससे पहले चौकी इंचार्ज से लेकर कप्तान और आईजीआरएस तक फरियाद कर चुका था लेकिन उसे न्याय नहीं मिला तो मजबूरन उसे आत्मदाह का कदम उठाना पड़ा। एसपी शाहजहांपुर अशोक कुमार मीणा ने बताया कि फरियादी ताहिर अली की गाड़ियों का विवाद इनके ही साथी उमेश तिवारी से गाड़ियों के लेनदेन का चल रहा था। जिसकी फरियाद लेकर आज ताहिर अली एसपी आफिस आया था। कप्तान ने बताया कि पूरे मामले की जांच चल रही है और पुलिस कर्मियों ने फरियादी ताहिर की आग बुझाकर उसे तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है।

# अधिकारी अपने अनुभव व व्यक्तिगत प्रयासों से जनता को संतुष्ट करेंः कमिश्नर

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नवागंतुक आयुक्त झांसी मण्डल विमल दुबे का जनपद ललितपुर में प्रथम आगमन पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया व दशावतार मंदिर की तस्वीर भेंट की, तत्पश्चात आयुक्त ने कलैक्ट्रेट सभगार में जनपद ललितपुर के विकास कार्यो की समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को प्रगति बढ़ाने व विभागीय योजनाओं में नवाचार करने के निर्देश दिये।

उन्होंने सभी अधिकारियों का परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि हमें पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करना है, यदि कोई व्यक्ति हमारे कार्यालय में अपनी समस्या लेकर आता है तो अपने अनुभव व व्यक्तिगत प्रयासों से सुनिश्चित करें कि वह संतुष्ट होकर ही जाए। हमें अपने अनुभव से ललितपुर जिले को नम्बर



वन जिला बनाना है, जनपद में आईजीआरएस पर शिकायतों की स्थिति शून्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्यालय में एसओपी (स्टेण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) व चैकलिस्ट बनाकर कार्य करें, इससे आपकी क्षमता और कार्य की गुणवत्ता मं अभूतपूर्व बदलाव आयेगा और आपके तत्काल निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने निर्देश दिये कि आगामी निर्वाचन के दृष्टित जो भी दायित्व अधिकारियों को सौंपे गए हैं, उनमें किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं होनी चाहिए, भारत में चुनाव एक पर्व की तरह सम्पन्न होता है, इस दौरान लोगों में काफी उत्साह होता है, इसके पूरी गंभीरता और सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। निर्वाचन के दौरान सबसे महत्पूर्ण है कि वोटर लिस्ट की सुचिता बनी रहे, पोटिंग पार्टियां समय पर अपने गन्तव्य तक पहुंचे, साथ ही मतदेय स्थलों पर पूर्व से ही सभी मूलभूत व्यवस्थाएं दुरुस्त करा ली जायें। तहसीलों में लम्बित वादों की समीक्षा में बताया गया कि दो तहसीलों में अविवादित लम्बित वादों की संख्या शून्य हो गई है।

## पर्यावरण स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने का किया प्रयास

**सुल्तानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चक शिवपुर में इन दिनों दाता करीम शाह धूनी का मेला उफान पर चल रहा है। इसी बीच सामाजिक संगठन संविधान जागरुकता मंच की टीम ने मेले में पहुंचकर साफ सफाई व पर्यावरण स्वच्छता के प्रति दुकानदारों से बातचीत कर जागरूकता लाने का प्रयास किया। पर्यावरण संरक्षण में सभी की सहभागिता जरूरी है,एक स्वस्थ वातावरण बीमारियों से बचाता है और जीवन रक्षा के लिए आवश्यक है।जब हम पर्यावरण की देखभाल करते हैं तो हम यह सुनिश्चित करते हैं कि वह भविष्य में उपलब्ध होंगे। साफ सफाई से प्रदूषण की जंग जीती जा सकती है।इस मेले के जरिए हर किसी पे भी पर्यावरण के प्रति चिंता व अपनी जिम्मेदारी का भाव पैदा करने की कोशिश की गई।

# शराब के नशे में की वृद्ध की हत्या

**पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को भेजा जेल**



अवधानामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** रविवार की रात कस्बे के भीड़भाड़ वाले इलाके गोल मार्केट में एक वृद्ध के साथ बेरहमी से मारपीट की गई थी, जिसकी इलाज के दौरान उसी दिन मौत हो गई थी, जिसपर पुलिस ने अलग अलग एंगल से जांच कर घटना के जल्द खुलासे की बात करते हुए परिजनों सहित संदिग्धों को कोतवाली लाकर पूछताछ शुरू कर दी थी लेकिन घटना के बाद से ही कस्बे के पूर्वी तरौस निवासी अहमद पुत्र जमील पुलिस के निशाने पर था।जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद घटना का खुलासा किया है। बीते रविवार की सुबह कस्बे के गोल मार्केट में लेटने वाले हैदरिया निवासी वृद्ध जमालुद्दीन उर्फ नत्थू चौधरी की अज्ञात लोगों द्वारा बेरहमी से पिटाई की गई थी, जिसके बाद इलाज के दौरान नत्थू चौधरी की मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही पुलिस ने सभी एंगलों से मामले की जांच कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के साथ ही मृतक के पुत्र जहीर उददीन की तहरीर पर अज्ञात के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी, साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज खंगालने शुरू कर दिए। इसी के साथ ही परिजनों सहित आसपास के लोगों को कोतवाली बुलाकर पूछताछ भी शुरू कर दी थी। इसी दौरान सीसीटीवी फुटेज में पुलिस को कस्बे के पूर्वी तरौस निवासी मोहम्मद अहमद बिरयानी पुत्र जमील रोटी भी नजर आया जिसे पुलिस ने कांशीराम कालोनी के निकट घेर कर पकड़ लिया और कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने हत्या करने की बात भी कुबूल कर ली। आरोपी ने बताया कि उस दिन उसके बहनोई की मौत हो गई थी और वह शराब के नशे में था जिसके चलते उसके भांजे अजहर ने उसे घर से भगा दिया था और उसके बाद वह रात में लेटने के लिए गोल मार्केट पहुंचा जहां पर मौजूद मृतक जमालुददीन उर्फ नत्थू ने उसके शराब के नशे में होने के कारण उसे गालियां दे दीं, जिससे वह आक्रोश में आ गया और उसने वृद्ध के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके बाद उसकी मौत हो गई।

## पत्नी से झगड़ा करने के बाद युवक ने खाया जहर, मौत

**बांदा।** पति और पत्नी के बीच कहासुनी हो जाने के बाद नाराज पति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, वहां पर उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है।

बिसंडा थाना क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी रामनिहोर पटेल (25) पुत्र सुखदेव ने सोमवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। तब घरवालो को पता चला। उसे सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# जिला निर्वाचन अधिकारी नें चुनाव की तैयारी के सम्बन्ध में की बैठक

अवधानामा संवाददाता



**हमीरपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की संयुक्त अध्यक्षता में नियुक्त नोडल अधिकारियों के साथ सौंपे गये विभिन्न कार्यो के क्रियान्वयन व अब तक की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय ने निर्वाचन कार्या में लगे सभी अधिकारियोंध्कार्मिकों को स्पष्ट संदेश दिया कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील कार्यो में किसी भी स्तर पर लापरवाही व शिथिलता बर्दाश्त नही की जायेगी। सम्बन्धित सभी अधिकारी कार्मिक पूर्ण मनोयोग से कर्तव्य निष्ठा के साथ सौंपे गए कार्यो में अपना शत-प्रतिशत कार्य सुनिश्चित करते हुए लोकतंत्र के महापर्व को सकुशल सम्पन्न बनावें। तथा सभी विभागाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि उनके कार्मिको के मानदेय हेतु दिये गये बैंक एकाउण्ट का डिटेल सही है। उन्होने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भलिभॉति अध्ययन कर लें, तथा निर्वाचन संबंधी कार्यो को सौपे गये दायित्वों को ईमानदारी से निर्वाहन करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, वरिष्ठ कोषाधिकारी अधिकारी जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी संबंधित नोडल अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हरौलीपुर एवं पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना की डीएम ने की समीक्षा

अवधानामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत हरौलीपुर एवं पट्योरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्री राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि हरौलीपुर एवं पट्योरा डाडा ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न कंपोनेंट में शेष कार्यो को शीघ्र पूर्ण कर इसके समयबद्ध ढंग से संचालन सुनिश्चित कराया जाए। पाइपलाइन डालने के पश्चात टेस्टिंग कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात क्षतिग्रस्त सड़कों का समय से पुनर्निर्माण किया जाए। क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण हो जाने के पश्चात हर घर जल प्रमाणन का कार्य तेजी के साथ किया जाए। सभी संबंधित गाँवो में शत प्रतिशत डोर टू डोर पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं। जिन गांवों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी कार्य पूर्ण हो गए हैं वहां पर रोस्टर के अनुसार पेयजल सप्लाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यो के सुचारू ढंग से संपादन हेतु पर्याप्त मैन पावर की व्यवस्था रखी जाए। योजना के अंतर्गत सभी कार्य निर्धारित मानक के अनुसार पूर्ण किए जाएं । उन्होंने कहा कि आईएसए के अंतर्गत जल जीवन मिशन के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए तथा जल संरक्षण के बारे में प्रोत्साहित किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अवशेष कार्य को पूर्ण कर जल्द से जल्द पेयजल की सप्लाई का लाभ ग्रामीणों को दिलाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न कार्यो को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। इस कार्य में शिथिलता बरतने वाली कार्यदायी संस्थाओं पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# विधायक ने तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का फीता काटकर किया शुभारंभ

अवधानामा संवाददाता

**हमीरपुर।** सदर विधायक डा.मनोज कुमार प्रजापति ने सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं पर आधारित तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का फीता काटकर किया शुभारंभ किया। बताते दें कि सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा मुख्यालय स्थित चौरा देवी मंदिर प्रांगण में लगायी गयी प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं पर आधारित तीन दिवसीय ;05 से 07 मार्चद्ध विकास प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि विधायक मनोज कुमार प्रजापति जी ने फीता काटकर भव्य शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि विधायक मनोज कुमार प्रजापति, अपर जिलाधिकारी न्यायिक नागेन्द्र नाथ यादव ने प्रदर्शनी में योजनाओं से सम्बन्धित लगाये गये किटों/स्लाइड्स का अवलोकन करते हुये उपस्थित लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने एवं उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

विधायक मनोज कुमार प्रजापति ने इस तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार अपनी योजनाओं ,नीतियों, कार्यक्रमों के माध्यम से विकास के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी विकास की मुख्य धारा में लाने का कार्य कर रही है। कहा कि सरकार गरीब किसान मजदूर मां बहन बेटियों के हितों में कार्य कर रही है तथा सभी वर्गो का समान रूप से उत्थान कर रही है। कहा कि सरकार की विकासपरक नीतियों/उपलब्धियों में कोई भी क्षेत्र छूटा नहीं है इसमें सभी कुछ समाहित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर आम जनमानस जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएंगे। इस प्रदर्शनी में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार तथा लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं तथा उनकी उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। उन्होने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका सीधा लाभ जन सामान्य को मिल रहा है। प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को प्रदर्शनी में अच्छे ढंग से दर्शाया गया है। यह प्रदर्शनी आम जन के लिये बहुत ही उपयोगी है। इसका अवलोकन कर आम आदमी को प्रदेश सरकार द्वारा किए गए गत वर्षों के कार्यो/उपलब्धियों की जानकारी मिल रही है, इसके अलावा गरीब लोगों के उत्थान हेतु चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में भी आम लोग जानकारी प्राप्त कर उसका लाभ ले सकते हैं। अपर जिलाधिकारी न्यायिक नागेन्द्र नाथ यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का उद्देश्य जन.जन तक प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार.प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से अब तक जो व्यक्ति प्रदेश सरकार की संचालित योजनाओं से वंचित रह गये हैं, वे योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर, उससे लाभान्वित होंगे। उन्होंने जन सामान्य से प्रदर्शनी में पहुंचकर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं आदि की जानकारी प्राप्त करने तथा उसका लाभ लेने की अपील की है। चौरा देवी मंदिर प्रांगण में लगाई गई केंद्र व प्रदेश सरकार की विकासपरक, लाभार्थीपरक एवं जनहितकारी योजनाओं की इस प्रदर्शनी में चित्र के माध्यम से विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया जा रहा है।



# हिण्डाल्को में ऑनलाइन सेफ़्टी क्विज़ का आयोजन



अवधानामा संवाददाता

**सोनभद्र/ रेणुकूट।** हिण्डाल्को में आयोजित हो रहे 53वें सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन सेफ़्टी क्वीज़ एवं 'व्यवहार आधारित सुरक्षा' (बी.बी.एस.) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बी.बी.एस. प्रतियोगिता में प्लांट की चार टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत टीमों ने प्लांट में कार्यो के दौरान सुरक्षित व्यवहार का प्रदर्शन किया एवं वीडियो तथा क्वीज़ आदि के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। प्रतियोगिता में रिडक्शन प्लांट को प्रथम, अल्युमिना को द्वितीय एवं फ़ैब्रिकेशन प्लांट को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पूरे सप्ताह प्रतिदिन कराये गए ऑनलाइन क्वीज़ प्रतियोगिता में अंकित, अजेन्द्र कुमार राय, पवन कुमार, अरविंद दीक्षित, आलोक सिंह, संत दयाल सिंह एवं पद्मकांत शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि अनूप कुमार सिंह, कमल किशोर यादव, आयुष्मान, वासुदेव पटेल, हेमंत कुमार श्रीवास्तव एवं अंजलि मिश्रा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

# महिला मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन स्कूटी रैली निकाला दिया संदेश

**स्वर्ण जयंती चौक, शीतला चौक, महिला थाना से आरटीएस क्लब में समापन**



अवधानामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिला भाजपा महिला मोर्चा तत्वाधान में मंगलवार को नारी शक्ति बंधन स्कूटी रैली निकालकर नगर में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी लगाए जयकारे।

भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने बताया कि मुख्य अतिथि के तौर पर साइन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर अनुपमा सिंह द्वारा कार्यक्रम का आगाज किया गया वहीं महिला मोर्चा मुख्यालय से मिले आदेश अनुसार मंगलवार को महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा नारी शक्ति बंधन स्कूटी रैली निकालकर नगर में महिलाओं को संदेश देने का कार्य किया गया इस दौरान श्री सिंह ने बताया कि भाजपा सरकार केंद्र में 10 साल पूर्ण होने व योगी सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर लाने के साथ ही महिला सुरक्षा महिला अपराध में बेहतर सरकार की सभी दिखाने को लेकर महिलाओं के बीच एक संडे देने का कार्य किया गया। भाजपा नेत्री कुशुम शर्मा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित हैं और मजबूती के साथ हर क्षेत्र में रोजगार कर रही हैं सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास ही महिलाओं का साथ है इस मौके पर रुबी गुप्ता, गुड़िया त्रिपाठी, रंजन पांडेय, कनकलता, तारा देवी ,संगीता पाठक ,प्रिया सोनकर सहित अन्यलोक मौजूद रहे।

## डिप्टी कलेक्टर के निरीक्षण में एमडीएम घोटाले का खुलासा

**हमीरपुर।** बीते दो मार्च को डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी बीडीओ के निरीक्षण में कैथी के कंपोजिट विद्यालय में मौजूद बच्चों के सापेक्ष एमडीएम रजिस्टर में एक सैकड़ा से अधिक छात्र छात्राएं अतिरिक्त दर्ज होने पर बीडीओ की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीर बताते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। बीते दो मार्च को प्रभारी खंड विकास अधिकारी शांतुन कुमार सिनसिनवार ने सुमेरपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत कैथी के कंपोजिट विद्यालय का औचक निरिक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान प्रभारी बीडीओ को पंजीकृत 560 छात्र छात्राओं के सापेक्ष 191 मौजूद मिले थे।

जबकि मध्याह्न भोजन रजिस्टर में प्रधानाध्यापक ने 303 छात्र छात्राओं को भोजन करना दर्शाया था। इसकी रिपोर्ट बीडीओ ने जिलाधिकारी राहुल पांडेय को भेजी थी। डीएम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

## पटवध बसकटवां-कुरुहुल सम्पर्क मार्ग में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**सोनभद्र/गुरमा।** विकास खण्ड के चोपन के पटवध बसकटवां-कुरूहुल सम्पर्क मार्ग का निर्माण के महज पन्द्रह दिनों के बाद उखड़ कर जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो जाने से मार्ग की हालत दयनीय हो गयीं है। इससे ग्रामीण,राहगीर और वाहन चालक काफी परेशान हैं, और जगह-जगह गढ्ढे लोगों के लिए मुसीबत बन रहीं हैं, कई बार तो इस सड़क पर दुपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो जाते हैं, और कई बार तो उनकी जान पर बन आती है मजे की बात यह है कि मार्ग का निर्माण महज़ दो सप्ताह पूर्व हुआ है। इससे खफा लोगों ने आंशिक रूप से मंगलवार की सुबह मे ग्रामीणो ने नारेबाजी कर प्रर्दशन किया,स्थानीय युवा नेता आशुतोष गुप्ता का कहना है कि जल्द आरसीसी रोड एवं रोड के दोनों पटरी में कवर्ड नाली निर्माण कार्य सही तरीके से एक माह के भीतर नहीं हुआ तो हम सब मिलकर बड़े पैमाने पर जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी सम्पुर्ण जिम्मेदारी संबंधित लोक निर्माण विभाग की होगी। प्रदर्शन एवं सड़क जाम करने वालों में प्रमुख रूप से अमरजीत सिंह, अदलगंज के ग्राम प्रधान अशोक मौर्या, कमलेश मौर्या, शशीकांत मौर्या, शिव मूरत गुप्ता, संजय तिवारी, रामबली गोंड, रामबिलाश? साहनीआदि सैकड़ों कि संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## गले में फंदा कसने से युवक गंभीर, भर्ती

**बांदा।** तिंदवारी थाना क्षेत्र के बेदा खैरीहार निवासी उमेश (35)पुत्र हरीशचंद्र ने सोमवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगा लिया। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नही निकला तो मौके पर पहुंचे परिजनो ने देखा तो वह फंदे पर लट रहा था। आनन फानन फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# एनटीपीसी सिंगरौली में 53 वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन

अवधानामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में 53वाँ राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन प्लांट परिसर स्थित सेवा भवन पार्क में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एल के बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा सभी उपस्थित कर्मचारियों को राष्ट्रीय सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस वर्ष की राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस थीम ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर आधारित थी। मुख्य अतिथि एल के बेहरा ने कहा कि सुरक्षा संस्कृति हमारा धर्म है और सुरक्षा धर्म का पालन करते हुए हम सभी को कार्य के दौरान नियमों का अनुपालन करते हुए, अपने व्यवहार को संयमित व संतुलित रख कर सुरक्षित ढंग से कार्य करना चाहिए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने हेतु सभी को सुरक्षा नियमों को समझने व उनका गंभीरता से अनुपालन करना चाहिए। सुरक्षा दिवस अभियान के दौरान आयोजित विभिन्न सुरक्षा प्रतियोगिताओं (स्लोगन, क्विज़ व सुरक्षा सम्बोधन इत्यादि) के पुरस्कार विजेताओं को भी मुख्य महाप्रबन्धक व अन्य अतिथिगण द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गये।

इस अवसर पर, डॉ. एस के खरे, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक (ऐश डाइक प्रबंधन), सिद्धार्थ मण्डल, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) एवं अन्य सभी एनटीपीसी सिंगरौली के विभाग प्रमुख, अनुभाग प्रमुख, संविदा कर्मी, यूनियन एवं एसोशिएशन, सीआईएसएफ़ कर्मी आदि उपस्थित रहे।

## निरीक्षक और उप निरीक्षकों का हुआ तबादला

**बांदा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अभी से कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए तबादला प्रक्रिया शुरू हो गई है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अंकुर के द्वारा 20 निरीक्षक व उप निरीक्षकों का तबादला किया गया है। पुलिस कार्यालय से मिली सूची के मुताबिक पुलिस लाइन में तैनात रहे निरीक्षक राम मोहन राय को मटौंध थाने का प्रभारी बनाया गया है। निरीक्षक सविता श्रीवास्तव को प्रभारी महिला थाना से बदौसा थाने का प्रभारी बनाते हुए स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह उप निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह को कालवनगंज चैकी से थाना पैलानी, कृपाशंकर मिश्र को कोतवाली नगर से थाना चिल्ला, अर्पित पांडेय को चैकी प्रभारी मेडिकल कालेज से पैलानी थाना, मटौंध थाने में तैनात रहे अनुग्रह नारायण, दिनेश सिंह और अरविंद कुमार मौर्य को कोतवाली नगर भेजा गया है।

# आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने नहीं बांटा आठ माह से पोषाहार


अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** ग्राम प्रधान की शिकायत पर सुमेरपुर विकासखंड की जलाला ग्राम पंचायत के मजरा भभौरा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की जांच में पहुंची मुख्य सेविका को गत आठ माह से पोषाहार वितरण न किए जाने के साक्ष्य मिले हैं। मौके पर पोषाहार भी नहीं मिला है जो मिला है वह वितरण लायक नहीं है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री मुख्य सेविका को अभिलेख भी नहीं दिखा सकी। उसको तीन दिवस में अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिए गए।जलाला की प्रधान बिट्टो सिंह ने सीडीपीओ से शिकायत करके अवगत कराया था कि भभौरा के आंगनबाड़ी केंद्र संचालिका रीता देवी, सहायिका माया देवी ने अगस्त 2023 से पोषाहार का वितरण नहीं किया है। सीडीपीओ प्रीति भिलवारे ने मामले की जांच मुख्य सेविका तारा देवी को सौंप थी। मुख्य सेविका की जांच में प्रधान सहित लाभार्थी अंशिता, ललिता, शालिनी आदि ने बताया कि उनको पिछले नौ माह से पोषाहार नहीं मिल रहा है। मुख्य सेविका को केंद्र में आधा पोषाहार मौजूद मिला। लेकिन वह वितरण लायक नहीं बचा है।

जांच रिपोर्ट के बाद सीडीपीओ ने आंगनवाड़ी कार्यकत्री की सेवा समाप्त की संस्तुति की है। जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आंगनवाड़ी की कार्यकत्री का मानदेय पूर्व में ही रोक दिया गया था। अब सेवा समाप्ति की रिपोर्ट सीडीपीओ से प्राप्त हुई है। उस पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा बना बाँदा का यूपीपीसीएल विभाग

**नये बन रहे अग्निशमन केंद्रों और बाँदा आई टी आई के निर्माण मे भारी धांधलेबाजी**



अवधानामा संवाददाता

**बाँदा।** पत्रकारों को भ्रष्टाचार पर समाचार ना लिखने देने से रोकने के लिये सरकारी धन को रेवडी की तरह बाँटा जा रहा है। ताजा मामला यूपीपीसीएल से सामने आ रहा है जहां यूपीपीसीएल के सहायक अभियंता मनोज मौर्या और पवन के द्वारा पत्रकारों को भ्रष्टाचार पर खबर ना लिखने का प्रलोभन दिया जा रहा है। इस समय चित्रकूटधाम मंडल मे नये फायर स्टेशन और आई टी आई निर्माण कामदगिरि परिक्रमा मार्ग सहित कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य प्रगति पर हैं जिसमे भ्रष्टाचार की सम्भावनाओ से इंकार नही किया जा सकता है और इन्ही सब भ्रष्टाचार की लीपापोती के लिये पत्रकारों को विज्ञापन के नाम पर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है , पैसा प्राप्त करने वाले पत्रकारो ने भी बताया कि उन्होने किसी प्रकार का कोई भी विज्ञापन प्रकाशित नही किया था बस अपने कारनामों को प्रकाशित करने से रौकने के लिये हम लोगो को 2000/2500 प्रति पत्रकार के लिफाफे दिये गये हैं , नाम ना छापने की शर्त पर विभागीय अधिकारी ने भी बताया कि मनोज मौर्या पूर्व मे भी बाँदा जनपद मे कार्य कर चुके है और उनके पिछले कार्यकाल मे भी पत्रकारो को पैसे बांटे गये थे जिससे स्पष्ट होता है कि पूर्व से ही मनोज मौर्या सहायक अभियंता द्वारा विभाग मे बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जाता रहा है और अभी भी जनपद मे आते ही पुनः अपने कारनामो को छिपाने के लिये पत्रकारों को अपने विभागीय कर्मचारी पवन द्वारा 2000/2500 रूपये के लिफाफे बांटे गये हैं। यूपीपीसीएल के सहायक अभियंता सुनील कुमार कनौजिया , सहायक अभियंता मनोज मौर्या और पवन की मिलीभगत से विभाग मे बडा भ्रष्टाचार का नेटवर्क फलफूल रहा है, वहीं जब यूपीपीसीएल के परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह से संपर्क करना चाहा तो उनसे भीबात नही हो सकी , ऐसे मे अगर जिलाधिकारी इस मामले का संज्ञान ले ले तो एक बडे भ्रष्टाचार से पर्दा उठ सकता है।

# संदेशखाली प्रकरण में अभाविप ने ममता सरकार का विरोध प्रदर्शन किया

अवधानामा ब्यूरो

**राष्ट्रपति को घटना पर संज्ञान लेने हेतु प्रेषित किया गया ज्ञापन**




**सोनभद्र।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सोनभद्र जिला के कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को लोढ़ी स्थित कार्यालय जिलाधिकारी को संदेशखाली प्रकरण के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया गया एवं कार्यकर्ताओं द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया। अभाविप सोनभद्र ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा हिंदू घरों से जबरन नाबालिग कन्या व महिलाओं को चिन्हित कर उनका भयपूर्वक अपहरण कर पार्टी कार्यालय में लाकर अत्याचार, दुराचार करने के कृत्यों की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है तथा इस संबंध में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। वही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सोनभद्र के विभाग संगठन मंत्री अनिल ने बताया कि विगत 10 फरवरी को पश्चिम बंगाल के माननीय राज्यपाल आनंद बोस के संदेशखाली दौरे के कारण इस वीभत्स शोषण की सच्चाई वृहद् जनमानस के समक्ष आई है। झटीएमसी के नेताओं द्वारा हिंदू कन्याओं का अपरहण कर अत्याचार एवं दुराचार करने के अनेक प्रकरण सामने आए हैं, जो किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है। आज इसी संबंध में अभाविप सोनभद्र जिले के कार्यकर्ताओं के द्वारा ममता सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया गया एवं राष्ट्रपति को पत्र लिख राज्य सरकार की प्रकरण में संलिप्तता की केंद्रीय एजेंसी द्वारा जांच करवाने, महिलाओं पर हिंसा एवं उनकी सामूहिक अस्मिता के हनन करने एवं संबंधित प्रकरण की शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी करने, पीड़ित महिला को निःशुल्क सहायता उपलब्ध कराने, मनोवैज्ञानिक द्वारा मानसिक रूप से पीड़ित महिलाओं को सहायता दिलवाने एवं भय-मुक्त संदेशखाली बनाने में केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति की मांग की है।

अभाविप द्वारा संदेशखाली प्रकरण के विरुद्ध पुडुचेरी में आयोजित केंद्रीय कार्यसमिति बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया गया है।

# 61 खादिमुल हुज्जाज चयनित



## हज यात्रियों को किसी भी किसी तरह परेशानी न होः दानिश आज़ाद

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि हज यात्रियों को हज यात्रा के दौरान किसी भी स्तर पर किसी तरह की कोई परेशानी न हो और उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएं। खादिमुल हुज्जाज का चयन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत सार्वजनिक तौर पर लॉटरी निकलवा कर किया गया है। उन्होंने चयनित महिला-पुरुष खादिमुल हुज्जाज को बधाई देते हुए प्रदेश से हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों की हर संभव मदद में सहयोग के निर्देश दिये। श्री अंसारी मंगलवार को सरोजनी नगर स्थित मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस में खादिमुल हुज्जाज के चयन के लिए लॉटरी कार्यक्रम में बोल रहे थे। लॉटरी के जरिए कुल 61 खादिमुल हुज्जाज का चयन किया और प्रतीक्षा सूची के लिए 10 प्रतिशत के आधार पर 6 आवेदकों का चयन किया गया। राज्य हज समिति के अध्यक्ष मोहसिन रजा ने चयनित खादिमुल हुज्जाजों से अपने दायित्व पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश से जाने वाले किसी भी हज यात्री को कोई परेशानी न हो। सरकार खादिमुल हुज्जाज का चयन कर उन्हें इसी मकसद से ड्यूटी पर तैनात करती है। प्रदेश से कुल 273 आवेदकों ने खादिमुल हुज्जाज के लिए आवेदन किया था, जिनकी स्क्रूटनी में 160 आवेदन के पात्र मिले। आवेदकों में कुल 150 पुरुष और 10 महिलाएं हैं। इस वर्ष प्रदेश से कुल 18,298 हज यात्री मुकद्दस हज यात्रा के लिए सऊदी अरब रवाना होंगे। हज कमेटी के 300 हज यात्रियों पर एक खादिमुल हुज्जाज के अनुपात में कुल 61 खादिमुल हुज्जाज का चयन हुआ। लॉटरी के बाद राज्य हज समिति की बैठक हुई जिसमें मोहसिन रजा की अध्यक्षता में हज यात्रा की तैयारियों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किये गये। कार्यक्रम में राज्य हज समिति के सदस्यों सहित हज समिति के सचिव एस.पी. तिवारी व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## लखनऊ एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में आबकारी विभाग लखनऊ द्वारा अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर पूर्ण अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत देर रात आबकारी विभाग द्वारा आगरा, लखनऊ एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई तथा जिला आबकारी अधिकारी राकेश सिंह के नेतृत्व में आबकारी टीम द्वारा थाना गोसाईगंज के अंतर्गत ग्राम-कबीरपुर, बस्तियां, रामपुर व महुराखुर्द के संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान लगभग 30 किग्रा0 लहन तथा 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए कुल 03 अभियोग पंजीकृत किये गये।

## विकसित किया गया फेस आथेन्टीकेशन आधारित ई-केवाईसी ऐप

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्रभावी क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग किये जाने के दृष्टिगत लाभार्थियों के सत्यापन हेतु फेस आथेन्टीकेशन आधारित ई-केवाईसी ऐप विकसित किया गया है, जिसे योजना के एम.आई.एस. पर होस्ट करने के साथ ही आवास ऐप एवं यूआईडीएआई डेटा से भी लिंक किया गया है।

# मुफ्तीगंज में बिजली चेकिंग अभियान से कई घरों में अंधेरा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ठाकुरगंज क्षेत्र के मुफ्तीगंज,मुबारक के हाते में सुबह छह बजे से ही बिजली चेकिंग अभियान चलने से बिजली चोरी कर रहे लोगों और कई महीने से बिजली बिल जमा न कर पाने वाले उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया, बताते चलें की मुख्य अभियंता इं श्र रवि कुमार अग्रवाल लेसा, सिस गोमती जोन 2अधीक्षण अभियंता मंडल अष्टम इं रमेश चंद पाण्डेय, एवम अधिशासी अभियंता ठाकुरगंज इंश्र दीपक कुमार के निर्देश पर उप खण्ड ठाकुरगंज के हाई लॉस फीडर जगरिया से पोषित क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमे54 उपभोगता चेक किए गए।जिसमे5 उपभोक्ता मीटर केबल बाई पास या अन्य तरह से बिजली। चोरी करते पाए गए।बिजली चोरी करते पाए गए।उपभोक्ताओं के नाम पर धारा 135 में एफआईआर दर्ज कराई गई है। बिजलेंस के अधीरकारी के साथ साथ पुलिस व क्षेत्र के जेई व प्रभारी उप निरीक्षक चेकिंग दस्ते के साथ चल रहे। इस मौके पर चेकिंग दल द्वारा कई घरों के कनेक्शन काटे गए तथा कटिया द्वारा बिजली चोरी कर रहे लोगों के केबल उतार कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने की चेतावनी चेकिंग दल द्वारा दिया गया। इस संबंध जानकारी करने पर उपप्रभारी निरीक्षक रमायण प्रसाद ने बताया की लाइन हानियों और ट्रांसफार्मर पर पड़ रहे दबाव के कारण सर्किल 8 के हाई लांस फीडर 45 नग पर मार्निग चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।




# मंत्रिमण्डल के विस्तार को अजय राय ने बताया भाजपा की घबराहट

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश में मंत्रिमण्डल विस्तार को भारतीय जनता पार्टी की घबराहट बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव के वक्त मंत्रिमण्डल विस्तार भाजपा की घबराहट प्रदर्शित कर रहा है। एक नेता जिसने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को अपशब्द कहे और एक चुनाव हारे नेता को सिर्फ जातीय संतुलन साधने के लिए मंत्रिमण्डल में जगह दी जा रही है। यह बताता है कि भाजपा किस कदर घबराई हुई है। प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए श्री राय ने कहा कि 400 सीटें जीतने वाली भाजपा के नेता चुनाव लड़ने से पीछे हट रहे हैं। कोई टिकट वापस कर रहा है तो कोई चुनाव ही लड़ने से मना कर रहा है। डॉ. हर्षवर्धन जैसे वरिष्ठ नेता तो राजनीति से ही संयास ले लिया। श्री राय ने कहा कि इलेक्टोरल बॉण्ड के नाम पर जबरदस्त भ्रष्टाचार हुआ। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने उच्चतम न्यायालय की 5 मार्च 2024 तक इलेक्टोरल बॉण्ड की सूचना देने के लिए 30 जून तक का वक्त मांगा, जिससे स्पष्ट है कि वह इस सूचना को लोकसभा चुनाव तक छिपाना चाहते हैं। अगर यह सूचना बाहर आई तो मोदी सरकार बेनकाब हो जाएगी। उन्होंने पुलिस भर्ती बोर्ड अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को हटाने पर कहा कि योगी जी अपनी नाक के नीचे इस भ्रष्टाचार को स्वीकार कर रहे हैं। श्री राय ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी के बार-बार सवाल उठाने से सरकार को आखिरकार भ्रष्ट व्यवस्था का सच स्वीकारना पड़ा और मुंह छिपाने के लिए परीक्षाएं निरस्त करना पड़ी। उन्होंने दो दिन पूर्व हुई बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद किसानों की फसलों पर कहा कि मुख्यमंत्री 24 घण्टे में मुआवजे की बात कर रहे हैं लेकिन कोई जिम्मेदार अब तक किसानों तक नहीं पहुंचा। यही नहीं आपदा से जुड़ा कोई भी टोल फ्री नम्बर काम नहीं कर रहा।

# रमजानः जिला प्रशासन व ईदगाह कमेटी के पदाधिकारियों की हुई बैठक



अवधनामा ब्यूरो

### मस्जिदों की सफाई के लिये मुतवल्लियों को किया निर्देशित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने रमजान से पहले प्रदेश की मस्जिदों में साफ-सफाई कराने के लिए मुतवल्लियों को निर्देशित किया है। बोर्ड चेयरमैन अली जैदी के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारी की ओर से प्रदेश की वक्फ बोर्ड में पंजीकृत औकाफों की मस्जिदों में रमजान से पहले साफ-सफाई और मस्जिदों में नमाज बजमाअत कराने को कहा गया है। इसी के साथ मुकद्दस रमजान में रोजेदारों के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया गया है।

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान को लेकर जिला प्रशासन, ईदगाह कमेटी और इस्लामिक सेंटर के पदाधिकारियों की बैठक ऐशबाग ईदगाह में इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मौलाना ने कहा कि मुबारक रमजान 12 या 13 मार्च को शुरू होगा और उसी रात से तरावीह शुरू होगी। रमजान में मस्जिदों के आस-पास साफ-सफाई और सेहरी, इफ्तार और तरावीह के वक्त बिजली की आवाजाही न हो और सेहरी के वक्त पानी की अतिरिक्त आपूर्ति हो, जिससे रोजेदारों को परेशानी न हो। मौलाना ने शहर के मुस्लिम बहुल इलाकों में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की भी मांग की। जेसीपी उपेन्द्र कुमार अग्रवाल ने अधिकारियों को रमजान की तैयारियां समय से पहले करने का निर्देश देते हुए कहा कि व्यवस्थाएं पहले से बेहतर की जा रही हैं। रमजान में शांति भंग करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा और कड़ी कार्रवाई होगी। एडीसीपी ने शबे-बरात के बेहतर माहौल में गुजरने पर इस्लामिक सेंटर व अन्य विभागों की प्रशंसा की। अपर नगर आयुक्त ने कहा कि साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं में किसी तरह की कमी नहीं होगी। बैठक में सिविल डिफेन्स के चीफ वार्डेन अमरनाथ मिश्रा, पुलिस, लेसा, जल संस्थान सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# शिया कॉलेज में एक्सप्रेशन यूथ फेस्ट-2024 का आगाज़




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शिया पी0 जी0 कालेज, लखनऊ में आज दो दिवसीय 'एक्सप्रेशन यूथ फेस्ट-2024' का शुभारम्भ तिलावत-ए-कुरान से हुआ। इस वर्ष के यूथ फेस्ट की थीम 'तहज़ीब-ए-अवध' है। इस यूथ फेस्ट के मौके पर सम्पूर्ण महाविद्यालय परिसर को छात्र/ छात्राओं द्वारा तरह-तरह की हस्तनिर्मित कलाकृतियों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया है, और महाविद्यालय की खूबसूरती अद्भुत छटा बिखेर रही है। छात्र/छात्राओं द्वारा यूथ फेस्ट देखने आये हुये अतिथियों के लिए रूमी दरवाजे की तर्ज पर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है, और शहर के जायकों से रूबरू कराते हुये विभिन्न स्टॉल अतिथियों और बच्चों को अपनी खीच रहे थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुये महाविद्यालय के प्रबन्धक, सै0 अब्बास मुर्तज़ा शम्सी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाला यूथ फेस्ट छात्र/छात्राओं में छिपी हुयी प्रतिभा को बाहर निकालने का काम करता है। अवध की तहज़ीब पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान रखती है। इस तहजीब को दुनिया से रूबरू कराने का काम हमारे कालेज बच्चे कर रहें हैं। महाविद्यालय के प्रबन्ध-समिति के अध्यक्ष प्रो0 अज़ीज़ हैदर ने अपने सम्बोधन में छात्र/छात्राओं को अच्छा प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया और उनको अपनी शुभकामनायें दी। कल्चरल कमेटी की समन्वयक प्रो0 जर्रीन ज़ेहरा रिज़वी ने बताया कि विगत वर्षो की तरह इस वर्ष भी दो दिवसीय 'एक्सप्रेशन यूथ फेस्ट-2024' का आग़ाज हो गया है।

इस वर्ष लखनऊ विश्वविद्यालय समेत 20 संस्थानों के लगभग 200 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग हेतु पंजीकरण कराया है। कार्यक्रम में आज फोटोग्राफी, फेस पेन्टिंग, म्यूरल आर्ट, डिबेट, त्वरित सम्भाषण, फिल्म रिव्यू, मोनो एक्ट, कविता लेखन, स्लोगन राइटिंग, कैलीग्राफी, रंगोली, कोलॉज मेकिंग, एसयूपीडब्ल्यू प्रतियोगिताएं आयोजित की गई उन्होंने बताया कि कल दस्तकारी, गजल, मेंहदी, कविता लेखन, प्रोटरेट, बैतबाजी, पोस्टर मेंकिंग, सेल्फी कान्टेस्ट, लिबासे-ए-अवध, कार्ड मेकिंग और नुक्कड़ नाटक की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। दूसरी तरफ आज की शाम को किंग नसीरूद्दीन हैदर स्टेडियम में दास्तानगो हिमांशू बाजपेयी ने 'लखनऊवा किस्से' सुनाकर हमेशा के लिए यादगार बना दिया। शाम को विशेष कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सुगम और सूफियाना संगीत से हुयी जिसे वहाँ उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों में सौरभ गांगुली, नंदिनी चौरसिया, नीरज शर्मा, हुजैफा और आर्यन शामिल रहे। दास्तानगोई से पहले शिया कालेज मजलिस-ए-उलेमा के सेक्रेटरी मौलाना यासूब अब्बास ने हिमांशू बाजपेई को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने किस्सो में लखनऊ की गंगा-जमुनी तहज़ीब और नवाबियत के दौर के किस्से सुनाये। उन्होंने श्रोताओं को नवाबी दौर के रहन-सहन और लखनऊ में होने वाले खास पर्व व त्यौहारों को कैसे सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाता रहा है, के बारे में बताया

